** 
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 11 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 63, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 138 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार में जारी गिरावट पर विराम लगा और सेंसेक्स 138 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 46 अंक लाभ में रहा। } 10

## भारत-रूस द्विपक्षीय निवेश संधि के लिए वार्ता में ला रहे तेजी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और रूस नयी द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर बातचीत तेज कर रहे हैं। } 12



# आज से दिल्ली में दिग्गजों का जमावड़ा

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए शी, पुतिन सहित कई प्रमुख वैश्विक नेता आ रहे हैं भारत

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विश्व में बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच, भारत शनिवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का उपयोग आर्थिक विकास को गति देने के लिए कर रहा है। साथ ही, भारत ग्लोबल साउथ के विकास से जुड़ी मुख्य प्राथमिकताओं, विशेष रूप से खाद्य, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा की वकालत भी कर रहा है।




शिखर सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बीच, चीन ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भारत आने की पुष्टि कर दी है। सात साल के अंतराल के बाद यह भारत की उनकी पहली यात्रा होगी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और उनके इंडोनेशियाई समकक्ष प्रबोवो सुबियांतो उन प्रमुख नेताओं में शामिल हैं जो राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ग्लोबल साउथ की मुख्य विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिक्स (ब्रिक्स) समूह को एक अहम और पूरक मंच के तौर पर आगे बढ़ा रहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भारत सुरक्षित व सतत अंतरिक्ष क्षेत्र का करता है समर्थन : मोदी

### इसरो की प्रौद्योगिकी और साझेदारियां भारत सहित पूरी दुनिया के लिए उपयोगी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित सुरक्षित और सतत अंतरिक्ष क्षेत्र का समर्थन करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक आंकड़ों का उपयोग ईमानदारी के साथ एक साझा लक्ष्य की पूर्ति के लिए होना चाहिए। पेरिस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की प्रौद्योगिकी और साझेदारियां न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए उपयोगी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सदियों से अंतरिक्ष ने लोगों की कल्पनाओं को प्रेरित किया है और अब यह पृथ्वी पर जलवायु तथा फसलों से लेकर महासागरों एवं समुदायों तक को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा अंतरिक्ष की संभावनाएं असीमित हैं और हमारी जिम्मेदारी सामूहिक है। जैसे-जैसे कक्षाएं (ऑर्बिट) अधिक भीड़भाड़ वाली होती जा रही हैं, प्रौद्योगिकियां अधिक शक्तिशाली हो रही हैं और भागीदारों की संख्या बढ़ रही है, हमें अपने विकल्प स्पष्ट रखने होंगे - टकराव के बजाय सहयोग, अल्पकालिक लाभ के बजाय स्थिरता



और बहिष्कार के बजाय समावेशन। प्रधानमंत्री ने कहा हम अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित सुरक्षित और सतत अंतरिक्ष क्षेत्र का समर्थन करते हैं। वैज्ञानिक आंकड़ों का उपयोग ईमानदारी के साथ एक साझा लक्ष्य की पूर्ति के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा इसी सोच को दर्शाती है और इस यात्रा के केंद्र में मौजूद इसरो ने अपनी उत्कृष्टता और कम लागत वाले अभियानों के लिए दुनियाभर में प्रशंसा हासिल की है। उन्होंने कहा कि इसरो के अभियान किसानों और मछुआरों, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन और नेविगेशन के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो रहे हैं। मोदी ने कहा चौंतीस देशों के 430 से अधिक उपग्रह भारतीय रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष भेजे जा चुके हैं। इसरो की प्रौद्योगिकियां और साझेदारियां न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा कर रही हैं। मोदी ने कहा दुनिया के इस भरोसे के पीछे भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियर और तकनीशियन की कई पीढ़ियों की लगन और कड़ी मेहनत है। दिन-रात काम करते हुए उन्होंने इसरो की प्रतिष्ठा स्थापित की है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया और आदित्य-एल1 सूर्य के रहस्यों को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दौरा किया। मोदी ने कहा आगे बढ़ते हुए हमारा लक्ष्य 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना और 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजना है। इन सभी प्रयासों में हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत स्पष्ट रहा है - ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### आज बैंक कर्मियों की देशव्यापी हड़ताल

नयी दिल्ली। बैंक कर्मचारी संगठनों ने पांच दिन का कार्यदिवस लागू करने समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नकदी निकासी और जमा समेत अन्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल के कारण देश के कई हिस्सों में बैंकिंग सेवाएं चार दिन तक प्रभावित रह सकती हैं। 11 सितंबर को शुक्रवार है और इसके बाद के दो दिन बैंकों में अवकाश हैं। कुछ राज्यों में 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के कारण अवकाश रहेगा। इस बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के ज्यादातर बैंकों ने अपने ग्राहकों को हड़ताल के कारण कामकाज पर संभावित असर की जानकारी दी है। भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों को जारी सूचना में कहा, हमने हड़ताल के दिन शाखाओं और कार्यालयों का सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन हड़ताल के कारण बैंक का कामकाज प्रभावित होने की आशंका है।

### ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर दो मजदूरों की मौत

हरदोई (उप्र)। हरदोई जिले के पाली थानाक्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार दोपहर ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली सवार दो मजदूरों की मौत हो गई एवं ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पाली कस्बे के मोहल्ला काजी सराय के ये मजदूर ट्रैक्टर-ट्राली में ईंट लादकर शाहजहांपुर के जलालाबाद गए थे तथा वापस लौटते समय गंगा एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार दो मजदूर और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार तीनों को सवायजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया।

# यूपी में 17 सितम्बर से सेवा संकल्प अभियान

### पीएम मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने पर जोर



**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के साथ विकसित भारत 2047 के संकल्प को जनसंकल्प बनाने पर जोर रहेगा। अभियान में प्रदेश के 4.19 करोड़ परिवारों और 15.74 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ने की तैयारी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल की मौजूदगी में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सांसदों, जिला पंचायत अध्यक्षों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, महापौरों, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के साथ वर्चुअल बैठक कर अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जनपदों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वतंत्रता आंदोलन में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की थी अहम भूमिका

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के पूर्व गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्र निर्माण और उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान का उल्लेख करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी की पावन जयंती है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेश की जनता की ओर से वह पंत जी की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत महान अधिवक्ता होने के साथ-साथ प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वर्ष 1925 में काकोरी ट्रेन एक्शन के बाद ब्रिटिश हुकूमत ने क्रांतिकारियों के खिलाफ जो अभियोग दर्ज किया था, उसके खिलाफ क्रांतिकारियों की पैरवी मजबूती के साथ करने वाले महान नेताओं में पंडित गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख



थे। उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 1937 में पंत जी को यूपी के प्रीमियर के रूप में चुना गया, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में तीन कंपनियां लगायेंगी एल्युमिनियम पैकेजिंग का नया हब

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब एल्युमिनियम बेवरेज कैन और एडवांस पैकेजिंग मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इन्वेस्टर आउटरीच और औद्योगिक नीतियों के बीच दुनिया की तीन प्रमुख पैकेजिंग कंपनियां बॉल कॉर्पोरेशन, क्राउन होल्डिंग्स और कैनपैक प्रदेश में कुल 6,566 करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी में हैं।

मेरठ और उन्नाव में प्रस्तावित इन परियोजनाओं से न केवल अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां स्थापित होंगी, बल्कि बेवरेज, एफएमसीजी, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और एंसिलरी इंडस्ट्री का भी विस्तार होगा। इसी सिलसिले में गुरुवार को क्राउन होल्डिंग्स और बॉल कॉर्पोरेशन के शीर्ष अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में क्राउन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी डाल्मा नोवेस, बेवरेज कैन यूरोप-मध्य पूर्व एवं अफ्रीका के अध्यक्ष मार्क केचेसन तथा बॉल कॉर्पोरेशन के सीईओ रॉन लुईस समेत अन्य वरिष्ठ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल में सुरक्षा उपाय पर केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने और 18 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे के साथ किसी भी ऐसे मंच को अनुबंध करने से रोकने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा कानून एवं न्याय मंत्रालयों से बृहस्पतिवार को जवाब मांगा।



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने गैर-सरकारी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस की ओर से दायर याचिका पर दोनों मंत्रालयों को नोटिस जारी किए। एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एच.एस. फुल्का की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा भारत में कुछ सुरक्षा उपायों की जरूरत है। याचिका में केंद्र को उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि सोशल मीडिया मध्यस्थों समेत डिजिटल मंचों को सूचित किया जा सके कि 18 वर्ष से कम उम्र के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना सुदृढ़ करती है सिख परंपरा

### पंजाबी समाज की पहचान आर्थिक प्रगति से अधिक व्यापक : नितिन

**प्रमुख संवाददाता**

रुद्रपुर (उत्तराखंड)। ऊधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर में गुरुवार को पंजाबी गौरव सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में समाज की गौरवशाली परंपराओं और देश के प्रति उसके योगदान को रेखांकित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पंजाबी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से कहीं व्यापक है। परिश्रम, त्याग, दृढ़ संकल्प, साहस और मानव सेवा की भावना ने समाज को विशिष्ट पहचान दी है। उन्होंने कहा कि पंजाबी गौरव सम्मेलन ऐसे मूल्यों और परंपराओं ...शेष पृष्ठ 10 पर





## जालौन व बहराइच के जिलाधिकारी बदले

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। शासन ने गुरुवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसमें जालौन और बहराइच के जिलाधिकारी भी बदले गए हैं। शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को बहराइच का नया डीएम बनाया गया है।

**❍ एलडीए के सचिव बने एसपी सिंह, छह पीसीएस ट्रांसफर**

वहीं विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा प्रबंध निदेशक, यूपी डेस्को समीर को जालौन का डीएम नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में झांसी की नगर आयुक्त आकांक्षा राना को विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा प्रबंध निदेशक, यूपी डेस्को की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी बी. सूदन को नगर आयुक्त झांसी बनाया गया है। वहीं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव पंकज वर्मा को मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी के पद पर तैनात किया गया है। शासन के इस फेरबदल के साथ पांचों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

शासन ने छह पीसीएस अफसरों के भी ट्रांसफर कर दिए इनमें प्रमुख रूप से कुल सचिव भातखण्डे विश्वविद्यालय व अपर निदेशक संस्कृति विभाग सुशील प्रताप सिंह का ट्रांसफर एलडीए ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 30.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

❍ राशन नहीं पहुंचा, ठेकेदार पर होगी एफआईआर (पृष्ठ-02)
❍ यूपी में 157 घंटे चलेगा अनवरत स्वच्छता अभियान (पृष्ठ-02)
❍ आधार को वैश्विक स्तर पर ले जाने पर काम जारी (पृष्ठ-10)
❍ बिहार में बिजली की मांग 9.5 गीगावाट तक पहुंची (पृष्ठ-10)
❍ वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव चढ़ा (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** बाबा की आध्यात्मिक विरासत को देश-विदेश के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने की योगी सरकार की बड़ी पहल

# बाबा नीब करोली की जन्मभूमि से महासमाधि स्थल तक बनेगा आध्यात्मिक सर्किट

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। संत नीब करोली बाबा की आध्यात्मिक विरासत को देश-दुनिया के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बाबा के जीवन और साधना से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़कर नीब करोली बाबा सर्किट विकसित किया जा रहा है। महासमाधि दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं के लिए पांच विशेष टूर पैकेज भी शुरू किए हैं। इनका संचालन पर्यटकों की मांग के अनुसार दिल्ली और लखनऊ से किया जाएगा।

बाबा से जुड़े पर्यटन स्थलों के विकास पर फिरोजाबाद और फरुर्खाबाद में करीब 12.93 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य इन स्थलों को केवल धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि व्यवस्थित



आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। फिरोजाबाद का अकबरपुर गांव बाबा नीब करोरी की जन्मस्थली के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना के पहले चरण में पर्यटन सुविधाओं पर 8.65 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। दूसरे चरण की 2.22 करोड़ रुपये की परियोजना का 60 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा अकबरपुर में 55.44 लाख रुपये की ग्रामीण पर्यटन परियोजना भी जल्द शुरू होगी। यहां बहुद्देशीय सभागार, सांस्कृतिक ब्लॉक, बाबा के जीवन एवं आध्यात्मिक यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी हॉल, डाइनिंग हॉल, 50 लोगों की क्षमता वाली कैफेटेरिया, रसोई, शौचालय और करीब 60 लोगों के ठहरने के लिए डॉरमेट्री विकसित की जा रही है। दूसरे चरण में गार्ड रूम, सार्वजनिक सुविधाएं और पत्थर के रास्ते बनाए जाएंगे। ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत प्रवेश द्वार, साइनेज और म्यूरल वॉल जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। फरुर्खाबाद स्थित नीब करोरी आश्रम धाम मंदिर के विकास के लिए 1.51 करोड़ रुपये की परियोजना पूरी हो चुकी है। यहां यात्रियों के ठहरने के लिए ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चीन : मालवाहक जहाज में लगी आग, 25 की मौत

**एजेंसी**

बीजिंग। चीन के पूर्वी बंदरगाह शहर किंगदाओ में मरम्मत के लिए लाए गए विदेशी झंडे वाले एक मालवाहक जहाज में बृहस्पतिवार को आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य बुरी तरह झुलस गए। अग्निशमन एवं बचाव ब्यूरो के मुताबिक, जहाज में आग पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे उस समय लगी, जब चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन की किंगदाओ बेहाई शिपबिल्डिंग कंपनी लिमिटेड में उसकी मरम्मत की जा रही थी। खबर के अनुसार, घटना के समय में जहाज में कुल 42 लोग सवार थे। खबर में कहा गया है कि जिन 25 लोगों के लापता होने की सूचना थी, बचावकर्मियों ने उन सभी का पता लगा लिया, लेकिन उनमें से किसी को भी बचाया नहीं जा सका।

**❍ 12 को सुरक्षित निकाला पांच की हालत गंभीर**

अधिकारियों ने बताया कि विदेशी मालवाहक जहाज में आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। उन्होंने बताया कि 12 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि बुरी तरह झुलसे पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की खबर के मुताबिक, राष्ट्रपति शी ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# बीडीडीयू में डब्ल्यूडीआरए का आउटरीच और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय,लखनऊ के कृषि विज्ञान संकाय (स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज) द्वारा वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के सहयोग से ई-एनडब्ल्यूआर इकोसिस्टम एवं डब्ल्यूडीआरए के अंतर्गत वेयरहाउस/गोदाम पंजीकरण विषय पर एक दिवसीय आउटरीच एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों, व्यापारियों, वेयरहाउस संचालकों, बैंकर्स, कोल्ड स्टोरेज संचालकों, विद्यार्थियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों को ई-नेगोशिएबल वेयरहाउस रिसीट इकोसिस्टम तथा डब्ल्यूडीआरए के अंतर्गत वेयरहाउस पंजीकरण की प्रक्रिया, उपयोगिता एवं लाभों के प्रति जागरूक करना था।

यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक भंडारण, फसल कटाई के बाद प्रबंधन, डिजिटल वेयरहाउस रसीद, कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण तथा संस्थागत ऋण की सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि ई-एनडब्ल्यूआर व्यवस्था किसानों को अपनी कृषि उपज को वैज्ञानिक एवं सुरक्षित वेयरहाउस में रखकर उसके आधार पर वित्तीय सुविधा प्राप्त करने में सहायता कर सकती है। वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी एवं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के विशेषज्ञों ने डब्ल्यूडीआरए के अंतर्गत वेयरहाउस/गोदाम के पंजीकरण, नियामक व्यवस्था, ई-एनडब्ल्यूआर जारी करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न हितधारकों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से अपने व्यावहारिक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष ने कहा कि कृषि उत्पादन के साथ-साथ उचित भंडारण, बेहतर विपणन व्यवस्था, फसलोत्तर प्रबंधन एवं संस्थागत वित्त तक पहुंच किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ई-एनडब्ल्यूआर एवं विनियमित वेयरहाउसिंग व्यवस्था किसानों और कृषि बाजार के बीच एक प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य कर सकती है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों को कृषि आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल वेयरहाउसिंग एवं आधुनिक कृषि विपणन व्यवस्था के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. एस के श्रीवास्तव एवं प्रो वाइस चांसलर डॉ. एस सी शर्मा के दिशा निर्देशन एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के शिक्षकों एवं आयोजन समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आयोजकों ने वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी, भारत सरकार के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों, किसानों, बैंकर्स, व्यापारियों, वेयरहाउस एवं कोल्ड स्टोरेज संचालकों, विद्यार्थियों तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से उत्तर प्रदेश में पारदर्शी, आधुनिक, तकनीक-सक्षम एवं किसान-केंद्रित कृषि भंडारण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी।

# बच्चों के हक का राशन नहीं पहुंचा ठेकेदार पर होगी एफआईआर

## लापरवाह फर्म होगी ब्लैक लिस्ट, निगरानी में चूक पर अधिकारी नपेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

- सीतापुर में मिड-डे मील की खाद्यान्न आपूर्ति में लापरवाही पर योगी सरकार सख्त



**लखनऊ।** सीतापुर में स्कूली बच्चों के मिड-डे मील के राशन की आपूर्ति में लापरवाही सामने आने पर योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के तहत मिड-डे मील का खाद्यान्न संबंधित उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) तक नहीं पहुंचाए जाने के मामले में खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने परिवहन ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

मंत्री ने जिलाधिकारी सीतापुर को पूरे मामले में नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी खाद्यान्न की आपूर्ति में किसी भी स्तर की लापरवाही अथवा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मामले में कार्रवाई सिर्फ परिवहन ठेकेदार तक सीमित नहीं रहेगी। खाद्यान्न की आपूर्ति और निगरानी व्यवस्था में पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के स्तर पर चूक करने वाले अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिया है कि जांच के दौरान जिस भी स्तर पर लापरवाही सामने आए, संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इससे विभागीय निगरानी व्यवस्था में जवाबदेही तय करने का स्पष्ट संदेश गया है। सरकार ने सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था की निगरानी को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारियों से कहा गया है कि खाद्यान्न वितरण की नियमित निगरानी और अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो। सरकार का जोर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाने पर है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक निर्बाध रूप से पहुंच सके।

खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप भ्रष्टाचार, लापरवाही और सरकारी खाद्यान्न वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता और बच्चों के हक के राशन से खिलवाड़ गंभीर मामला है। निर्धारित स्थान तक खाद्यान्न समय से पहुंचाना संबंधित एजेंसी और अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें लापरवाही करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने वालों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# यूपी में 157 घंटे चलेगा अनवरत स्वच्छता अभियान

- 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में होंगे विशेष कार्यक्रम
- मोदी के जन्मदिवस, पं0 दीनदयाल व गांधी जयंती पर होंगे आयोजन

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक और बड़ी पहल करने जा रही है। इसके तहत प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार अपनी ओर से भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कुल 157 घंटे का अनवरत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान नगर स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक व्यापक साफ-सफाई, स्वच्छता और जनजागरूकता के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे स्वच्छता सरकारी प्रयास तक सीमित न रहकर जनआंदोलन का रूप ले सके। नगर विकास मंत्री ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को भी विशेष रूप से मनाया जाएगा। 17 अक्टूबर को पूरे सेवा संकल्प अभियान का समापन होगा। मंत्री शर्मा ने बताया कि 1 अक्टूबर को एक घंटे का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें नगर विकास विभाग के साथ प्रदेश के सभी विभागों, स्कूल-कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सभी विभाग और संस्थान अपने परिसरों तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना को लेकर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में सभी राज्यों के नगर विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित हुई।

# यात्रियों को सुरक्षित व सुलभ सेवा प्रदान किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य : मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक व वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 प्रख्यापित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये जाने के लिए पर अब तक कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से 4 आवेदकों के आवेदन प्रपत्र पूर्ण पाये गये। जिन्हें एग्रीगेटर के लिए लाइसेंस स्वीकृत करने का निर्णय परिवहन विभाग द्वारा लिया गया। परिवहन मंत्री ने बताया कि एम/एस ग्रीन एस एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लाइसेंस निर्गत किये जाने के लिए निर्धारित फीस 5 लाख तथा बैंक गारण्टी 25 लाख जमा कर दिये जाने की स्थिति में उक्त कंपनी को उत्तर प्रदेश में एग्रीगेटर के लिए प्रथम लाइसेंस निर्गत किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के साथ-साथ रोजगार के नये अवसर प्रदान होंगे। इसका मूल उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, इकोनॉमिक एवं सुलभ सेवा प्रदान किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के साथ-साथ किसी उत्पाद, कोरियर या पैकेज या पार्सल करने के लिए चालक को विक्रेता, ई-कामर्स इकाई या प्रेषक से जोड़ने के लिए डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म से जोड़ने की सुविधा प्रदान किया जाना है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि इसमें निहित मुख्य विशेषताओं में वाहन जनित वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए विशेष रूप से एनसीआर के क्षेत्र में संचालित वाहनों पर पोर्टल के माध्यम से सतत निगरानी की व्यवस्था विकसित किया जाना। एग्रीगेटर की फ्लीट मे ट्रांजिशन टू इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना।

यात्रियों की सुरक्षा तथा विशेष रूप से बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने के लिए लाइव ट्रैकिंग की व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक ऑनबोर्डेड ड्राइवर चरित्र सत्यापन तथा साइकोलॉजिकल परीक्षण के साथ-साथ समय-समय पर रिफ्रेशर ट्रेनिंग की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा यात्रियों की समस्याओं के निदान के लिए प्रत्येक एग्रीगेटर द्वारा जीआरओ की नियुक्ति की व्यवस्था करना, प्रत्येक यात्रियों के लिए इंश्योरेन्स की व्यवस्था। प्रत्येक चालकों के वेलफेयर के लिए 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस एवं 10 लाख के टर्म इंश्योरेंस की व्यवस्था एग्रीगेटर द्वारा किया जाना शामिल है।

# सपा सरकार में आउटसोर्सिंग व्यवस्था होगी खत्म, मिलेगी पक्की नौकरी : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार से हर वर्ग नाराज हैं। इस सरकार ने दस साल में कुछ नहीं किया। हर वर्ग दुखी और नाराज है। चुनाव सामने देख भाजपा घबराई हुई है। भाजपा सरकार ने दस साल तक शोषण किया। सरकार अपने अंतिम समय में आंगनबाड़ी से लेकर अन्य सेवाओं से जुड़े लोगों के मानदेय बढ़ाने की घोषणा कर रही है।



दस साल में क्यों नहीं किया, सभी लोग समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म होगी और पक्की नौकरी मिलेगी। यह विधानसभा चुनाव पहला ऐसा चुनाव होगा जिसकी घोषणा होते ही भाजपा हार मान लेगी। चुनाव की तारीख आते ही जनता अपना फैसला बता देगी। मुख्यमंत्री और सरकार चाहे जितना पैसा खर्च कर रहे। चाहे जितना अपना पॉलिटिकल मेकअप करा ले जनता इन्हें हटा देगी। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बढ़ती जा रही है।

जीडीपी शून्य हो गयी है। जब जीडीपी जीरो हो जाएगी तो लोगों को नौकरी, रोजगार कहां से मिलेगा। सरकार विकसित भारत के झूठे सपने दिखा रही है। सरकार एक तरफ जीडीपी और निवेश के दावे करती है। वहीं, दूसरी तरह लोगों के पास दवा, इलाज के पैसे नहीं है। झांसी में एक व्यक्ति पैसे के अभाव में अपनी पत्नी का इलाज नहीं करा पाया। एम्बुलेंस नहीं मिली। हालत यह हुई कि महिला की मौत के बाद व्यक्ति को अपनी पत्नी की लाश बेतवा नदी में बहा देनी पड़ी। यही भाजपा सरकार की दस साल की उपलब्धि है। झांसी की घटना भाजपा सरकार की जीडीपी की पोल खोल रही है। सरकार जीडीपी 7.2 और 7.4 का दावा कर रही है लेकिन गरीब अपनी पत्नी का लाश का अंतिम संस्कार नहीं कर पा रहा है। जीडीपी के सरकारी आकड़े भाजपा के मित्रों को बड़े-बड़े कारोबार कराने के लिए आ रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष खासतौर पर सपा की छवि खराब करने, चरित्र के साथ खिलवाड़ के लिए जिस तरह सत्ता का दुरुपयोग कर रही है उसके लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। अब बात खुल गयी है कि छवि खराब करने और नकारात्मकता फैलाने के लिए भाजपा हजारों करोड़ रुपये सरकारी बजट का प्रयोग कर रही है। इतना नकारात्मक प्रचार कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग में महिला के शोषण को लेकर डीआई पर जो आरोप लगा है। उस पूरे मामले में महिला आयोग को स्वतः संज्ञान ले। जांच कर कार्रवाई करना चाहिए। इसके साथ ही डीआई और सूचना विभाग द्वारा विपक्ष के खिलाफ चलाए जा रहे नकारात्मक प्रचार के लिए हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी की सगी नहीं है। भाजपा सरकार में फर्जी एनकाउंटर में बहुत लोगों की जान गयी है, समय आने पर उसकी जांच होगी।

# गोबर-गोमूत्र से बनी खाद व पंचगव्य उत्पादों की होगी बिक्री

विशेष संवाददाता (vol)

- घायल गोवंश के लिए 247 एंबुलेंस का प्रस्ताव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में गोशालाओं को प्राकृतिक कृषि, जैविक उर्वरक, बायोगैस, पंचगव्य आधारित उत्पादों और ग्रामीण रोजगार से जोड़ने की दिशा में उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के संयुक्त सहयोग से कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में 25 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

पिकअप भवन में आयोजित बैठक में गो-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने गोवंश संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना में वर्तमान में एक से चार गोवंश सुपुर्द किए जाने की सीमा बढ़ाकर अधिकतम 10 गोवंश किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक संख्या में इच्छुक कृषक और पशुपालक गोवंश संरक्षण से जुड़ सकेंगे तथा योजना की पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा।

आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने विभिन्न मंडलों और जनपदों में गोवंशों की देखभाल और गोशाला प्रबंधन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता व जिम्मेदारी के साथ काम करने की अपेक्षा की। आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने सड़क दुर्घटनाओं अथवा अन्य कारणों से घायल गोवंशों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए 247 समर्पित एंबुलेंस सेवा शुरू करने का सुझाव दिया। इसके जरिए घायल गोवंशों को तत्काल निकटतम पशु चिकित्सालय या उपयुक्त चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाया जा सकेगा।

सदस्य दीपक गोयल ने गोशालाओं में मृत होने वाले गोवंशों के सम्मानजनक और व्यवस्थित निस्तारण के लिए स्थानीय परिस्थितियों व निर्धारित मानकों के अनुरूप समर्पित स्थल विकसित करने का सुझाव दिया। सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने गोशालाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की अपेक्षा की। कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के सुझावों पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता गोशालाओं को अधिक व्यवस्थित और आत्मनिर्भर बनाना है। किसानों के यहां वीबीजी-रामजी योजना के तहत पक्के कैटल शेड, यूरिन टैंक और नाद के निर्माण, बड़े गो संरक्षण केंद्रों और अस्थायी गो आश्रय स्थलों में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना तथा गोबर-गोमूत्र से जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत और अन्य कृषि उपयोगी उत्पाद तैयार कर उनके विपणन की व्यवस्था पर विचार हुआ।

कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने संबंधित विभागों को आयोग की ओर से प्रस्तुत विषयों पर आवश्यक समन्वय के साथ आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के डीजी डॉ. संजय सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# गंभीर धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की उठायी मांग



विशेष संवाददाता (vol)

- मंत्री डॉ. संजय निषाद ने विनोद निषाद की मौत पर पहुंचे केजीएमयू, पुलिस को दिया अल्टीमेटम

लखनऊ। निषाद समाज के विनोद निषाद की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। यह जानकारी मिलने पर केजीएमयू पहुंचे निषाद पार्टी अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने मामले की जानकारी ली और शोक संतृप्त परिवार को ढाढस बंधाया। साथ ही उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा की।

मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद समाज के क्रांतिकारी युवा साथी विनोद निषाद के साथ कल जिस प्रकार सामंतवादी मानसिकता रखने वाले लोगों द्वारा गोली एवं चाकुओं से जानलेवा हमला किया गया और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई, वह अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और हृदयविदारक घटना है। उन्होंने कहा कि मैं इस जघन्य घटना की कड़ी निंदा करता हूं और किसी भी कीमत पर इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं गोंडा पुलिस प्रशासन को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि आज रात तक सभी आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही परिजनों के बयान के मुताबिक थाना अध्यक्ष परसपुर एवं चौकी इंचार्ज शाहपुर समेत समस्त स्टाफ को बर्खास्त किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है, तो कल 11 सितम्बर को मैं पुलिस कप्तान गोंडा के आवास और कार्यालय का घेराव करने के लिए स्वयं गोंडा पहुंचूगा। विनोद निषाद को न्याय दिलाने के लिए हम हर लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# बुंदेलखंड में अब जितना पानी, उतनी खेती खेतों तक पहुंचेगी इजराइली तकनीक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पानी की कमी से जूझते बुंदेलखंड में अब खेती का गणित उपलब्ध पानी के हिसाब से तय करने की तैयारी है। योगी सरकार का इंडिया-इजराइल बुंदेलखंड वाटर प्रोजेक्ट अब केवल तालाब, जलाशय और सिंचाई ढांचा तैयार करने तक सीमित नहीं रहेगा। झांसी के गंगावली में चल रहे मिनी पायलट प्रोजेक्ट के जरिए यह परखा जा रहा है कि कम पानी में अधिक और बेहतर कृषि उत्पादन कैसे हासिल किया जा सकता है। सफल तकनीकों को बाद में किसानों के अपने खेतों तक पहुंचाया जाएगा।

परियोजना के अगले चरण में ड्रिप, स्प्रिंकलर, ऑटोमेटेड इरिगेशन, सोलर पंपिंग, वाटर बजटिंग और संरक्षित खेती जैसी तकनीकों का स्थानीय परिस्थितियों में परीक्षण किया जाएगा। परियोजना में पानी की उपलब्धता, सिंचाई दक्षता, फसल उत्पादन, खेती की लागत और जल उत्पादकता जैसे मानकों के आधार पर परिणामों का आकलन करने की तैयारी है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव तथा निदेशक, भूगर्भ जल विभाग डॉ. राजेश कुमार प्रजापति के अनुसार परियोजना में जितना पानी उपलब्ध, उसी के अनुरूप खेती की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाएगा। पांड वाटर बजटिंग के जरिए तालाब में उपलब्ध उपयोगी पानी का आकलन किया जाएगा। इसी आधार पर फसल क्षेत्र निर्धारित करने और गर्मी की फसलों के लिए पानी की सीमा तय करने का प्रस्ताव है। इस व्यवस्था का उद्देश्य अनियंत्रित सिंचाई और जरूरत से अधिक भूजल दोहन को रोकते हुए उपलब्ध जल का अधिकतम उत्पादक इस्तेमाल करना है। यानी किसान पहले यह जानेंगे कि उनके पास कितना पानी है और उसके बाद उसी के अनुरूप फसल की योजना तैयार होगी।

# विपक्ष को सत्य और तथ्य के आधार पर देना होगा जवाब

## धर्मपाल सिंह ने कहा, बूथ तक के कार्यकर्ता को डिजिटली सशक्त किया जाये

विशेष संवाददाता (vol)




- भाजपा सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष ने दी नसीहत

**लखनऊ।** भाजपा सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश कार्यशाला गुरूवार को प्रदेश पार्टी मुख्यालय में संपन्न हुई। कार्यशाला में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संगठन की प्रभावी उपस्थिति, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे नकारात्मक एवं भ्रामक नैरैटिव के तथ्यात्मक प्रतिकार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के, राष्ट्रीय सह संयोजक शिवानंद द्विवेदी और प्रदेश संयोजक हिमांशु राज पंडित की उपस्थिति में आयोजित प्रदेश कार्यशाला में सोशल मीडिया विभाग के क्षेत्रीय संयोजक व सहसंयोजक व जिला संयोजक उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि हमें नैरेटिव फालोअर नहीं बल्कि नैरेटिव सेटर बनना है। विपक्ष झूठ, फरेब और अफवाहों के माध्यम से नकारात्मक वातावरण बनाने का काम करता है, उसका प्रभावी जबाब सत्य और तथ्य के आधार पर देना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार बूथ पर और हर घर तक हमारी सशक्त उपस्थिति से हम पार्टी की विचारधारा, पार्टी के कार्यक्रम व अभियान तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ पहुंचेगे, उसी सजगता और प्रतिबद्धता के साथ सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफार्म पर संगठन को सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास झूठ, भ्रम और अफवाहों का एजेंडा है, जबकि भाजपा के पास लोकप्रिय एवं दूरदर्शी नेतृत्व, लोककल्याणकारी योजनाएं और लोकमंगल की भावना से प्रेरित विचारधारा है। कार्यकर्ताओं को इन उपलब्धियों और विचारों को प्रभावी ढंग से समाज के सामने रखना होगा।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया वारियर्स को मुस्तैदी से विपक्ष के झूठे नैरेटिव को बेनकाब करना होगा। उन्होंने कहा कि बूथ तक के कार्यकर्ता को डिजिटली सशक्त किया जाय। विपक्ष के झूठे एवं नकारात्मक दुष्प्रचार का तथ्यात्मक, तर्कपूर्ण और समय से जबाब देने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया जाय। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों को निरन्तर जनसंवाद और संगठनात्मक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाइए। सोशल मीडिया केवल संदेश प्रसारित करने का माध्यम नहीं है बल्कि जनता से निरंतर संवाद का महत्वपूर्ण मंच है।

# यूपीएसडीएम के कौशल प्रमाणपत्र अब डिजीलॉकर पर, ऑनलाइन होगा सत्यापन

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ आधुनिक और तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को अब अपने कौशल प्रमाणपत्र के लिए कागजी दस्तावेजों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मिशन ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) और डिजीलॉकर की व्यवस्था से अपना एकीकरण पूरा कर लिया है। अब प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उनके कौशल प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में उपलब्ध हो सकेंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत प्रमाणपत्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रखा जाएगा। अभ्यर्थी अपने डिजीलॉकर अकाउंट के जरिए इन्हें कभी भी देख, डाउनलोड और जरूरत के अनुसार साझा कर सकेंगे। इससे प्रमाणपत्र के खोने, खराब होने या उसके रखरखाव की समस्या नहीं रहेगी। इस पूरी प्रक्रिया को नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन और डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के सहयोग से पूरा किया गया है। इसके लिए संस्थागत पंजीकरण, डिजिटल प्रमाणपत्र की व्यवस्था, प्रमाणपत्रों के प्रारूप तैयार करने और अभ्यर्थियों के पुराने रिकॉर्ड को डिजिटल करने का काम पूरा किया जा चुका है। अब कंपनियों और एम्प्लायर्स के लिए अभ्यर्थियों के दावों और प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता जांचना आसान हो जाएगा।

संक्षेप

## दुर्घटना में घायल महिला की मौत, मचा कोहराम



लालगंज, प्रतापगढ़। ट्रक की टक्कर से महिला की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गयी। जबकि दुर्घटना में घायल अन्य दो का अस्पताल में इलाज चल रहा है। लीलापुर थाना के गिरधर सहाय निवासी गौतम (28) पुत्र शिव दर्शन गुरुवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपनी मां कमला (60) तथा बहन देवकी (32) को बाइक से लेकर रसूली बाजार इलाज कराने निकला था। ओरीपुर मोड़ पर अचानक पीछे से आ रहे तेज गति के ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देख कमला तथा उसके बेटे गौतम को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान वहां कमला की सांसे थम गयी। जबकि घायल उसके बेटे गौतम का इलाज जारी है। दुर्घटना में कमला की मौत की सूचना पर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया।

## आकाशीय बिजली से युवक की मौत



लालगंज, प्रतापगढ़। आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना के वीरशाहपुर निवासी सदुरू (20) पुत्र स्व. रामदीन वर्मा गुरुवार को दोपहर लगभग तीन बजे बाग में मवेशी चरा रहा था। अचानक आकाशीय बिजली युवक के ऊपर आ गिरी। इससे युवक गम्भीर रूप से झुलस गया। जानकारी होने पर परिजन आनन फानन में झुलसे युवक को लेकर सांगीपुर सीएचसी पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। युवक की मौत को लेकर ग्रामीण भी नियति को कोसते दिखे। मृतक युवक पन्द्रह दिन पूर्व पिता की मौत होने पर क्रिया-कर्म को लेकर मुम्बई से घर आया था। घटना के दिन ही उसे वापस मुम्बई लौटना था। हालांकि तत्काल टिकट कन्फर्म न होने के कारण वह गुरुवार को मवेशी चराने बाग में चला गया। मृतक मुम्बई में कारोबारी किया करता था। सूचना पर सांगीपुर पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया।

## मारपीट और गाली-गलौज के मामले में तीन दोषियों को सजा

श्रावस्ती। ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते मारपीट और गाली-गलौज के मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को सजा सुनाई है। थाना सिरसिया में वर्ष 2018 में दर्ज मुकदमा संख्या 143/2018 में धारा 323 और 504 के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त राधेश्याम उर्फ मदारी पुत्र बाबादीन तथा दो अन्य के खिलाफ वादिनी के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप था। सुनवाई के दौरान अपराध सिद्ध होने पर न्यायालय ने तीनों को दोषी माना। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह और संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की प्रभावी पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप 9 सितंबर 2026 को न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार साहनी ने तीनों अभियुक्तों को न्यायालय उठने तक के कारावास और प्रत्येक पर एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## अधिवक्ताओं का जत्था हुआ रवाना

लालगंज, प्रतापगढ़। कानपुर में आज शुक्रवार से होने वाले दो दिवसीय अधिवक्ताओं के प्रान्तीय सम्मेलन को लेकर गुरुवार की शाम यहां से अधिवक्ताओं का जत्था कानपुर के लिए रवाना हुआ। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी की अगुवाई में वकील अधिवेशन में शामिल होंगे।

# कालाबाजारी पर हुई सख्त कार्रवाई

## कोटेदार रियाजउद्दीन के विरुद्ध इसी एक्ट में एफआईआर दर्ज

- 35.82 कुंतल गेहूं, 67.54 कुंतल चावल व 54 किलो चीनी की कालाबाजारी का मामला

जिला संवाददाता



**बांसी, सिद्धार्थनगर।** सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी और वितरण व्यवस्था में अनियमितता करने वाले उचित दर विक्रेताओं के खिलाफ बांसी तहसील के पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र द्विवेदी ने सख्त रुख अपना लिया है। उनकी कार्रवाई से सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वाले कोटेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में बांसी नगर पालिका क्षेत्र के उचित दर विक्रेता रियाजउद्दीन के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम इसी एक्ट) के तहत बांसी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र द्विवेदी के अनुसार, रियाजउद्दीन उचित दर विक्रेता के विरुद्ध वितरण प्रणाली से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रत्नेश मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र द्विवेदी तथा वरिष्ठ लिपिक अभिषेक पांडेय की टीम ने मौके पर स्थलीय निरीक्षण, जांच एवं सत्यापन किया। जांच के दौरान उचित दर विक्रेता के यहां सरकारी खाद्यान्न के स्टॉक में गंभीर अनियमितता सामने आई। सत्यापन में 35.82 कुंतल गेहूं, 67.54 कुंतल चावल और 54 किलो चीनी की कालाबाजारी से संबंधित मामला पाया गया। दोष सिद्ध होने की स्थिति में विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए रियाजउद्दीन के विरुद्ध बांसी कोतवाली में एसएक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करा दी। स्टॉक में गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई तय पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि उचित दर विक्रेता की दुकान अथवा गोदाम में नियमानुसार निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का स्टॉक होना अनिवार्य है। जांच एवं सत्यापन के दौरान यदि स्टॉक कम या अधिक पाया जाता है तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सरकारी खाद्यान्न गरीब और पात्र लाभार्थियों के लिए है। उचित दर विक्रेताओं की जिम्मेदारी है कि पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार पूरा खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। यदि जांच में किसी कोटेदार को खाद्यान्न की कालाबाजारी अथवा वितरण व्यवस्था में अनियमितता का दोषी पाया जाता है तो उसका अनुबंध निलंबित करने के साथ ही एसएक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। पूर्ति विभाग की इस कार्रवाई में वरिष्ठ लिपिक अभिषेक पांडेय के योगदान की भी सराहना की गई। स्थलीय निरीक्षण, जांच एवं सत्यापन की कार्रवाई में उनके सहयोग को महत्वपूर्ण बताया गया। पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र द्विवेदी द्वारा सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी के खिलाफ अपनाए गए सख्त रवैये से जहां पात्र लाभार्थियों में कार्रवाई को लेकर भरोसा बढ़ा है, वहीं अनियमितता करने वाले उचित दर विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति है। विभागीय अधिकारियों का स्पष्ट संदेश है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी और गरीबों के हक के खाद्यान्न की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्कूल बस की चपेट में आने से महिला की मौत

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के शिवपुर बिंटोलिया निवासी 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक स्थानीय थाना क्षेत्र के शिवपुर बिन्द टोलिया निवासी माधुरी देवी पत्नी स्व0 हीरा बिन्द दिन के ढाई बजे गांव के बगल स्थित चकदहा टोला स्थित सरकारी राशन की दुकान से राशन लेकर वापस आ रही थी। अचानक स्कूल बस की चपेट में आ गयी। और गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस ड्राइवर और कंडेक्टर ने महिला को तुरंत उठाकर बस में लाद लिया और ले जाने लगे। बिंटोलिया गांव के पास लगभग दो फ़र्लांग प ? पहुंचते ही गांव के लोगों ने बस को घेर लिया। ड्राइवर और कंडेक्टर भीड़ का फायदा उठाकर बस छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना प ? पहुंची सूचना पर पहुंची चौरीचौरा पुलिस ने घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा ले गयी। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा शव को कब्जे मे ले लिया ग्रामीणों के अनुसार महिला का पति हीरा बिन्द की भी लगभग 15 साल पहले चंडीगढ़ में ट्रक की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी थी।

## नाले में समाये युवक का दूसरे दिन शव हुआ बरामद, कोहराम



लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर के झलिहा घाट पर बुधवार को दोपहर बाद लगभग पचीस घंटे के अन्तराल में छोइया नाले में नहाते समय समाये किशोर का शव गुरुवार को दूसरे दिन घाट से लगभग पांच सौ मीटर दूर बरामद हुआ। शव मिलने से रेस्क्यू अभियान में जुटे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राहत महसूस की। वहीं शव मिलते ही मृतक किशोर के परिजन बदहवास हो उठे। मधुकरपुर झलिहा निवासी नीरज पटेल का दोस्त बनकटवा जेवई निवासी सत्यम सरोज (18) बुधवार को उसके गांव आया था। दोनों दोस्त दोपहर बाद नहाने के लिए छोइया नाले चले गये। वहां दोनों किशोर अचानक डूबने लगे। तभी वहां मौजूद गांव के पुत्ती लाल ने नीरज पटेल को किसी तरह बचा लिया। जबकि सत्यम गहरे पानी में समा गया। सूचना मिलने पर लालगंज एसडीएम वाचस्पति सिंह तथा कोतवाल आलोक कुमार भी मौके पर पहुंच गये। देर रात तक नाले में समाये सत्यम की तलाश में गोताखोर जुटे रहे। रात अधिक हो जाने पर तलाशी अभियान रोक दिया गया। गुरुवार की सुबह स्थानीय गोताखोर दोबारा नाले में समाये युवक की खोजबीन में जुट गये। दोपहर बाद दिन में लगभग तीन बजे घटना स्थल से लगभग पांच सौ मीटर दूर एक भट्ठे के समीप नाले में ही डूबे किशोर का शव अटका मिला। शव मिलते ही सत्यम के परिजन बदहवास हो उठे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर देर शाम पीएम के लिए भेजवाया।

## वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर रक्तदान



श्रावस्ती। वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस के अवसर पर यूनाइटेड इदरीशी फ्रंट के उपाध्यक्ष लाल मोहम्मद सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान के माध्यम से शहीद वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मानव सेवा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में लोगों ने वीर अब्दुल हमीद के अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डॉ. वीएन वर्मा, जितेन्द्र मिश्रा, प्रियंका, शुक्ला, सुरेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश मौर्या, राबिया बानो सहित ब्लड बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया तथा नियमित रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## सेवा संकल्प अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर, डीएम ने दिए तैयारियों के निर्देश



सिद्धार्थनगर, । सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाना तथा सेवा, सहभागिता और जनकल्याण की भावना को मजबूत करना है। 17 सितंबर को ह्यआशीर्वाद का दीयाह्व अभियान के तहत प्रमुख मंदिरों, घाटों, महत्वपूर्ण परियोजनाओं और लाभार्थियों के घरों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। डीएम ने विद्यालयों में भाषण व रंगोली प्रतियोगिताएं, युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम तथा 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। लाभार्थियों की सफलता की कहानियों पर शॉर्ट फिल्म व रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने तथा सभी ग्राम पंचायतों और वार्डों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्यक्रमों का सफल आयोजन और फोटो-वीडियो समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी डुमरियागंज नगर पंचायत के ईओ सचिन कुमार ईओ जय प्रकाश यादव ईओ अजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूएनओ द्वारा विश्व मानचित्र में त्रुटिपूर्ण नक्शा देश को अस्वीकार्य : प्रमोद तिवारी



लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रदर्शित विश्व के नये मानचित्र में भारत के अविभाज्य अंग अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख के अक्साईचिन को अलग से प्रदर्शित किये जाने को पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण कहा है। उन्होंने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश तथा अक्साई चिन भारत का मजबूत अंग है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत व चीन दावा रेखा के बीच यूएनओ द्वारा इन क्षेत्रों को अलग प्रदर्शित करना पूरी तरह से देश को अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि चीन लगातार देश की सम्प्रभुता को प्रभावित करने का विफल प्रयास किया करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मसले में खामोश रहने को लेकर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लगातार चीन के व्यापार को देश में बढ़ावा देना मोदी सरकार की कमजोरी का साफ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि देश के सामने यह अहम सवाल है कि प्रधानमंत्री अमेरिका और चीन के सामने राष्ट्रीय मसलों पर आखिर चुप क्यों रहते हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने भारत सरकार से यूएनओ को इस प्रदर्शित नक्शे पर फौरन कड़ा ऐतराज दर्ज कराने पर जोर दिया है। वहीं कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री के सत्ता में रहते पचीस साल की सेवा के जश्न को भी सवालों के घेरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की जनता को यह भी बताये कि इन पचीस वर्षों में किसान की उपज क्यों दोगुनी नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि वह देश को यह भी बतायें कि आखिर रुपया लगातार कमजोर क्यों पड़ता जा रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि दो करोड़ नौकरी का जुमला आखिर पचीस करोड़ नौकरी नौजवानों को कहा दे सका है। उन्होंने कहा कि जश्न में यह भी बताया जाना चाहिए कि काले धन की वापसी के साथ हर खाते में पन्द्रह लाख रुपए कहा है।

## किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की दी जानकारी

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर बुधवार को विकासखंड जमुनहा के सभागार में किसानों और ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दुबे, खंड विकास अधिकारी जमुनहा, योजना प्रभारी, योजना से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान ओम प्रकाश वर्मा, नईम खां, राम उजागर, चंद्र मोहन वर्मा सहित कई किसान और ग्राम प्रधान शामिल हुए। जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इससे खेती की लागत कम होने के साथ ही पानी, समय और श्रम की भी बचत होती है। उन्होंने योजना का लाभ ले रहे किसानों के उदाहरण देते हुए बताया कि आधुनिक सिंचाई व्यवस्था अपनाकर किसान अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। बैठक के दौरान कुछ किसानों ने योजना में रुचि दिखाते हुए अपने खेतों में इसे स्थापित कराने की सहमति भी दी। जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभाग किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक जानकारी और सहयोग उपलब्ध करा रहा है। बैठक के अंत में जिला उद्यान अधिकारी ने सभी किसानों, ग्राम प्रधानों और उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए, योजना प्रभारी मंजीत सिंह के मोबाइल नंबर 7388046768 पर संपर्क किया जा सकता है। कार्य दिवस में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# राम गंगा में समाया प्राचीन मंदिर

## किच्छा नदी बहा ले गयी पानी की टंकी

बरेली। जिले में रामगंगा नदी के हो रहे तेज कटान के चलते मीरगंज तहसील के कपूरपुर गांव में स्थित एक प्राचीन मंदिर नदी में समा गया। इसके अलावा शेरगढ़ विकास खंड के करीब चार करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पानी की टंकी ध्वस्त हो कर मंगलवार सुबह किच्छा नदी में समा गयी। ग्रामीणों के मुताबिक कपूरपुर गांव के मंदिर के अलावा आसपास के खेत और आबादी को भी कटान का खतरा बना हुआ है। उधर, शीशगढ़ विकास खंड के बुजुर्ग गांव में बनी पानी की टंकी भी भाखड़ा नदी की कटान की जद में आ गयी है और वह किसी भी दिन गिर सकती है। रामगंगा नदी में हो रहा कटान लगातार मंदिर की ओर बढ़ रहा था। उन्होंने बताया कि प्रशासन और ग्रामीणों ने मंदिर को बचाने के प्रयास किये लेकिन नदी के तेज बहाव के कारण सुरक्षा इंतजाम कारगर नहीं हो सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से कटान रोकने के लिए स्थायी इंतजाम कराने की मांग की है। उधर, शेरगढ़ विकासखंड के बैरमनगर इलाके में करीब चार करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पानी की टंकी मंगलवार सुबह किच्छा नदी में समा गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक नदी में तेज बहाव के कारण कटान बढ़ने से टंकी हिलने लगी और देखते ही देखते ढहकर नदी में गिर गयी। जानकारी के मुताबिक जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2023 से बनायी जा रही इस टंकी की चारदीवारी चार दिन पहले ही बह गई थी। इसके बाद सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी निधि शुक्ला मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों तथा ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। डीएम ने बताया कि कटान से प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है और संबंधित विभागों और राजस्व टीम को स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कटान से प्रभावित स्थानों पर बचाव कार्य भी कराया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक शेरगढ़ में टंकी ढहने की घटना की जांच के लिए जिला प्रशासन ने चार सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि अपर जिलाधिकारी पूर्णिमा सिंह की अगुवाई में गठित यह समिति एक सप्ताह में स्थलीय निरीक्षण कर सभी बिंदुओं की जांच करते हुए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी और कार्यदायी संस्था को चिह्नित कर रिपोर्ट देगी।

## पीस कमेटी की बैठक में सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील



बांसी सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10 सितंबर 2026 को थाना कोतवाली बाँसी परिसर में पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी विश्वामित्र सिंह एवं क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह ने की। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। गोष्ठी में गणेश प्रतिमा आयोजकों, संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह ने सभी से त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि त्योहारों को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में साइबर टीम ने लौटाये 39,908 रुपये



खेसरहा सिद्धार्थनगर। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाप्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में थाना खेसरहा की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए साइबर फ्रॉड के शिकार एक व्यक्ति की 39,908 रुपये की पूरी धनराशि वापस करा दी। जानकारी के अनुसार ग्राम बेलवालुमही निवासी प्रकाश पुत्र जयकरन ने 8 सितंबर 2026 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह धोखे के माध्यम से उसके साथ 39,908 रुपये का साइबर फ्रॉड हुआ है। शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में थाना खेसरहा की साइबर टीम ने संबंधित बैंक से समन्वय कर त्वरित कार्रवाई की। टीम के प्रयासों से 10 सितंबर को पूरी फ्रॉड धनराशि शिकायतकर्ता के खाते में वापस करा दी गई। इस सराहनीय कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव, कांस्टेबल अभिषेक मौर्य एवं महिला कांस्टेबल रम्भा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साइबर फ्रॉड की रकम वापस मिलने पर शिकायतकर्ता ने थाना खेसरहा पुलिस की तत्परता एवं कार्यप्रणाली की सराहना की।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना से 11 पीड़ित परिवारों को मिली आर्थिक मदद



बांसी, सिद्धार्थनगर। तहसील सभागार बांसी में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कुल 11 पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बांसी विधायक जय प्रताप सिंह तथा एसडीएम बांसी विश्वामित्र सिंह ने लाभार्थियों को चेक प्रदान कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया। योजना के तहत तीन लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये तथा आठ लाभार्थियों को 1,66,666 रुपये प्रति लाभार्थी की दर से सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक जय प्रताप सिंह ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

एसडीएम विश्वामित्र सिंह के नेतृत्व में योजना के क्रियान्वयन में तहसीलदार बांसी शेखर शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं तहसीलदार बांसी श्री शुक्ल के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, महबूब आलम, महबूब अंसारी तथा वरिष्ठ आपदा लिपिक धर्मपाल ने भी लाभार्थियों के प्रकरणों के निस्तारण एवं सहायता राशि उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाई गई।

## तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति किया गया जागरूक

- तंबाकू सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य सहित समाज व परिवार पर भी डालता हैं प्रतिकूल प्रभाव : फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन



चरगांवा, गोरखपुर। महानगर के पादरी बाजार स्थित फातिमा अस्पताल पर गुरुवार को हटोबैको सेंसेशन क्लीनिक विथ ट्रीटमेंट का शुभारंभ किया गया। इस क्लिनिक का उद्देश्य तंबाकू एवं धूम्रपान की लत से जूझ रहे लोगों को वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से तंबाकू छोड़ने में सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम की शुरुआत फातिमा हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा प्रार्थना गीत से हुई। इसके पश्चात डॉ. दिव्या राय,ने स्वागत संबोधन दिया। कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विनय सिन्हा ने तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों और तंबाकू मुक्त जीवन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. संदीप गुप्ता ने तंबाकू की लत छोड़ने के लिए चिकित्सकीय उपचार, परामर्श एवं नियमित फॉलो-अप की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर फादर डॉ. संतोष सेबेस्टियन, डायरेक्टर, फातिमा हॉस्पिटल गोरखपुर ने अपने संदेश में कहा कि तंबाकू का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू छोड़ना कठिन जरूर है, लेकिन उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन और दृढ़ इच्छाशक्ति से इसे संभव बनाया जा सकता है। समाज में फिल्मी सितारों और प्रसिद्ध व्यक्तित्वों का विशेष प्रभाव होता है और युवा वर्ग उन्हें अपना आदर्श मानता है। इसलिए जब लोकप्रिय हस्तियां तंबाकू उत्पादों का प्रचार करती हैं, तो इससे अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं और आम लोगों में इनके सेवन को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने फिल्म स्टार्स एवं अन्य सार्वजनिक हस्तियों से आग्रह किया कि वे अपनी लोकप्रियता का उपयोग तंबाकू सेवन के खिलाफ जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए करें।

## अज्ञात अधेड़ की ट्रेन से कट कर मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के महुआतर रेलवे क्रासिंग के पास एक अज्ञात अधेड़ की ट्रेन से कट कर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची चिलुआताल शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बृहस्पतिवार को दिन के लगभग एक बजे के आस पास मानीराम नकहा रेलवे स्टेशन के मध्य महुआतर रेलवे क्रासिंग के पास एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कट कर दर्दनाक मौत हो गयी। रेलवे लाइन पर छत बिछत शव देख ग्रामीणो ने इसकी सूचना चिलुआताल पुलिस को दी सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस छत बिछत शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक का उम्र लगभग पच्चास वर्ष रंग गोरा चेहरा गोल एवं इकहरा बदन था मृतक सफेद छीटदार सर्ट एवं हल्का नीले रंग का पैट के साथ ही बोस लिखा कच्छा पहने था।

संक्षेप

## परिवारिक कलह में महिला ने फांसी लगायी

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के पोरई गांव में परिवारिक कलह के चलते महिला ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव पोरई निवासी वीरेंद्र कुमार लोध की पत्नी नन्नका 32 बुधवार रात लगभग 11:00 बजे घर के कमरे में छत के पंखे से चादर के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। फांसी लगाने का कारण परिवारिक कलह बताया जा रहा है। मृतका के एक बेटी अंशिका 13 व दो बेटे नरेन्द्र 8 व अयांश 3 वर्ष है। सास शिव दुलारी का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर में अमावस्या मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बक्सर पुलिस चैकी परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए।बैठक में एसडीएम ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभागवार तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेले से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, जिससे गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।बैठक के बाद उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बक्सर स्थित गंगा नदी के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही घाटों पर पर्याप्त विद्युत प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने भीड़ को देखते हुए यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान घाटों पर साफ-सफाई लगातार कराई जाए और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से पूरी रहें। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।इस मौके पर नायब तहसीलदार अविनाश मिश्रा, बारा सगवर थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

जसवंतनगर, इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन तथा सचिव आरती द्विवेदी के निर्देशन में गुरुवार को धनुआ पंचायत घर स्थित न्याय सेवा केंद्र में दिव्यांग विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

अधिकार मित्र राजेंद्र सिंह ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए दिव्यांगजनों के अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर किसी भी तरह के उत्पीड़न या भेदभाव की स्थिति में विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अधिकार मित्र लालमन ने 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए इसके लाभ बताए। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक मामलों का लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराने की अपील की। वहीं अधिकार मित्र शिवदीप ने केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हर्षित निगम को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **बुद्धेश कुमार निगम पुत्र बाके लाल निगम नि.- 295/ पी नं.-18, गिरधारी सिंह फील्ड, अशरफाबाद, सआदतगंज, चौक, लखनऊ।**

# डीएम की चौपाल और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

- विधायक राजेश त्रिपाठी के साथ गांव पहुंचे डीएम, अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश
- नदी का जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, राहत-बचाव की तैयारियों का लिया जायजा



जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा खड़ेसरी में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विधायक चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी के साथ चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और शिकायतों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने एक-एक कर ग्रामीणों की बातें सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों से समस्याओं के समाधान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुंचाने के साथ ही गांव में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराना है। गांव में विकास कार्यों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जाए। जिन कार्यों में किसी प्रकार की कमी अथवा शिकायत सामने आती है, उनका परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे अपनी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखें, ताकि उनका समयबद्ध समाधान कराया जा सके। इस दौरान चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने भी ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया और ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित होने वाले गांवों की सुरक्षा और सुविधाओं पर भी लगातार नजर रखी जानी आवश्यक है। चौपाल के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पात्र लाभार्थी योजनाओं के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करें, ताकि उन्हें समय से लाभ दिलाया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## खाटू श्याम मंदिर में श्रीकृष्ण की छठी पर आयोजन



इकदिल, इटावा। श्रीकृष्ण परमब्रह्म हैं वही सभी जीवों में विद्यमान है उनकी भक्ति में ही प्राणि मात्र की मुक्ति है। उक्त उद्गार खाटू श्याम मंदिर इकदिल पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित छठी कार्यक्रम में भंडारे का शुभारंभ करते हुए पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर नवीन मिश्रा ने व्यक्त किये। श्री कृष्ण भगवान की छठी के अवसर पर खाटू श्याम मंदिर इकदिल पर कन्हैया की छठी में सम्मिलित होकर पूजा अर्चन के लिए भारी संख्या में श्याम प्रेमियों ने भाग लिया भगवान के दर्शन और पूजा के लिए माताओं बहिनों में अपार उत्साह दिखाई दिया भंडारे में श्याम भक्तों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा जिससे मंदिर परिसर और आसपास में वृंदावन जैसा माहौल हो गया चारों तरफ राधे कृष्ण के जयकारे और हरे के सहारे के जयघोष गुंजायमान होते रहे रामनाथ राजपूत और ऋषिकेश ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र ओढ़ाकर रामदास बाथम, शिव शंकर शाक्य, वकील सिंह पाल, संजीव दुबे, गोपाल कश्यप, भूरे चैबे, अरुण कुमार, अनिल चैधरी, लल्ला पाराशर, रामू तिवारी ने माल्यार्पण कर आसना यादव प्राची नीतू दीक्षित शशिबाला एडवोकेट काजल रावत एडवोकेट पुष्प भेंट कर स्वागत किया माताओं बहिनों ने ढोलक की थाप पर मंगल गायन किए सेवाश्रम प्रमुख ने मुख्य अतिथि को श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह भेंट किया मुख्य अतिथि ने सेवाश्रम कार्यकताओं की सेवा भावना की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए मंदिर निर्माण में हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## इमरजेंसी पहुंचे सीएमएस, मरीजों से पूछा इलाज का हाल




उन्नाव (वीओएल)। जिला पुरुष अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में सीएमएस डॉ. सुनील कुमार शुक्ला लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से सीधे संवाद किया और उनका हाल-चाल जाना। इमरजेंसी पहुंचे सीएमएस ने भर्ती मरीजों से उपचार और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही मौके पर मौजूद चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों से मरीजों को समय से उपचार मिलने की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्टाफ को मरीजों की सुविधाओं और उपचार व्यवस्था में पूरी गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। सीएमएस की इस तरह अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने की पहल को मरीजों के हित में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारी जब स्वयं मौके पर पहुंचकर मरीजों से संवाद करते हैं तो व्यवस्थाओं में जवाबदेही और संवेदनशीलता दोनों बढ़ती हैं। यदि अस्पताल की व्यवस्थाओं की इसी तरह नियमित निगरानी और सुधार की प्रक्रिया जारी रही तो आने वाले समय में जिला अस्पताल की तस्वीर में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे सकता है। कमियों पर नजर और बेहतर व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास कहीं न कहीं मरीजों के लिए किसी भगीरथ प्रयास से कम नही साबित होगा।

## दहेज हत्या के मामले में पति, सास और ससुर गिरफ्तार




पुरवा (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के घिरजीखेड़ा गांव में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की एक दिन पहले गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में पुरवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति, सास और ससुर समेत तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया थाना बारासगवर क्षेत्र के ग्राम राजापुर पिपरहा निवासी राम प्रकाश पुत्र रामसनेही ने अपनी पुत्री अनीत का विवाह 20 फरवरी 2026 को थाना पुरवा क्षेत्र के ग्राम घिरजीखेड़ा निवासी अनुज कुमार पुत्र चन्द्र कुमार के साथ किया था। मृतका के पिता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही अनुज कुमार और उसके परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अनीत को प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुरवा कोतवाली पुलिस ने धारा 80(2), 85, 92 तथा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घिरजीखेड़ा गांव में दबिश देकर नामजद अभियुक्त अनुज कुमार, चन्द्र कुमार और श्रीमती रामरानी को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## टीकाकरण को लेकर किया संवाद



पुरवा (वीओएल)। ब्लॉक सभागार में गुरुवार को टीकाकरण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों के नियमित टीकाकरण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। बच्चों को टीका नहीं लगवाना उनके साथ धोखा है उन्होंने कहा कि टीकाकरण के माध्यम से देश में चेचक और पोलियो जैसी दो गंभीर बीमारियों से लगभग मुक्ति मिल चुकी है। हालांकि तपेदिक, गलाघोंटू और काली खांसी जैसी बीमारियां अभी भी मौजूद हैं। इनसे बच्चों का बचाव टीकाकरण के जरिए आसानी से किया जा सकता है सभासद पदम कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन नगर क्षेत्र में यह सुविधा नहीं है, जबकि इसकी आवश्यकता है। इस पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र हो या कस्बा, दोनों जगह बच्चों को आवश्यक सुविधाएं मिलनी चाहिए। नगर पंचायत में यह सुविधा न होना दुर्भाग्यपूर्ण है वहीं हेल्थ डिपार्टमेंट अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि बच्चों का समय से टीकाकरण बेहद जरूरी है। इससे बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है।

## अंडरपास में पानी भरने से राहगीर परेशान

फतेहपुर चौरासी। क्षेत्र में बालामऊ कानपुर रेल मार्ग पर बने अंडरपास जलभराव के कारण राहगीरों के लिए मुसीबत बने हैं। इन अंडरपास में पानी भर जाने से वाहन तो दूर पैदल निकलना भी कठिन हो जाता है।



इधर हो रही बरसात में रेलमार्ग पर मिठ्ठू खेड़ा गाँव को जाने वाले रास्ते पर बना अंडरपास जलभराव होने जाने के कारण आने जाने के योग्य नहीं रह गया है। पानी भर जाने से मोटरसाइकिल आधे से अधिक डूब जाती है जिससे उनके इंजन में खराबी आ जाती है। इसके साथ ही गिरकर चोटिल होने का खतरा भी बना रहता है। इस मार्ग से ऊगू कस्बा सहित कई गांवों के लोगों का आना जाना ब्लॉक अस्पताल बाजार तक रहता है। लेकिन जलभराव से जोखिम बना रहता है। अधिक जलभराव होने पर कई बार पानी निकाला गया लेकिन वाटर लेवल बढ़ जाने से फिर पानी भर जाता है। क्षेत्रीय लोगों ने इस जलभराव की समस्या से स्थाई रूप से निजात दिलाने की माँग प्रशासन व रेल विभाग से की है।

# नदी का जलस्तर बढ़ा तो डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा



**गोरखपुर।** चौपाल के बाद जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गोला क्षेत्र में नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों से बाढ़ की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नदी के जलस्तर और आसपास के गांवों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए संवेदनशील गांवों में आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी रखी जाएं। राहत और बचाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और प्रशासन को हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व, सिंचाई, पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलस्तर में लगातार हो रहे बदलाव की सूचना समय से संबंधित अधिकारियों और प्रभावित गांवों तक पहुंचाई जाए। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की स्थिति पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर ग्रामीणों के लिए भोजन, पेयजल, दवाइयां, पशुओं के लिए चारा तथा अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। राहत शिविरों के लिए चिह्नित स्थानों का निरीक्षण कर वहां आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बाढ़ के दौरान आवागमन प्रभावित होने वाले रास्तों और गांवों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां जलभराव अथवा कटान की आशंका है, वहां लगातार निगरानी की जाए। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना देकर राहत एवं बचाव दल को सक्रिय किया जाए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोला मनीष कुमार सहित तहसील प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। ग्राम प्रधान चौतीसा ने भी जिलाधिकारी को गांव की स्थिति और स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को नदी के जलस्तर और बाढ़ की संभावित स्थिति के संबंध में जानकारी दी।

## आरयूबी, आरओबी के निर्माण के लिए ज्ञापन दिया



इटावा। बढ़पुरा की ग्राम पंचायत शेखूपुर जखोली में जल भराव से पीड़ित ग्रामीणों ने ओवरब्रिज, अंडरपास बनवाने के लिए डीआरएम प्रयागराज को संबोधित इकदिल रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक आरके गोयल को अपना ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन देने के दौरान सत्याग्रह संयोजक दीपक राज, ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, लाखन सिंह, संतोष कुमार, मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि रेलवे लाइन के पोल के पास बनी पुलिया में जल भराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है जिससे गांव के किसान छात्र-छात्राएं और आम ग्रामीण परेशानियों का दंश झेल रहे हैं। किसान लोग अपने कृषि कार्य को समय अनुसार पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं अपने खेत पर पहुंचने के लिए उनको कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है जिससे श्रम समय और धन नाजायज बर्बाद हो रहा है, छात्र-छात्रायें अपने शिक्षण संस्थानों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं उनकी शिक्षा का नुकसान हो रहा है आम ग्रामीण इकदिल कस्वे में लगने वाले है हाट-बाजार वह बकरी बाजार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए नहीं जा पा रहे हैं जिससे उनको बहुत परेशानी हो रही है सत्याग्रह संयोजक दीपक राज ने बताया कि इससे पूर्व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित सदर विधायका सरिता भदोरिया को पुल निर्माण के लिए ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए काम शीघ्रता शीघ्र हो जाए इसके लिए आज उन्होंने फिर से एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में डीआरएम प्रयागराज से निवेदन किया गया है कि यहां पर ओवरब्रिज या अंडरपास का निर्माण अति शीघ्र करवाया जाए।

## टक्कर से बाइक सवार की मौत

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कस्बे के पूर्वी छोर पर परमानंद आश्रम के सामने हुआ। गंभीर रूप से घायल पिता की बुधवार शाम सैफई पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। महमूदनगर, जिला मुजफ्फरनगर निवासी फैसल खान (37) पुत्र इकरामुद्दीन मंगलवार देर रात अपने बेटे अब्दुल अजीम के साथ बाइक से कानपुर की ओर से इटावा जा रहे थे। परमानंद आश्रम के सामने पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गुंबद गिरने से मृत वकील के घर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



सरहरी, गोरखपुर। गत दिनों राजघाट अंत्येष्टि स्थल गुंबद के गिरने से दो अधिवक्ताओं की दुखद मौत होने के मामले में आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मृतक अधिवक्ता के घर पहुंचकर, परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढांढस बधाया। गुरूवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री राय मृतक अधिवक्ता आलोक आस्थाना के राप्ती नगर फेज 4 स्पोर्ट कालेज के पीछे स्थित घर पहुंचे। जहां उन्होने शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे आस्थावान परिवार के साथ खड़े होने का भरोसा जताया। तथा इस दुखद दुर्घटना की निष्पक्ष जांच की मांग किया।मृतक आलोक अस्थाना अपने पीछे पत्नी सहित एक बेटा व एक बेटी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं।

## स्कूलों में गंदगी मिली तो एसडीएम हुए नाराज, बच्चों से परखे पढ़ाई के हाल

जसवंतनगर, इटावा। बुधवार को एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला केशो और कंपोजिट विद्यालय कुरसेना का औचक निरीक्षण किया। अचानक एसडीएम के पहुंचने से विद्यालयों में हड़कंप मच गया।



उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से सवाल पूछे और पढ़ाई की गुणवत्ता परखी। सही जवाब देने वाले बच्चों की पीठ थपथपाई, जबकि कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश शिक्षकों को दिए। नगला केशो विद्यालय में एसडीएम ने बच्चों को परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता जांची। निरीक्षण के दौरान रसोई और शौचालय में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। संबंधित शिक्षकों को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं कंपोजिट विद्यालय कुरसेना में छत से पानी टपकने की शिकायत सामने आई। एसडीएम ने विद्यालय भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति और नामांकन बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी देने पर भी जोर दिया। कहा कि प्राथमिक विद्यालय बच्चों के जीवन की पहली पाठशाला है। यहां का माहौल और मिलने वाली शिक्षा ही उनके भविष्य की नींव तैयार करती है।

**ई-निविदा सूचना संख्या 08/SE (Civil)/2026-27**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवं पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **08, कार्य का नाम**-: 220/132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र हाटा कुशीनगर पर 02 नग 132 के.वी. ए.आई.एस. (टी.एस. एस) ''बे'' का जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत** :-रु. 579.97 लाख, **कार्यावधि** :- 06 माह। उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.10.2026 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 13.10.2026 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) सं. मुख्य अभियन्ता (जानपद) पारेषण द्वितीय नवाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।**

**''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''**

**(पत्रांक- 5235, दि. 10.09.2026)**

# सफारी पार्क वन्यजीवों के लिए सदैव समर्पित है : निदेशक

इटावा। सफारी पार्क वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सदैव समर्पित है। सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल पटेल ने कहा कि सफारी क्षेत्र के अंतर्गत विद्यमान वन्य जीवों के नियमित देखरेख में यहां के समस्त स्टाफ अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। जहां एक तरफ सफारी के वन्य जीव चिकित्सालय में गम्भीर रूप से घायल तेंदुओं का उपचार एवं देखभाल समर्पित वन्य जीव चिकित्सकों तथा कीपरों द्वारा किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर सफारी क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले वन्य जीवों के लिए भी आवश्यकतानुसार पानी, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सफारी प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है।



नियोनेटल सेंटर में वर्तमान में 2 लेपर्ड शावकों का हैंड रेयरिंग किया जा रहा है तथा इसके क्राल में नीलगाय के एक बच्चे को भी पाला जा रहा है जिसके पैर में कुछ समस्या होने से वह समुचित रूप से खड़ा नहीं हो पा रहा था और उसकी माँ ने उसको छोड़ दिया था। सफारी पार्क के स्टाफ द्वारा नियमित रूप से रेस्क्यू का कार्य भी किया जा रहा है। इटावा में गौरैया संरक्षण में विशेष योगदान देने वाली गंगा विहार कालोनी की सुनीता यादव द्वारा सूचना दिए जाने पर 9 सितम्बर को सफारी पार्क के वनरक्षक आकाश बाबू के साथ दो और स्टाफ आशीष एवं आदर्श ने बहुत ही धैर्य और सूझ बूझ से छोटी सिल्ही बत्तख नामक पक्षी के 8 चूजों के साथ उनकी व्यस्क नर एवं मादा पक्षी को रेस्क्यू कर सफारी पार्क में रिलीज किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनकी ओर से कार्य करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | कन्वर्ज़न ऑफ आईसीएफ कोचेज इंटू कैम्प कोचेज फॉर ट्रैक मशीन एट कैरिज वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 12,84,26,627.16/- मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 25,68,500/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 30.09.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | शपथ पत्र | फर्म द्वारा ANNEXURE-A के अनुरूप शपथ पत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट - www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं.:2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–40 दिनांक: 08.09.2026

3128/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# बाढ़ के पानी के बीच नाव बनी राहत की राह

- आधा घंटे नाव से सफर कर उत्तमपुरवा व लोधपुरवा पहुंचे जनप्रतिनिधि व प्रशासन
- 250 प्रभावित परिवारों को गांव में ही बांटी राहत किट



लखीमपुर-खीरी। बाढ़ के पानी ने रास्ते रोक दिए तो राहत की राह नाव से होकर गांव तक पहुंची। तहसील सदर के ब्लॉक नकहा अंतर्गत ग्राम रेहरिया के मजरा उत्तमपुरवा और लोधपुरवा में बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सदर विधायक योगेश वर्मा और उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लखीमपुर चेलवा राजू आर., तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा नाव से गांव पहुंचे। करीब आधे घंटे का सफर तय कर मौके पर ही 250 प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित की।

बाढ़ के चलते गांवों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण था। जलभराव के बीच नाव से पहुंचे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद किया और उनकी जरूरतों की जानकारी ली। राहत लेने के लिए ग्रामीणों को पानी पार कर कहीं जाने की जरूरत न पड़े, इसके लिए सरकारी राहत खुद उनके गांव और उनके दरवाजे तक पहुंची। सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा में प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। राहत कार्य लगातार जारी हैं। सरकार और प्रशासन का जोर इस बात पर है कि संकट की घड़ी में कोई भी प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रहे और राहत सामग्री जरूरतमंदों तक सीधे पहुंचाई जाए।

उत्तमपुरवा और लोधपुरवा में नाव से पहुंची राहत ने यह संदेश दिया कि हालात कितने भी चुनौतीपूर्ण हों, प्रभावित परिवारों तक सरकारी मदद पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पानी के बीच पहुंची राहत किट ने ग्रामीणों के चेहरों पर राहत की उम्मीद भी जगाई। प्रत्येक लाभार्थी को दी गई किट में 2.5 किग्रा लाई, 2 किग्रा गैर-भुना चना, 2 किग्रा भुना चना, 1 किग्रा चीनी, 10 पैकेट बिस्कुट, 1 पैकेट माचिस, 1 पैकेट मोमबत्ती और 2 नग नहाने का साबुन शामिल हैं। इसके साथ 18 लीटर की ढक्कनदार बाल्टी और 12.10 वर्गफुट का 110 ज्ञ्ञ्ट से कम मोटाई का त्रिपाल भी दिया गया। खाद्यान्न में 10 किग्रा आटा, 10 किग्रा चावल, 2 किग्रा अरहर दाल, 10 किग्रा आलू, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम पिसी मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 लीटर सरसों का तेल/रिफाइंड और 1 किग्रा नमक शामिल है। महिलाओं और परिवारों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 20 सैनिटरी पैड, 2 नग कपड़े धोने का साबुन, 1 तौलिया, 1 मीटर सूती कपड़ा, 20 डिस्पोजेबल बैग, 1 मग और 100 मिलीलीटर डेटाल/सेवलॉन भी राहत किट का हिस्सा हैं।

## बारिश व बाढ़ के पानी में भी हो रही दुधवा की मॉनिटरिंग

पलियाकलां खीरी। विगत कई दिनों से हो रही बारिश के कारण दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के कई वन क्षेत्रों में जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति बनी हुई। मानसून सत्र में इस प्रकार की स्थितियॉ लगभग प्रतिवर्ष रहती हैं, परंतु इस बार निरंतर बारिश होने की वजह से जिन क्षेत्रों में कभी जलभराव नहीं रहता था, उन क्षेत्रों में भी जलभराव है।



जगदीश आर0 उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के निर्देशन में हालांकि मानसून सत्र की इस प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व से सशक्त तैयारियॉ सुनिश्चित की गई हैं। अधिकारी/कर्मचारी निरंतर वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध संसाधनों की सहायता से पेट्रोलिंग/मानीटरिंग कर रहे हैं। आकस्मिक स्थितियों के निपटान हेतु प्रभागीय स्तर से क्षेत्रीय वन अधिकारी पर्यटन रेंज के नेतृत्व में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा भी तत्परतापूर्वक निरंतर मानीटरिंग की जा रही है। विपरीत स्थितियों में भी दुधवा के ग्रीन सोल्जर्स वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा में निरंतर तत्पर हैं।

संक्षेप

## तालाब में मिला शव

पसगवां खीरी। थाना उचौलिया क्षेत्र के ग्राम मोहिद्दीनपुर में वृहस्पतिवार की दोपहर गांव से कुछ दूर स्थिति तालाब में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। शव की पहचान किशनपाल उम्र करीब (20) वर्ष पुत्र हेमा कुमार निवासी थाना दक्षिणी सेरामऊ जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार किशनपाल मोहिद्दीनपुर अपनी सुसराल आए हुए थे। जो आज सुबह टहलने के लिए निकले हुए थे गांव से कुछ दूर स्थिति तालाब के पास से गुजरते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गए, शोर सुनकर आस पास के मौजूद लोग मौके पर पहुंचे जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद किशनपाल को तालाब से बाहर निकाला लेकिन जब तब उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही ससुरालियों और परिजनों में कोहराम मच गया और दोनों पक्ष आनन फानन में मौके पहुंचे। इस संबध में थाना प्रभारी उचौलिया अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि ससुरालियों की तहरीर पर पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गौरीफंटा नेपाल व चंदन चौकी क्षेत्र के दर्जनों गांव से संपर्क टूटा

पलियाकलां खीरी। नेपाल की नदियों का पानी सुहेली नदी में आने पर पूरा क्षेत्र पानी में डूब गया है एवं पलिया दुधवा रोड पर बंसी नगर रपटा पुल पर दो-तीन फीट पानी चल रहा है आज पानी में कुछ कमी आई है पर आवा गमन प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर रखा है। फिर भी लोग निकलने वाले नहीं मान रहे है। आजएसडीएम पलिया पुष्पक तोमर पीडब्ल्यूडी की एआई मैडम करिश्मा वहां उपस्थित रहीं और व्यवस्था देखी। इस बार के बाढ़ के पानी ने थारू जनजाति क्षेत्र के दर्जनों गांव नेपाल गोरी फंटा व पलिया नगर के राजकीय महाविद्यालय फायर स्टेशन महिलाथाना पानी से भर गया। कई गांव हवाई पट्टी रोड मुजहा अतरिया बिलैहिया चबरबोझ पानी से भर गए हैं।

## सर्पदंश से किशोर की मौत

धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र के फुसहीगौड़ी निवासी राम धार (14) पुत्र गोबिंद बुधवार शांम खेतों में काम करने गया था। इसी दौरान उसे जहरीले सर्प के डस लिया। परिजन उसे मिहीपुरवा बहराइच सीएचसी ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बहराइच में पोस्टमार्टम के बाद उसका शव गांव पहुंचा को परिवार में कोहराम मच गया। तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने बताया दैवीय आपदा के तहत परिजनों को चार लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## चकदहा में गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

सीतापुर। कजरी तीज पर बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए चहलारी घाट से जल लेकर पैदल निकले कांवड़ियों का जत्था शुक्रवार को थानगांव क्षेत्र के चकदहा बाजार पहुंचेगा। कांवड़ियों के रात्रि विश्राम और स्वागत को लेकर आयोजन समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शिवभक्तों की सेवा के लिए चकदहा बाजार में विशेष इंतजाम किए गए हैं। संत श्री त्यागी जी महाराज के सानिध्य में पहुंच रहे कांवड़ियों के सम्मान में बद्रीविशाल मिश्र की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## सहारनपुर मस्जिद ढहाये जाने के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के ए आई एम आई एम के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य इकबाल मंसूरी, आकिब खान, अमन कुरेशी, तारिक खान समेत प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सहारनपुर में प्रशासन द्वारा ढहाई गई मस्जिद के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में वक्फ संपत्ति पर बोर्ड को बिना पक्षकार बनाएं करवाई पर रोक लगाने की मांग, दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई, इस स्थान पर नवीन मस्जिद का निर्माण और हाईकोर्ट के जज से जांच कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश प्रताप सिंह को सौंपा गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुतियों से कृष्णमय हुआ सिंघानिया इंस्टीट्यूट

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन ओम प्रकाश सिंघानिया, उप चेयरमैन आशीष सिंघानिया, मेघा सिंघानिया एवं सचिव परीक्षित त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूप में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

## शिवम तिवारी का कांग्रेसियों ने किया सम्मान



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। छोटी काशी निवासी शिवम तिवारी पुत्र अवधेश तिवारी ने यूजीसी नेट जेआरएफ में देश में दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसियों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।

कांग्रेसियों ने शिवम तिवारी का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किया और संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट कर उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह उपलब्धि शिवम की मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा दिए गए संविधान और उसके मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की अपेक्षा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि शिवम तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल कर छोटी काशी गोला का गौरव बढ़ाया है। युवाओं के लिए उनकी सफलता प्रेरणादायक है। उन्होंने शिवम को आगे भी इसी तरह मेहनत करते हुए नई ऊंचाइयां हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा, महासचिव पिछड़ा वर्ग विभाग उत्तर प्रदेश, प्रेम कुमार वर्मा जिला उपाध्यक्ष, सुधीर शुक्ला कार्यवाहक नगर अध्यक्ष, सुभाष शुक्ला, आदेश गुप्ता, अनिल कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू, पंकज पटेल, रामस्वरूप, अनुपम कुमार सहित एक दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने शिवम तिवारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हवन-पूजन और भंडारे के साथ जन्माष्टमी महोत्सव का समापन



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजगढ़ स्थित प्रसिद्ध बाबा हरदेव राजा स्थान पर सात दिनों से चल रहे जन्माष्टमी महोत्सव का गुरुवार को हवन-पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक संत रामपाल जी की देखरेख में विधि-विधान से यज्ञ कराया गया। पंडित विजय नहर मिश्रा और कथावाचक रजनीश पाल के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डालीं। इससे परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

हवन के बाद संत रामपाल जी ने श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक लगाकर प्रसाद वितरित किया। इसके बाद कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें ग्राम पंचायत क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सेवा और धार्मिक आस्था का उत्साह देखने को मिला। सात दिनों तक चले आयोजन के समापन पर सेवादारों और सहयोगियों ने व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में प्रधान जवाहर पाल, दृगपाल, मास्टर सालिकराम पाल, वेदपाल, शिवपूजन पाल, सूरज कश्यप, सोनू पाल, सरोज पाल, जोगिंदर पाल, सुशील कश्यप, गुड्डू कश्यप, रामप्रसाद पाल, शोभित कुमार, बलराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण की छठी पर सजी आकर्षक झांकियां, बच्चों का हुआ सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्रीधमार्दा समिति गौशाला, कुम्हारन टोला में भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गौशाला में सजे बाल गोपाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान धार्मिक वातावरण कृष्ण भक्ति से सराबोर रहा। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान सजीव झांकियों में सहभागिता करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि श्रीधमार्दा समिति गौशाला में मोहल्ले के बच्चों द्वारा लंबे समय से भगवान श्रीकृष्ण की सजीव झांकियां प्रस्तुत की जाती रही हैं। इन झांकियों को देखने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में बच्चों की सहभागिता उन्हें अपनी सनातन परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का उत्साह बढ़ता है और उनमें अपनी संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति लगाव भी मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर श्याममूर्ति शुक्ला, राममूर्ति शुक्ला, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, हिमांशु सिंह, अनुराग गुप्ता, बालकराम, मनोज बाथम, संदीप शुक्ला, प्रियम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न स्कूटी पहुंची, न मालिक... फिर भी हो गई सर्विस!

सीतापुर। स्कूटी घर पर थी और मालिक उसे सर्विस सेंटर लेकर गया ही नहीं, लेकिन मोबाइल पर मैसेज पहुंच गया कि सर्विस पूरी हो गई है। डिलीवरी के लिए तैयार है। इतना ही नहीं, इससे पहले ग्राहक के नाम पर टोकन नंबर 29 जनरेट कर जॉब कार्ड बनाए जाने की सूचना भी आ चुकी थी। आखिर बिना स्कूटी पहुंचे उसकी सर्विस कैसे हो गई? इसी सवाल को लेकर आशुतोष मिश्रा ने न्यायालय की शरण ली। मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीतापुर गौरव प्रकाश ने प्रथमदृष्टया संज्ञेय अपराध मानते हुए कोतवाली नगर पुलिस को सलवान आटोमोबाइल्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। आशुतोष मिश्रा के अनुसार चार जून 2026 को उनके मोबाइल पर सलवान आटोमोबाइल्स की तरफ से लगातार दो एसएमएस आए। पहले संदेश में उनके नाम पर टोकन नंबर 29 जनरेट होने और जॉब कार्ड बनाए जाने की जानकारी थी। कुछ समय बाद दूसरे संदेश में उनकी टीवीएस आईक्यूब स्कूटी की सर्विस पूरी होने और डिलीवरी के लिए तैयार होने का मैसेज आ गया। आशुतोष का कहना है कि चार जून को वह अपनी स्कूटी लेकर सलवान आटोमोबाइल्स गए ही नहीं थे। न उन्होंने सर्विस कराए जाने की कोई अनुमति दी थी और न टोकन के लिए आवेदन किया था।

## अपना दल एस ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अपना दल एस की गोला विधानसभा की मासिक बैठक गुरुवार को एक होटल में विधानसभा अध्यक्ष विकास वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं की भूमिका और तैयारियों पर चर्चा की गई। कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी करुणाशंकर पटेल ने कहा कि चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता अभी से विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हो जाएं। प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत करने के साथ गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क बढ़ाया जाए। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में गोला सीट एनडीए गठबंधन में अपना दल एस के खाते में आएगी और पार्टी अपना प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कार्यकताओं से चुनावी तैयारी में पूरी ताकत से जुटने की अपील की। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव पटेल ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों और बूथों पर झंडा अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकताओं के माध्यम से लोगों के घरों पर अपना दल एस के झंडे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव तक संगठन की पहुंच बढ़ाना और लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ना है। बैठक में प्रदेश सचिव कमलेश पटेल, क्षेत्रीय सदस्य ठाकुर रामनरेश सिंह, संरक्षक अजय वर्मा, जिला महासचिव कपिल वर्मा, राजेश वर्मा, मदन वर्मा, श्रीकृष्ण वर्मा, अनीश अहमद समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में कार्यकताओं ने आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## मासूम से हैवानियत के बाद महिलाओं-बच्चों में दहशत, एनएसए न लगने से आक्रोश

लखीमपुर/सिंगाही खीरी। थाना क्षेत्र के एक गांव में साढ़े चार साल की मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत की घटना के बाद से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। खासकर महिलाओं और बच्चों में असुरक्षा की भावना बनी हुई है। अभिभावक अपनी मासूम बच्चियों को अकेले घर से बाहर भेजने से भी कतरा रहे हैं। आरोपी खलील अहमद के खिलाफ पुलिस मुठभेड़ में कार्रवाई और उसके मकान पर बुलडोजर एक्शन के बावजूद ग्रामीणों का भय कम नहीं हुआ है। वहीं, आरोपी पर अब तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका/एनएसए) के तहत कार्रवाई न होने को लेकर ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी जघन्य घटना के आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे समाज में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश जाए। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पर तत्काल रासुका लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मुठभेड़ और बुलडोजर कार्रवाई के बाद भी महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के साथ आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## जख्मी युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में एक महीने पूर्व घर में घुसकर युवक की लात घूंसा से गंभीर चोटें पहुंचाई थी पेट में गंभीर चोट लग जाने पर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक के छोटे भाई असलम निवासी बाजार गंज ने पुलिस को शिकायती पत्र में बताया 12 जुलाई रात 9 बजे करीब बड़ा भाई अहमद (25) मकान के बाहर वाद विवाद हो गया था जिस से गुस्सा होकर रेतिक, विकास और तन्नू ने दौड़ा लिया जिसमें मारपीट के दौरान गंभीर चोटें आ गई थी। इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गया हालत नाजुक होने के चलते रेफर कर दिया परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ लेकर गए जहां जिंदगी मौत की लड़ाई में वह जंग हार गया खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया है। चौकी प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले से मुकदमा दर्ज है।

## भक्ति में डूबा हरगांव, धूमधाम से मनाया गया राणी सती दादी जी का प्रकट्योत्सव



सीतापुर। हरगांव कस्बे के लक्ष्मीनारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर) परिसर स्थित राणी सती दादी जी के मंदिर में भादों अमावस्या पर प्रकट्योत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार शाम ज्योति प्रज्ज्वलित कर शुरू हुआ रात्रि जागरण गुरुवार को पूरे दिन चला। आकर्षक सजावट से मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया। मिल कॉलोनी की महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परंपरागत रस्में निभाईं। शाम 6:10 बजे भव्य महाआरती हुई और छप्पन भोग लगाया गया। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित व उनकी पत्नी रंजना दीक्षित ने आरती कर चंवर झुलाया और छप्पन भोग अर्पित किया। बाद में पकवान, फल, मिठाई और टॉफियों का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। लखीमपुर से भी बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज के लोग पहुंचे। बच्चों ने दादी जी के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया। बेहतर प्रस्तुति देने वाले बच्चों और शिक्षिकाओं को पुरस्कृत किया गया। देर रात तक दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पुजारी आचार्य शत्रुंजय बाजपेई ने बताया कि भादों अमावस्या को राणी सती दादी जी का प्रकट्योत्सव हुआ था। वर्ष 1978 में मंदिर स्थापना के बाद से यह उत्सव हर वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विवेक तिवारी, केपी सिंह, नीरज चैधरी, अनिल शर्मा, आशुतोष त्रिपाठी, महेश भट्ट समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मेहनत को मिला सम्मान, श्याम प्रकाश को पांच हजार का पुरस्कार

## गिरीश चंद्र मिश्र की स्मृति में डीजे कॉलेज के मेधावी छात्र का सम्मान



सीतापुर। जेएलएमडीजे इंटर कॉलेज खैराबाद में बुधवार को मेधा और मेहनत का सम्मान हुआ। वर्ष 2026-27 की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक 85 अंक हासिल करने वाले छात्र श्याम प्रकाश को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता स्व. गिरीश चंद्र मिश्र की स्मृति में उनकी पत्नी ऊषा मिश्रा और पुत्र आशीष मिश्रा ह्यगीतूह्न ने श्याम प्रकाश को पांच हजार रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खैराबाद के गोविंदा सराय, धरैंचा बाजार निवासी श्याम प्रकाश के सम्मान पर उसके माता-पिता शिवभगवान और पार्वती की भी हौसला अफजाई की गई। ऊषा मिश्रा ने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा मेधा है। यही मेधा आगे चलकर सशक्त भारत की पहचान बनेगी। उन्होंने बताया कि स्व. गिरीश चंद्र मिश्र ने कॉलेज में प्रवक्ता रहते हुए गरीब और बेसहारा विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में विशेष योगदान दिया था। उनकी इसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए परिवार हर वर्ष मेधावी छात्र को सम्मानित करता है। आशीष मिश्रा ने बताया कि उनके पिता को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 23 मार्च 2001 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पांचजन्य नचिकेता पुरस्कार से सम्मानित किया था। उन्होंने 1959 से 1988 तक डीजे कॉलेज में अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में सेवाएं दीं। प्रधानाचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पुरस्कार विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हैं। स्व. मिश्र मेधावी छात्रों के साथ कमजोर विद्यार्थियों पर भी विशेष ध्यान देते थे। उनके परिवार की यह पहल विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक शाह आलम खान ने किया। इस दौरान राकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश मिश्र, धीरेन्द्र शुक्ला ह्यमोनूह्न, आलोक बाजपेई, डॉ. आलोक वर्मा समेत शिक्षक, कर्मचारी और छात्र मौजूद रहे।

## मेहनत और अनुशासन से विद्यार्थी जीवन में बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं: बीडीओ

सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित गया सिंह सुमित्रा सिंह चैहान महाविद्यालय में गुरुवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीए प्रथम वर्ष में अंचला सिंह ने 93.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, सूची सिंह ने 92.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय और चंदन कुमार ने 92.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। बीए द्वितीय वर्ष में अनुराग 95.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, सुधीर 94.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय और बबिता देवी 94.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहीं। बीए तृतीय वर्ष में संस्कृति ने 92.2 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान हासिल किया।

## दिनदहाड़े पांच प्रतिबंधित पेड़ों पर चला आरा, वन विभाग की निगरानी पर सवाल

सीतापुर। हरगांव वन रेंज में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान का मामला सामने आने से वन विभाग की निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। गुरुवार को खेदरापुर गांव में लकड़कट्टों द्वारा पांच प्रतिबंधित पेड़ काटे जाने का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हरे पेड़ों पर आरा चल रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की कार्रवाई महज कागजी खानापूर्ति तक सीमित दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ वनकर्मियों की कथित मिलीभगत से लकड़कट्टों के हौसले बुलंद हैं। दिनदहाड़े पेड़ काटे जाने के बाद लकड़ी मौके से गायब कर दी जाती है और विभाग को भनक तक नहीं लगती। इससे वन विभाग की गश्त और निगरानी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से काटे गए पांचों पेड़ों की जांच कराने और दोषियों के साथ जिम्मेदार वनकर्मियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी बीनू पाल ने बताया कि मामला संज्ञान में है। कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक चोरी, कैमरे में कैद हुआ चोर

सीतापुर। रेउसा थाना गेट से चंद कदम की दूरी पर घर के सामने खड़ी मिष्ठान व्यवसायी की बाइक चोरी हो गई। चोरी की वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बावजूद घटना ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कस्बा निवासी मिष्ठान व्यवसायी हिमांशु यज्ञसैनी पुत्र झब्बू यज्ञसैनी ने बुधवार रात बाइक घर के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद बाहर आए तो बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी सुराग न लगने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें एक संदिग्ध युवक बाइक ले जाते दिखाई दिया। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान में जुटी है। साथ ही बाइक बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना गेट के पास हुई चोरी से कस्बे में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## दलित महिला की थाने में पिटाई का आरोप, प्रभारी निरीक्षक घिरे



सीतापुर। तंबौर थाने में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के जाल्हेपुर भिठिया गांव की दलित महिला सुषमा पत्नी अर्जुन ने प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय पर थाने के अंदर कार्यालय में बंद कर बेंत से बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है। महिला ने क्षेत्राधिकारी लहरपुर अभिषेक कुमार को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सुषमा का अपनी देवरानी मंजू देवी पत्नी संजय से विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी थी। महिला के अनुसार, बुधवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की। आरोप है कि पुलिस उसे करीब दो बजे घर से थाने लेकर गई। करीब तीन बजे प्रभारी निरीक्षक ने उसे अपने कार्यालय में बंद कर दिया और बेंत से पीटा। महिला का आरोप है कि पिटाई से उसके शरीर पर चोटें आईं। इसके बाद पुलिस ने उसका चालान कर दिया। थाने से निकलने के बाद महिला ने मामले को लेकर सीओ लहरपुर से शिकायत की। उसने प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। थाने के भीतर महिला से मारपीट के आरोप ने पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब शिकायत पर होने वाली जांच से ही स्पष्ट होगा कि महिला द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और थाने के भीतर वास्तव में क्या हुआ था।

संक्षेप

## युवक को घर में घुसकर पीटा, केस दर्ज

**गोसाईगंज, अयोध्या।** गोसाईगंज कोतवाली इलाके में एक युवक को घर में घुसकर कुछ लोगो ने बुरी तरह से पीट डाला मामले में पीड़ित युवक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। भैरीपुर गांव निवासी मनोज साहू पुत्र रामसहाय साहू का कहना है कि बीती शाम वह अपने घर के दरवाजे के पास बैठा हुआ था। आरोप है कि उसी समय गांव निवासी कृष्ण प्रसाद मिश्र (डब्बू) पुत्र हरिप्रसाद, वीरेंद्र पुत्र बजरंग, आयुष पुत्र नागेंद्र मिश्र व विपुल पुत्र वीरेंद्र मिश्र लाठी डंडे से लैश होकर आए और अपशब्द कहने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो घर मे घुसकर उसपर टूट पड़े और पीट डाला। एसएचओ अभिमन्यु शुक्ला के मुताबिक चारो नामजद के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत, एक घायल

**सोहावल-अयोध्या।** बीते बुधवार की देर शाम रौनाही थाना क्षेत्र के सतीचैरा पुलिस चैकी क्षेत्र में सारंगापुर ड्योढ़ी संपर्क मार्ग पर भैरवगढ़ी माइनर से कुछ कदम की दूरी पर अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक संख्या यूपी 42 ए के 5879 आने से दो बाइक सवारों की मौके पर मौत व एक जख्मी हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस बल के साथ चैकी एस आई अर्जुन यादव के साथ पहुंचे थाना प्रभारी रतन शर्मा ने दोनों शव को कब्जे में लेते हुए तीसरे को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया। कार्यवाहक चैकी प्रभारी अर्जुन यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृतक सूरज पुत्र यमुना प्रसाद उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी डीली सरैयां पूरे पराग थाना खंडासा दूसरे राजू पुत्र सज्जन उम्र लगभग 34 वर्ष निवासी पहाड़पुर थाना बाबा बाजार व घायल राजेश यादव पुत्र राज करन कंकाली टोला पूरे प्रभात का पुरवा थाना खंडासा के रूप में हुई है। शव की सुपुर्दगी एवं घायल के इलाज के लिए परिजनों को सूचना देकर बुला लिया गया है।

## एसआईआर कार्य का नहीं मिला भुगतान, नाराजगी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को एक वर्ष बीतने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। भुगतान न होने से कार्यकत्रियों में भारी आक्रोश है। अमानीगंज ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्री सोनू पाण्डेय ने बुधवार 10 सितंबर को बताया कि पिछले वर्ष के दौरान अमानीगंज ब्लॉक की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य किया था। दिन-रात मेहनत करने के बाद भी आज तक 6000 रुपये की मानदेय राशि खाते में नहीं आई है। कार्यकत्रियों का कहना है कि एसआईआर कार्य शुरू होने से पहले अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया था कि कार्य समाप्त होते ही मानदेय की धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में भेज दी जाएगी। लेकिन एक वर्ष होने को है, अभी तक भुगतान लंबित है। सहायिकाओं ने बताया कि अन्य जिलों में एसआईआर का भुगतान कब का हो चुका है, लेकिन अयोध्या जिले के मिल्कीपुर तहसील में ही भुगतान रोका गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि वे पहले से ही कम मानदेय पर काम कर रही हैं और ऊपर से अतिरिक्त कार्य कराया जाता है।

# ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को संजोना हम सभी की जिम्मेदारी



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक रेवती राम तालाब मेला में सदर विधायक अदिति सिंह ने पहुंचकर क्षेत्रवासियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात की। मेले में पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और आयोजक साथियों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। इस दौरान सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि रेवती राम तालाब मेला क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। ऐसे मेले हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे और एकता को भी मजबूत करते हैं।

उन्होंने कहा, क्षेत्र की जनता से मिलना और उनकी समस्याओं व सुझावों को सीधे सुनना मेरे लिए हमेशा प्राथमिकता रही है। क्षेत्रवासियों का अपार स्नेह, अपनापन और आशीर्वाद मुझे जनसेवा एवं विकास के संकल्प के साथ और अधिक मजबूती से कार्य करने की ऊर्जा देता है।

अदिति सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान और रायबरेली सदर क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेंगी। उन्होंने मेले में आए नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया। सदर विधायक ने मेले के भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए वार्ड नंबर-2 के सभासद प्रतिनिधि एवं आयोजन समिति के सभी कर्मठ साथियों का आभार जताते हुए कहा कि ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को संजोए रखने का उनका प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, स्थानीय नागरिक, आयोजन समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अल्फा कॉन्वेंट स्कूल में सीनियर सेकेंडरी विद्यार्थियों की हुई कैरियर काउंसलिंग

**सलोन, रायबरेली।** अल्फा कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में सीनियर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कैरियर काउंसलर तारिक सिद्दीकी ने विद्यार्थियों से विस्तारपूर्वक संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान जॉब सिनेरियो, सीखने के बदलते दृष्टिकोण सोशल स्किल्स के महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। काउंसलर ने विद्यार्थियों को बदलते रोजगार बाजार और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर अवसरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कम्युनिकेशन स्किल्स, टीमवर्क, क्रिटिकल थिंकिंग, अनुकूलन क्षमता और सामाजिक कौशल भी सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विभिन्न रोजगार क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और कौशल के अनुरूप करियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने करियर से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका काउंसलर द्वारा सरल एवं व्यावहारिक ढंग से समाधान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## याद किये गये भारत रत्न पं.गोविंद वल्लभ पंत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खिलाड़ियों ने दिया सम्मान उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री भारत रत्न से सम्मानित रह चुके पंत जी को जन्म दिन के अवसर पर जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर और राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी विक्रम सिंह ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया, उनकी याद में स्थापित स्पोर्ट्स स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने खेल को आगे ले जाने में अपने जिले को गौरवान्वित करने की बात कही स इस अवसर पर स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा प्रदीप यादव रामनरेश आनंद श्रीवास्तव आशा आशुतोष श्रीवास्तव सहित खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## उत्कर्ष सिंह का जू.असिस्टेंट पद पर हुआ चयन, खुशी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी के मेधावी छात्र उत्कर्ष सिंह का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से जूनियर असिस्टेंट पद पर चयन हुआ है। उनकी सफलता से परिवार और संस्थान में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार ने उत्कर्ष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उत्कर्ष सिंह ने वर्ष 2022 में स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी से कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और संस्थान का नाम रोशन किया। उत्कर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। उत्कर्ष के चयन की जानकारी मिलने पर स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी परिवार की ओर से उनका और उनके परिजनों का स्वागत किया गया। संस्थान के संस्थापक राम किशोर पांडेय, एचआर मैनेजर अनूप मिश्रा, प्रधानाचार्य दीपक कुमार उपाध्याय और विनय कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने उत्कर्ष को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। संस्थान पदाधिकारियों ने कहा कि उत्कर्ष की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## 20 हजार रुपये नहीं दिये तो फर्जी केस में फंसाने की धमकी, नौ पर मुकदमा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्रामसभा की जमीन पर हो रहे निर्माण को रोकने पहुंची राजस्व टीम की कार्रवाई के बाद विवाद बढ़ गया। शिकायतकर्ता ने पूर्व चैकी प्रभारी समेत पुलिसकर्मियों पर 20 हजार रुपये मांगने, मारपीट करने और रुपये न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर बुधवार शाम मोतिगरपुर थाने में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मलिकपुर मजरे नानेमऊ निवासी हरिओम मिश्र ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके घर के सामने गाटा संख्या 337 नवीन परती और गाटा संख्या 331 गली की भूमि पर पड़ोसी निर्माण करा रहे थे। शिकायत पर 14 मई 2025 को तहसीलदार जयसिंहपुर मयंक मिश्रा के आदेश से निर्माण रुकवाया गया था। हरिओम का आरोप है कि 18 जून 2025 को बेलहरी चैकी प्रभारी भरत सिंह चार अज्ञात सिपाहियों के साथ पहुंचे। विवाद के बाद पुलिसकर्मी उन्हें थाने ले जाने लगे। रास्ते में 20 हजार रुपये मांगे गए और इनकार करने पर मारपीट व धमकी दी गई। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर भरत सिंह, चार अज्ञात सिपाहियों समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## सेवार्थम ने की सड़क हादसे में घायल प्रेम की मदद

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल रामगढ़ निषाद बस्ती निवासी प्रेम कुमार निषाद (33) जौनपुर के शेखर क्रांति हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। सिर में गंभीर चोट के चलते उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों के मुताबिक प्रेम वेंटिलेटर पर हैं। वह परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य हैं और ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे के बाद इलाज का खर्च उठाना परिवार के लिए मुश्किल हो गया। जानकारी मिलने पर सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी ने मदद के लिए पहल की। फाउंडेशन की टीम ने रामगढ़ पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और जौनपुर अस्पताल पहुंचकर प्रेम के स्वास्थ्य की जानकारी ली। डॉ. आशीष तिवारी ने इलाज के लिए 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। साथ ही परिवार की जरूरतों को देखते हुए खाद्य सामग्री और राशन की व्यवस्था भी कराई। उन्होंने परिजनों को आगे भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रेम के इलाज के लिए आर्थिक मदद जुटाने के उद्देश्य से डॉ. तिवारी ने सोशल मीडिया पर लोगों से सहयोग की अपील की। इसके बाद कई लोग सहायता के लिए आगे आए और प्रेम के खाते में मदद राशि भेज रहे हैं। फाउंडेशन ने सक्षम लोगों से भी पीड़ित परिवार की सामर्थ्य के अनुसार मदद करने की अपील की।

## अपना दल (एस) के मनोनीत जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**महराजगंज, रायबरेली।** अपना दल (एस) के मनोनीत जिला अध्यक्ष मान सिंह पटेल का ब्लॉक परिसर में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपना दल एस के पूर्व प्रत्याशी लक्ष्मीकांत रावत ने जिला अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया। वही आई हुई जनता एवं सम्मानित लोगो को भी फूल माला व अंगवस्त्र पहना सम्मान दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शरद सिंह, जन्मेजय सिंह एवं सत्येंद्र प्रताप सिंह ने संगठन को मजबूत करने और कार्यकताओं को एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर कार्य करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता और आपसी समन्वय से ही संभव है। इस दौरान अपना दल एस एवं भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मान सिंह पटेल ने सभी का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। वही कार्यक्रम के आयोजक एवं पूर्व प्रत्याशी अपना दल लक्ष्मीकांत रावत ने भी सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट बेलगाम सीएमएस के आदेशों की उड़ा रहे धज्जियां

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में प्राइवेट मेडिकल पर लगी रोक की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सीएमएस डॉ राजेश सिंह द्वारा जारी आदेश के बावजूद फार्मासिस्ट नया तरीका अपनाकर प्राइवेट मेडिकल के लिए भर्ती दिखाकर धड़ल्ले से करा रहे हैं। अधीक्षक अजय चैधरी के निदेर्शों की भी खुली अवहेलना हो रही है। जिला अस्पताल में प्राइवेट मेडिकल पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी व्यवस्था ध्वस्त होती दिख रही है। सीएमएस ने स्पष्ट आदेश जारी कर प्राइवेट मेडिकल पर रोक लगाई थी, लेकिन फार्मासिस्टों ने इसे दरकिनार कर नया रास्ता निकाल लिया है। वे प्राइवेट मेडिकल को भर्ती के नाम पर दिखाकर काम चला रहे हैं। अधीक्षक अजय चैधरी ने कोतवाली नगर, कैंट और महिला थाना क्षेत्र में पुलिस मेडिकल कराने का स्पष्ट निर्देश दिया था। इन थानों के अंतर्गत आने वाले मामलों का मेडिकल अस्पताल में ही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होना था। इसके बावजूद आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए प्राइवेट मेडिकल बेरोकटोक जारी है। पहले व्यवस्था कुछ अलग थी। पीड़ित से प्रार्थना पत्र लिखवाया जाता था। इसके बाद प्रार्थना पत्र फॉरवर्ड कराए जाने के नाम पर 500 रुपया अतिरिक्त लिया जाता है अब फार्मासिस्टों ने यह प्रक्रिया भी बंद कर दी है। वे पीड़ित से प्रार्थना पत्र लेना छोड़ चुके हैं और अधिकारियों को गुमराह कर सीधे प्राइवेट मेडिकल करा रहे हैं। पुलिस जब मुलजिम लाती है तो कुछ चिकित्सक उनका मेडिको लीगल ऑनलाइन कर देते हैं, लेकिन प्राइवेट मेडिकल ऑफलाइन ही चल रहा है। इससे नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है। जिला अस्पताल में मेडिकल संबंधी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। फार्मासिस्ट और कुछ चिकित्सक आदेशों की अवहेलना कर अपनी मनमानी कर रहे हैं। अब अधीक्षक अजय चैधरी और प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक राजेश सिंह इन चिकित्सा कर्मियों व फार्मासिस्टों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं, यह देखना बाकी है। नियमों की अवहेलना जारी रही तो प्रशासनिक व्यवस्था पर और सवाल खड़े होंगे।

## भाजपा के प्रदेश महामंत्री का स्वागत

**अयोध्या।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री के अयोध्या आगमन पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा नेता अमल गुप्ता और सुप्रीत कपूर ने प्रदेश महामंत्री को माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश महामंत्री से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकताओं की सक्रियता और समर्पण से लगातार मजबूत हो रहा है। प्रदेश महामंत्री ने कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने आंदोलन का बिगुल फूंका



- 16 सितंबर को अयोध्या और 21 को लखनऊ में धरना-प्रदर्शन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** रोडवेज कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की शाखा सुलतानपुर ने गुरुवार को बस स्टेशन पर जनजागरण कार्यक्रम कर कर्मचारियों को मांगों के प्रति जागरूक किया। संघ ने 16 सितंबर को क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय, अयोध्या धाम में ज्ञापन देने और 21 सितंबर को परिवहन निगम मुख्यालय, देवी कोठी लखनऊ में धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और 17 सूत्रीय मांगपत्र पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कर्मचारियों से आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा संरक्षक बीसी शुक्ला ने किया। श्रमिक समाज कल्याण संघ के शाखा मंत्री मो. अंसार ने आंदोलन को संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। शाखा मंत्री प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि मांगों के निस्तारण के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में सिद्धनाथ तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, राम आशीष, लक्ष्मण प्रसाद, दिनेश सिंह, पवन कुमार पांडेय, संजीव कुमार, बीडी यादव, बैजनाथ, बलराम मिश्रा, तेजेंद्र मिश्रा, केके पांडेय, दिनेश कुमार सरोज, सुरेश कुमार सरोज, अरविंद कुमार, ज्ञान तिवारी, खुशी समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोक अदालत के माध्यम से जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

**सलोन,रायबरेली।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को ब्लॉक सभागार सलोन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को लोक अदालत के माध्यम से वादों के त्वरित एवं सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण की जानकारी दी गई। ग्राम न्यायालय सलोन की न्यायाधीश मृणालिनी श्रीवास्तव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन वर्ष 1987 में समाज के गरीब, असहाय, निर्बल, महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों, श्रमिकों और दिव्यांगजनों को सुलभ एवं निश्शुल्क न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। प्राधिकरण लगातार अपने कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता उपलब्ध करा रहा है।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मुकदमों का बोझ कम करने के साथ ही आमजन को शीघ्र एवं सरल न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

इस दौरान तहसीलदार अवनीश कुमार सलोन ने भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों और लोक अदालत की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर में ग्रामीणों को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए लोक अदालत में अपने लंबित मामलों का निस्तारण कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी, नागार्जुन प्रसाद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रांतीय खेलसमारोह में सुलतानपुर बना ओवर ऑल चैंपियन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** विद्या भारती के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 37वें प्रांतीय खेलकूद समारोह का समापन सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज सिरवारा मार्ग में हुआ। मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के सदस्य रुपेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है। खेल प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों में प्रतिभा और आत्मविश्वास विकसित करने का माध्यम हैं। काशी प्रांत के नौ संकुलों के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। 231 अंक प्राप्त कर सुलतानपुर संकुल ने ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। 183 अंक के साथ केशव संकुल दूसरे और 123 अंक लेकर माधव संकुल तीसरे स्थान पर रहा। शारीरिक प्रमुख जगदंबा प्रसाद तिवारी ने बताया कि एथलेटिक्स के तरुण वर्ग में सुलतानपुर के अमित निषाद ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और ट्रिपल जंप में प्रथम स्थान हासिल किया। बाल वर्ग में आदर्श मौर्य ने 100 व 200 मीटर दौड़ में प्रथम तथा लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में आदर्श पाल ने 100 व 400 मीटर में द्वितीय स्थान पाया। बालिका तरुण वर्ग में विवेकानंद नगर की बालिकाओं का दबदबा रहा। कार्यक्रम में जिला प्रचारक देवदत्त, प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्रा समेत पदाधिकारी, आचार्य, खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## डीआरडीए के बाबुओं से आहत परियोजना निदेशक ने दिया सशर्त इस्तीफा

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) में लंबे समय से एक ही पटल पर जमे कर्मचारियों और पुराने सरकारी खातों को लेकर विवाद गहरा गया है। परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शिकायतों और मौजूदा परिस्थितियों के बीच सशर्त रूप से पदीय दायित्वों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। उन्होंने पांच वर्ष से अधिक समय से सम्बद्ध मनोज कुमार श्रीवास्तव और आशिक लेखाकार अमित कुमार श्रीवास्तव को हटाए जाने की मांग अनसुनी किए जाने का आरोप लगाया है। परियोजना निदेशक के अनुसार शासन की व्यवस्था के तहत तीन वर्ष बाद कर्मचारी का पटल बदला जाना चाहिए। आरोप है कि दोनों कर्मचारी पांच वर्ष से अधिक समय से एक ही जगह सम्बद्ध हैं। पटल परिवर्तन का आदेश होने के करीब दो माह बाद भी चार्ज का आदान-प्रदान नहीं कराया गया। अशोक कुमार सिंह ने वर्ष 2014 में बंद हो चुकी इंदिरा आवास योजना के खाते को अब तक बंद नहीं किए जाने पर भी सवाल उठाया है। उनके अनुसार खाते में करीब 72 लाख रुपये अब भी उपलब्ध हैं। उन्होंने बैंक की सूचना और 29 अगस्त के कार्यालय पत्र का हवाला देते हुए इसे गंभीर वित्तीय मामला बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों से विवाद के बाद जिलाधिकारी ने जांच कमेटी गठित की, लेकिन उन्हें कार्रवाई से अवगत नहीं कराया गया। एक यूट्यूबर पर विज्ञापन के नाम पर रुपये मांगने और नाम के साथ जातिसूचक शब्द जोड़कर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। इन परिस्थितियों से आहत होकर उन्होंने गुरुवार को सशर्त इस्तीफा दिया। पत्र की प्रतिलिपि शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और मंडलायुक्त अयोध्या समेत अन्य अधिकारियों को भेजी गई है।

# हर बूथ की नब्ज टटोलकर जीत की राह तलाशेगी भाजपा

जिला संवाददाता (vol)




**अयोध्या।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल ने पार्टी कार्यालय सहादतगंज में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं पूर्व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारियों को आगामी चुनाव को लेकर अभी से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर माइक्रो लेवल पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए दिलीप पटेल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ का गहन अध्ययन किया जाए। वर्ष 2022 के विस चुनाव और 2024 के लोस चुनाव में बूथवार मिले मतों का विश्लेषण कर कमजोर बूथों को चिन्हित किया जाए। जिन बूथों पर पार्टी को अपेक्षाकृत कम मत प्राप्त हुए हैं, वहां विशेष रणनीति के तहत कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि कमजोर बूथों पर प्रत्येक पदाधिकारी कम से कम दस नए परिवारों से निरंतर संपर्क स्थापित करें। इन परिवारों से संवाद करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों तथा पार्टी की विचारधारा से उन्हें जोड़ने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती केवल बैठकों तक सीमित न रहे, बल्कि पदाधिकारी नियमित रूप से जनता के बीच पहुंचकर संवाद करें। प्रदेश महामंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से संवाद के दौरान वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की स्थिति और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में आए बदलावों की चर्चा करें। पूर्व की सरकारों में बिजली दुर्व्यवस्था, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं और प्रदेश में व्याप्त अराजकता जैसे विषयों को जनता के सामने तथ्यों के साथ रखा जाए। साथ ही योगी सरकार के कार्यकाल में हुए बदलाव और विकास कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया कि मजबूत बूथ के लिए माइक्रो लेवल पर कार्ययोजना तैयार करें और प्रत्येक बूथ की स्थिति का नियमित आकलन करें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत किया जा रहा है। कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों को लेकर पूरी सक्रियता के साथ जुटें और प्रत्येक बूथ पर संगठन की मजबूती के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं।

## मतगणना के बीच बवाल, जिला बार एसोसिएशन का चुनाव निरस्त

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की मतगणना के दौरान गुरुवार को कथित अनियमितता को लेकर विवाद खड़ा हो गया। हंगामे के बीच शार्टिंग किए गए मतपत्रों को कुछ लोगों द्वारा जबरन ले जाने के आरोप लगे। स्थिति बिगड़ने पर मतगणना रोकनी पड़ी। घटना के दौरान मतगणना कक्ष में अव्यवस्था और कुछ अधिवक्ताओं के बीच हाथापाई की सूचना भी सामने आई। पूरे घटनाक्रम के कैमरों में रिकॉर्ड होने की बात एल्डर्स कमेटी ने कही है। विवाद के बाद कमेटी ने 9 सितंबर को हुए मतदान समेत पूरी चुनाव प्रक्रिया निरस्त कर दी। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र प्रताप दूबे की ओर से जारी आदेश के अनुसार, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के निर्देश पर चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके तहत 9 सितंबर को मतदान, 10 सितंबर को मतगणना और 11 सितंबर को परिणाम घोषित किया जाना था। छह बूथों पर हुए मतदान में 2080 में से 1853 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। गुरुवार को मतपत्रों की शार्टिंग के दौरान कुछ प्रत्याशियों ने मतदान में अनियमितता का सवाल उठाया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कुछ लोग शार्ट किए गए मतपत्र लेकर जाने लगे। मौके पर कुर्सियां टूटी मिलीं और मतपत्रों के बंडल भी इधर-उधर पड़े दिखाई दिए। घटना के बाद एल्डर्स कमेटी ने चुनाव निरस्त करने का आदेश जारी किया।

संक्षेप

## हिंदी के विकास पर गोष्ठी 14 को

**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा 11 सितंबर से 14 सितम्बर तक 'हिन्दी समारोह' का आयोजन किया जा रहा है. 14 सितम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से हिन्दी के विकास के बिना देश का सर्वांगीण विकास असम्भव? विषय पर वाद -विवाद प्रतियोगिता होगी। यह प्रतियोगिता माध्यमिक स्तर पर आयोजित है। अतः नगर के माध्यमिक विद्यालयों से निवेदन है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अपने छात्र छात्राओं को सभा में भेजने का कष्ट करें। 13 सितम्बर को 2.00 बजे अपराह्न काव्य संगोष्ठी तथा 14 सितंबर 2026 को हिन्दी दिवस के अवसर पर अपराह्न 1.30 बजे से सभा के तुलसी सभागार में सम्मान समारोह होगा। इस वर्ष पुटपुर्ति नाग पद्मिनी, हिन्दी प्रचारक, हैदराबाद, तेलंगाना को नागरी रत्न; सुरेन्द्र वाजपेई, प्रख्यात उपन्यासकार, वाराणसी को नागरी भूषण तथा सर्वेश तिवारी संवहार को नागरी श्री सम्मान से सभा की ओर से सम्मानित किया जायेगा।

# डीएम ने फौजदारी और राजस्व अभिलेखागार का लिया जायजा

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने फौजदारी एवं राजस्व अभिलेखागार का मुख्य राजस्व अधिकारी वीके सिंह के साथ औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों अभिलेखागार में अभिलेखों से संबंधित सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अभिलेखों को सुव्यवस्थित रूप से रखे जाने तथा मांगे गए अभिलेखों को संबंधित आवेदक को सुगमता के साथ मुआयना के लिए उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अभिलेख महत्वपूर्ण होते हैं और महत्वपूर्ण अभिलेखों के साथ-साथ लोगों के अधिकारों से जुड़े होते हैं। इनका रखरखाव पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी होना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर कोई शिथिलता न हो, यह सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सुनिश्चित करेंगे जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पूरे अभिलेखागार का भ्रमण कर रखरखाव एवं साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही अभिलेखों को सुरक्षित रूप से रखे जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि मांगे गए अभिलेख आवेदकों को सभी अपेक्षित अभिलेख समय से एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराए जाएं। किसी भी आवेदक को अभिलेखों को लेकर कोई शिकायत न रहे, यह पूरी तरह सुनिश्चित किया जाए निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखागार से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



## बीओसीडब्ल्यू श्रमिकों व उनके परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने को चलेगा विशेष अभियान

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में स्वास्थ्य विभाग एवं श्रम विभाग की संयुक्त समन्वय बैठक हुई।

बैठक में जीरो पावर्टी के तहत चिन्हित एवं पंजीकृत बीओसीडब्ल्यू (इडब्ड) श्रमिकों तथा उनके परिवारों के करीब 38,736 परिवारों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किए जाने को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इसके साथ ही 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर भी विशेष जोर दिया गया जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक विकासखंड में विशेष शिविर आयोजित कर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

उन्होंने 17, 21, 23, 25 एवं 29 सितंबर को विशेष कैंप लगाकर श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कार्ड तैयार होने के बाद तहसील स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उनका वितरण कराया जाएगा। सभी विकासखंडों के खंड विकास अधिकारियों को लाभार्थियों का विस्तृत डाटा उपलब्ध करा दिया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव, आशा, एएनएम, सीएचओ, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक पात्र लाभार्थियों को मोबिलाइज करते हुए आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगे जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकासखंड में प्रतिमाह न्यूनतम एक हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। स्वास्थ्य एवं श्रम विभाग संयुक्त रूप से अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा करेंगे। उन्होंने अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए पात्र बीओसीडब्ल्यू श्रमिकों एवं उनके परिवारों को अधिकतम कवरेज प्रदान करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड के लाभ से वंचित न रहे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## दीनापट्टी मुसहर बस्ती में लगी विकास चौपाल



**कुशीनगर।** जिले के कसया विकास खंड के ग्राम मैनपुर स्थित दीनापट्टी मुसहर बस्ती में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विकास चौपाल का आयोजन किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार फैसल आलम की अध्यक्षता में आयोजित इस चौपाल में ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं को सुना गया। चौपाल को संबोधित करते हुए उपायुक्त फैसल आलम ने कहा कि सरकार मुसहर समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान आवास, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, बाल पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, श्रम और आपूर्ति विभाग से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सामने आई कमियों को शीघ्रता से निस्तारित करने के सख्त निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। कार्यक्रम के अंत में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से पारंपरिक रूप से महिलाओं की गोदभराई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कसया रवि रंजन, ग्राम पंचायत सचिव डॉ. सरिता गुप्ता, एडीओ सुप्रिया भारती, ग्राम प्रधान प्रभुनाथ प्रसाद, शुभम निगम और रणजीत सिंह नागेन्द्र प्रसाद अरविन्द कुमार अवधेश संजय यादव तबस्सुम परवीन, मधुसूदन सिंह नेहा अर्चना गोपाल यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छठिहार मानने के साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव संपन्न

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिले में लगभग एक सप्ताह तक विभिन्न मंदिरों स्थानो पर भजन ,कीर्तन पूजा पाठ कर मनाया जाने वाला कृष्ण जन्मोत्सव छठीहार ( छठवें दिन ) मनाने के साथ ही संपन्न हो गया। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न पशुओं चौराहा बाजरो स्थान गांव में स्थापित श्री कृष्ण की प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ छोटी गंडक सरजू नदी में श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। नगर पंचायत रूद्रपुर के शिवाला वार्ड में कृष्ण जन्माष्टमी व छठिहार पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षिका सह पूर्व वार्ड सदस्य प्रभावती देवी के आवास पर लगातार छठ दिनों तक सोहरगीत भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। भगवान कृष्ण की भव्य झांकी सजायी गई। इस अवसर पर शाम को भोज का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी के छठे दिन मनाए जाने वाले इस पारंपरिक उत्सव के लिए मंदिरों, घरों पर लोगों द्वारा पूरी तैयारी की गई थी। देर रात तक श्रद्धालुओं का छठिहार पर आने जाने का सिलसिला जारी रहा। पूरा मुहल्ला भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। जय कन्हैया लाल की गुंज से गुंज उठा। छठिहार पर्व के लिए विशेष पूजा-अर्चना और तैयारियां की गईं थी। सुंदर झांकिया सजायी गई थी। बाल गोपाल को पालने में बैठाकर झुलाया जा रहा था इसके लिए श्रद्धालुओं की भीड़ झुलाने के लिए काफी परेशान थी शाम को मेले जैसा नजारा लगा रहा। खासकर महिलाओं ने जन्माष्टमी के दिन से लेकर लगातार छठिहार तक सोहर गीत गाती रही और माहौल को भक्तिमय बना दिया था। बच्चों में भी खुशी लगी रही। छठिहार के दिन बच्चे कृष्ण व राधा का रूप धारण किए हुए थे। इस अवसर पर कीर्तन मंडली के संतदर्शन विश्वकर्मा की टीम के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया इस अवसर पर स्वामी कार्तिकेय तिवारी इंद्रसेन त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चंद्र मद्धेशिया, सुनील त्रिपाठी, डा धनंजय पटवा, बबलू कुशवाहा, शिवेंद्र त्रिपाठी उर्फ गुंजन , आनंद वर्मा, संदीप उर्फ गोलू त्रिपाठी, अनुज श्रीवास्तव, कृष्णा त्रिपाठी, अंजन त्रिपाठी, श्रेयांश, अयांश, अरूण मद्धेशिया, समीररूल बेगम, विमला, आशा स्नेहलता, बबलू मद्धेशिया, मनोज पांडेय, श्रानेश्वर गुप्ता, जगदीश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, गोविंद सहित मुहल्ले के काफी संख्या में लोग लोग शामिल थे। सभी लोगों ने छठिहार पर्व पर भगवान का प्रसाद ग्रहण करने के बाद अपने अपने घर गए।

## गणपति बप्पा मोरया पूजा समिति पुनर्गठित

**जौनपुर।** नगर पंचायत जफराबाद 15 से 20 सितम्बर तक गणपति बप्पा मोरया के जयकारे से गुंजायमान रहेगा। गणपति बप्पा मोरया पूजा समिति जफराबाद के कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बे के नासही मोहल्ले में पूरे विधि विधान से विघ्न राज गणेश जी की प्रतिमा 15 सितम्बर को स्थापित करेंगे। पुरोहित ब्रम्हानन्द मिश्र द्वारा विधिपूर्वक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा। रमाशंकर साहूँ उर्फ बबलू पत्नी सहित पूजा के संकल्पित यजमान होंगे। गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन 20 सितम्बर को भव्य शोभायात्रा के साथ किया जायेगा। मीडिया प्रभारी बृजनन्दन स्वरूप ने बताया कि उक्त गणेश पूजन हेतु समिति पुर्नगठित की गई है, जिसमें पूर्व सभासद चन्द्रशेखर सरोज को अध्यक्ष, संजय शर्मा, उदित साहू उर्फ मोनू को उपाध्यक्ष, अविनाश पाल को महामंत्री, रोहिता गुप्ता को संगठन मत्री, मानव साहू एवं कृष्णा साहू को सूचना मंत्री, प्रकाश विश्वकर्मा व संतोष शर्मा को मंत्री, अनिल गुप्ता को कोषाध्यक्ष, संजीव निगम व सोनू बरनवाल को आय-व्यय निरीक्षक, बृजनन्दन स्वरूप वं अखिलेश सिंह को मीडिया प्रभारी, रवि साहू व रमेश साहू को व्यवस्थापक, विनय गुप्ता को संचालनकर्ता व वरिष्ठ सलाहकार, रमाशंकर साहू को पूजा प्रभारी, राजबब्बर यातायात निरीक्षक, राजीव व रेनू गुप्ता को सांस्कृति कार्यक्रम प्रभारी, विनय निगम व नीरज निगम को कार्यक्रम प्रभारी, ईशान्त शर्मा, विश्वजीत साहू, को प्रसाद प्रभारी तथा

# डीएम की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक

## 15 सितंबर से 13 अक्टूबर तक मछुआ बाहुल्य गांवों में होंगे कैंप

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य तथा उपायुक्त, वाणिज्य कर के साथ बैठक हुई। इसमें मत्स्य विक्रेताओं एवं मछुआ समुदाय को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई।

नगर पालिका परिषद देवरिया क्षेत्र में वर्तमान में संचालित मछली मंडी के प्रस्तावित स्थानांतरण के संबंध में जिलाधिकारी ने मत्स्य विभाग को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में कार्यरत सभी मत्स्य विक्रेताओं को मत्स्य विभाग की पात्रतानुसार विभिन्न कल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, ताकि स्थानांतरण की प्रक्रिया के दौरान उनके हितों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। जनपद के



प्रत्येक विकासखंड के अंतर्गत आने वाले मछुआ बाहुल्य गांवों में 15 सितंबर से 13 अक्टूबर तक विशेष कैंप लगाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कैंप में मत्स्य विभाग, वाणिज्य कर विभाग तथा संबंधित बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे तथा यहां मत्स्य पालकों एवं मछुआ समुदाय को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), मछुआ दुर्घटना बीमा योजना तथा मत्स्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया भी मौके पर पूरी कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए पात्र मत्स्य पालकों एवं मछुआ समुदाय तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के निर्देश दिए उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मछुआरा समुदाय एवं मत्स्य पालकों के लिए ह्यसमृद्धि मत्स्य पालक-सशक्त मछुआरा परिवारह्न के तहत विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। शिविर में पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके तहत गंभीर बीमारियों एवं शल्य चिकित्सा के लिए पांच लाख रुपये तक चिकित्सा सहायता का प्रावधान है। मत्स्य पालक एवं मछुआरा परिवार की महिलाओं को केज स्थापना के लिए प्रति आवेदिका चार से आठ केज तक अनुदान दिया जाएगा। प्रति केज लागत तीन लाख रुपये है। विभागीय अनुदान/सहायता 1.80 लाख है मछली विक्रेताओं को मोपेड सह आइसबॉक्स उपलब्ध कराने के लिए 60 हजार रुपये तक की परियोजना लागत पर 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम 24 हजार रुपये तक सहायता दी जाएगी। दशमोत्तर छात्रों को शिक्षा, कोचिंग एवं कौशल उन्नयन के लिए 10 हजार से 50 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति दी जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर मछुआरा परिवारों की पुत्री के विवाह के लिए एक लाख रुपये तक वैवाहिक सहायता का प्रावधान है।

# नागरी प्रचारिणी में मनी जनवादी कवि ध्रुवदेव मिश्र पाषाण की जयंती

**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभागार में बुधवार को जनवादी कवि ध्रुवदेव मिश्र पाषाण की जयंती स्मृति संवाद व कवि गोष्ठी के साथ मनाई गई दिवंगत कवि को मौजूद साहित्यकारों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए

- हिंदी साहित्य के महामानव थे कवि पाषाणः दिवाकर तिवारी
- मनुष्यता के लिए लड़ते-लड़ते बीता कवि पाषाण का पूरा जीवनः इंद्र कुमार दीक्षित

वरिष्ठ साहित्यकार व दीनानाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा कि ध्रुवदेव मिश्र पाषाण साहित्य के महामानव थे। उनकी कविताएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी।

डा. त्रिपाठी ने कहा कि पाषाण के साहित्य को बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। उनके जैसे कवियों का साहित्य कालजई होता है। आधुनिक कविता की चर्चा ध्रुवदेव मिश्र पाषाण के बिना अधूरी है।

उन्होंने कहा की कविता की यात्रा वैश्विक होती है। हर क्रांतिकारी के मन में पहले विकल्प का जन्म होता है। किसी रचनाकार को समझना अपने-अपने हिस्से को समझना होता है। सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य इंद्र कुमार दीक्षित ने कहा कि मनुष्यता के लिए पाषाण का सारा जीवन लड़ते-लड़ते बीता था। कवि व चिंतक उद्धव मिश्र ने कहा कि समता मूलक समाज में काम करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जगदीश नारायण उपाध्याय ने कहा कि उनका उपनाम पाषाण था लेकिन अंदर से उनका हृदय बहुत ही कोमल था। कवि आशुतोष तिवारी ने कहा कि जनवादी कवि पाषाण कविताओं को लिखते ही नहीं थे जीते भी थे। डॉ. चतुरानन ओझा ने कहा कि स्वर्गीय पाषाण की रचनाओं को पढ़ने के साथ अमल किया जाए यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कवि व चिंतक पुलस्तेय ने कहा कि स्व. पाषाण क्रांति धर्मी थे। उनकी सोच व दृष्टि वर्तमान में हमारे पास नहीं है। शिवाजी राय ने कहा कि उन्होंने किसानों, मजदूरों व मजलूमों की लड़ाई लड़ी। गिरिजेश मिश्र ने अपनी भावपूर्ण कविता से उन्हें श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ साहित्यकार सौदागर सिंह ने भी अपनी कविता के जरिए ध्रुवदेव मिश्र पाषाण के व्यक्तित्व को याद किया।



रविप्रकाश मिश्र छोटे ने कहा कि उनकी कृतियां सदैव स्मरण की जाती रहेंगी। कार्यक्रम को डॉ. शकुंतला दीक्षित, डॉ. दुर्गा पांडे ने संबोधित किया। इस दौरान डॉ. एसएन मणि, कौशल किशोर मणि, दयाशंकर कुशवाहा, आशुतोष तिवारी, ताज मुहम्मद, श्वेता पांडेय, गिरिजेश मिश्र, सीमा नयन, प्रार्थना राय, रंजिता, अंजली अरोरा खुशबू, क्षमा श्रीवास्तव, माही, पार्वती देवी, लालता प्रसाद चौधरी, योगेंद्र पाण्डेय, राममनोहर मिश्र मिहिर ने अपनी काव्य रचनाओं को पढ़ने के साथ ही जनवादी कवि के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन कवि सरोज कुमार पाण्डेय ने किया। रविन्द्रनाथ तिवारी ने कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. दिवाकर प्रसाद तिवारी व वरिष्ठ साहित्यकार दुर्गा पाण्डेय को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। कवि छेदी प्रसाद गुप्त ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस दौरान कौशल किशोर मिश्र, एडवोकेट ब्रजेश पांडेय, डॉ. मधुसूदन मिश्र, प्रेम अग्रवाल, पवन कुमार मिश्र, सत्येंद्र मणि त्रिपाठी, योगेंद्र पांडेय, सुभाष राय, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, राजेश आजाद, संजय यादव विनोद कुमार अग्रवाल, हरिंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## ओडीओसी के तहत आधुनिक एवं स्मार्ट पैकेजिंग को लेकर कार्यशाला आयोजित

**देवरिया।** एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित विभिन्न व्यंजनों की पैकेजिंग को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला का उद्देश्य दही-चूड़ा, गुड़ की जलेबी, मालपुआ एवं बाटी-चोखा जैसे स्थानीय व्यंजनों की सेल्फ लाइफ बढ़ाने, इको-फ्रेंडली एवं सुरक्षित पैकेजिंग को प्रोत्साहित करने तथा क्यूआर कोड, न्यूट्रिशन लेबलिंग एवं बार कोड युक्त आधुनिक पैकेजिंग प्रणाली विकसित करने के संबंध में उद्यमियों को जानकारी प्रदान करना रहा। साथ ही, प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से थीम आधारित एवं एक्सपोर्ट रेडी पैकेजिंग के संबंध में उद्यमियों को दक्ष बनाने पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला में भारतीय पैकेजिंग संस्थान एवं उद्यमिता विकास केंद्र, लखनऊ से आए डॉ. प्रवीण कुमार दुबे एवं डॉ. शिवी केशरवानी ने जनपद के उद्यमियों, पदाधिकारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न उत्पादों की आधुनिक एवं आकर्षक पैकेजिंग की तकनीक, पैकेजिंग सामग्री के चयन, उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने की जानकारी दी गयी इस अवसर पर प्रमुख उद्यमी एवं पदाधिकारी प्रताप नारायण जायसवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष व्यापार मंडल शक्ति गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव आईआईए जे.पी. जायसवाल, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती दिनेश शुक्ला, महामंत्री अरुण कुमार बरनवाल, वरिष्ठ उद्यमी हरिश्चंद्र जायसवाल, महामंत्री राजकुमार मद्धेशिया, अन्य उद्यमी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं समापन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

## पथरदेवा में कालाजार बीमारी से सम्बंधित किया गया प्रशिक्षित

**देवरिया।** पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरी में सीफार के सहयोग से पीएसपी( पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म ) के सदस्यों सीएचओ, ग्राम प्रधान, एएनएम, संगिनी, आशा, आंगनबाडी, वालेंटियर को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में कालाजार बीमारी के वाहक, बचाव लक्षण, जांच, इलाज के बारे में जानकारी दी गई प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक सहयोगी संस्था सीफार के जिला प्रतिनिधि नीरज ओझा ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि कालाजार के जांच और इलाज की सुविधा है। सभी के जागरूक होने से ही कालाजार का उन्मूलन किया जा सकेगा। कालाजार के लक्षण मिलने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। तत्काल इलाज कराएं। प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि कालाजार जानलेवा है। यह बालू मक्खी के काटने से फैलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नमी वाली जगह व मकानों की दरारों में पाई जाती है। इससे बचाव के लिए सफाई व सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। कालाजार दो प्रकार का होता है। आशा, आंगनबाडी इस तरह के लक्षण वाले व्यक्ति मिलने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में जांच और इलाज कराएं। यह सुविधा निशुल्क है। बीसीपीएम आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि कालाजार बीमारी की वाहक बालू मख्खी से बचाव के लिए वर्ष में दो बार आईआरएस ( घर के अंदरूनी हिस्से ) में छिड़काव कराया जाता है। जिससे बालू मख्खी को समाप्त किया जा सके। प्रशिक्षण में बीपीएम नागेंद्र मल्ल, सीएचओ अनुराधा सिंह, एएनएम प्रीति सहित ग्राम प्रधान, आशा, आंगनबाडी, वालेंटियर मौजूद रहे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के दिए गए निर्देश

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला सैनिक बंधु की बैठक अपर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी, क्षेत्राधिकारी देवरिया सत्येंद्र कुमार राय तथा स्टेशन कमांडर गोरखपुर के प्रतिनिधि के रूप में 52 बटालियन एनसीसी, देवरिया के एक जेसीओ ने प्रतिभाग किया। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने किया।

अपर उप जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उनके अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली। बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। बैठक में करीब चार पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित हुए। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने चार प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। इनमें राजस्व अभिलेखों एवं खतौनी के आधार पर गाटा संख्या 332 की औपचारिक पैमाइश कराने, माता-पिता की सुरक्षा सुनिश्चित कराने, लेखपाल एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने, बैनामा की गई भूमि पर कब्जा दिलाए जाने सहित अन्य प्रकरण शामिल रहे।

अपर उप जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को पत्रावली प्रेषित कर प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए नियमानुसार शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों के लिए संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पूर्व सैनिक की मृत्यु के उपरांत मिलने वाले एश्योर्ड डिसेंट लास्ट राइट्स (एडीएलआर) के संबंध में भी पूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों को जानकारी प्रदान की। अंत में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने अपर उप जिलाधिकारी, विभागीय अधिकारियों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**आजमगढ़।** महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षार्थ और स्वालंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया गया।

जिले के सभी थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होंगे विविध जनकल्याणकारी कार्यक्रमः सीडीओ

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों एवं विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

अभियान का उद्देश्य मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के जनसेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को ह्यविकसित भारत-2047ह्नके सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प सेजोड़ना है बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के वितरण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को सभी विकासखंडों, ग्राम पंचायतों एवं न्याय पंचायतों में व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए उन्होंने निर्देशित किया कि प्रमुख मार्गों, नवनिर्मित स्थलों, भवनों, कार्यालयों, प्रमुख स्थानों एवं चौराहों सहित नदियों/घाटों के आसपास भी जनजागरूकता एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियां कराई जाएं। जनपद की

- 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान, अधिकारियों को व्यापक स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश

सभी विधानसभाओं में आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए उन्होंने ने कहा कि नए निर्माण स्थलों, भवनों, कार्यालयों, प्रमुख नदी घाटों, चौराहों पर दीप प्रज्वलित किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी निकालने तथा छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न विषयों पर वाद-विवाद एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि कक्षा 5 से 8 तक ड्राइंग, 9 से 12 तक भाषण प्रतियोगिता तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में संवाद तथा विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर भाषण/डिबेट आयोजित किया जाए प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने तथा विजेताओं के चयन में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा।

अभियान के दौरान विभिन्न विषयों से संबंधित वॉल पेंटिंग, सघन वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, वंचित बच्चों की शिक्षा में सहयोग, मतदाता जागरूकता एवं नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 दिवसीय उत्सव एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सार्वजनिक सम्मान करते हुए माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। हेल्दी बेबी प्रतियोगिता आयोजित कराने पर भी जोर दिया गया। सरकार की विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने तथा पैदल, साइकिल एवं मोटरसाइकिल रैलियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के सभी कार्यक्रमों में जनभागीदारी को केंद्र में रखते हुए प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं समन्वय सुनिश्चित किया जाए, जिससे अभियान के उद्देश्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, परियोजना निदेशक, एनआरएलएम, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के साथ कौशल विकास पर भी दें विशेष ध्यानः जागृति

जिला संवाददाता

**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित बचपन डे केयर

**सीडीओ ने बचपन डे केयर सेंटर का किया निरीक्षण**

सेन्टर, एल-2 भवन, लोढ़ी का निरीक्षण किया। सेन्टर में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की शिक्षण-प्रशिक्षण व्यवस्था एवं उन्हें उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली।

मुख्य विकास अधिकारी ने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रशिक्षण की प्रगति के संबंध में अध्यापकों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया तथा ड्रेस, बैग, कॉपी-किताब सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि बचपन डे केयर सेन्टर का संचालन नियमित एवं बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांग बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी प्रतिभा एवं कौशल को विकसित करने के लिए नवाचार आधारित गतिविधियों और अन्य प्रभावी प्रयासों को बढ़ावा दिया जाए, जिससे बच्चे अधिक सक्षम एवं आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चपन डे केयर सेन्टर के समन्वयक अध्यापक एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# आसमान पर क्रूड ऑयल

अमरीका और ईरान के बीच युद्ध लगातार घातक मोड ले रहा है। ऐसे में एक बार फिर क्रूड ऑयल की कीमतें आसमान पर पहुंच गयी हैं। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें पिछले कुछ दिनों से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई हैं। इसकी वजह पश्चिम एशिया में नए सिरे से भड़का तनाव और अमेरिका और ईरान के सहयोगियों के बीच निरंतर गोलीबारी है। अमेरिका ने कहा कि उसने मंगलवार को पांच ईरानी टैंकर नष्ट कर दिए। उसने कहा कि ऐसा क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों पर ईरान के हमलों के जवाब में किया गया है। इस बीच यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर हमले किए हैं। हूतियों का इरादा ईरान-सऊदी तेल निर्यात को निशाना बनाने का है। वे अपनी सरकार से भी लड़ रहे हैं जिसे सऊदी अरब का समर्थन हासिल है। ऐसे में लड़ाई के और भड़कने से क्षेत्र में अधिक उथलपुथल के हालात बनेंगे और वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित होगा। फरवरी के अंत में अमेरिका और ईरान के बीच लड़ाई छिड़ने के बाद से ही तेल कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव रहा है। दोनों पक्षों द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को रोकने के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार पर बहुत बुरा असर पड़ा क्योंकि यह कच्चे तेल के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें फरवरी के दूसरे सप्ताह में 70-75 डॉलर प्रति बैरल थीं जो मार्च में 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकल गईं। जून में युद्धविराम होने तक कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। युद्धविराम जल्दी ही टूट गया जिससे तेल की कीमतें बढ़ गईं। होर्मुज स्ट्रेट से तेल का प्रवाह जो युद्ध से पहले वैश्विक कच्चे तेल के करीब पांचवें हिस्से की आपूर्ति करता था पिछले कुछ दिनों में फिर से काफी घटा बताया जा रहा है। अमेरिका, ईरान को तेल बेचने



से रोककर, जिसका अधिकांश हिस्सा चीन को जाता था, युद्ध की आर्थिक लागत बढ़ाना चाहता है। यह अनिश्चित है कि अधिक आर्थिक लागत ईरान को अमेरिकी शर्तों को मानने के लिए मजबूर करेगी या नहीं। लेकिन युद्ध की लागत केवल ईरान तक सीमित नहीं है। ईंधन की ऊंची कीमतें पूरी दुनिया को प्रभावित कर रही हैं। इनमें अमेरिकी उपभोक्ता और कारोबार भी शामिल हैं। अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से ऊपर है और ईंधन की अधिक कीमतें हालात को और जटिल बना देंगी। बाजार के एक हिस्से का अनुमान है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ाएगा जिसके अपने असर होंगे। लगातार ऊंची तेल कीमतें भारत जैसे देश के लिए वृहद आर्थिक प्रबंधन को जटिल बना देती हैं क्योंकि उसकी जरूरतों का अधिकांश हिस्सा आयात पर निर्भर करता है। हालांकि अब तक स्थिति को अच्छी तरह संभाला गया है और पहली तिमाही के राष्ट्रीय खातों के आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है फिर भी मजबूत निर्यात प्रदर्शन के बावजूद बाहरी खातों पर दबाव बना रहा। इस दबाव के जारी रहने की संभावना को देखते हुए रिजर्व बैंक ने जून में विदेशी पूंजी प्रवाह आकर्षित करने के लिए एक रियायती स्वैप योजना की घोषणा की जिसमें प्रवासी भारतीयों से जमा भी शामिल हैं। प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही और यह रिजर्व बैंक को निकट भविष्य में बाहरी खाते को संभालने में मदद करेगी। हालांकि ऊंची तेल कीमतों और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए चालू खाते के घाटे के संभावित विस्तार और पूंजी प्रवाह पर दबाव की मूल समस्या बनी रहेगी। भारत में आगामी तिमाहियों में मुद्रास्फीति दर बढ़ने की आशंका है और ऊर्जा कीमतों का आंशिक असर भी इसे और ऊपर धकेलेगा जिससे मौद्रिक सख्ती की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए हाल ही में गैस की कीमतें बढ़ाई गईं। जैसा कि इस समाचार पत्र ने इस सप्ताह रिपोर्ट किया तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर अंडर-रिकवरी झेल रही हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी भरपाई कैसे होगी। फिलहाल क्रूड कीमतें ऊंची होना भारत के लिए बड़ा संकट है।

विचार

आवश्यकताएं सीमित रखें। आपकी आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।
–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।
–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।
–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।
–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।
–सुभाष चन्द्र बोस.

# भारतीय कूटनीति की होगी अग्निपरीक्षा



लोकमित्र

> भारत की सफलता किसी एक पक्ष के साथ खड़े होने में नहीं बल्कि ऐसी भाषा और ऐसा कूटनीतिक निष्कर्ष निकालने में होगी, जिसके चलते हमारी सभी पक्षों के साथ स्वस्थ संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे।

नई दिल्ली में 12-13 सितंबर 2026 को जब दुनिया की 11 उभरती शक्तियों के नेता एक मेज पर आमने-सामने बैठेंगे, तब भारत के सामने केवल एक शिखर सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने की चुनौतीभर नहीं होगी। असली परीक्षा उस कूटनीति की होगी, जिसे भारत वर्षों से अपनी सबसे बड़ी ताकत 'रणनीतिक स्वायत्तता' बताता आया है। इस बार दांव बड़ा है। चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग सात साल बाद भारत आ रहे हैं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद होंगे और पश्चिम एशिया का युद्ध ब्रिक्स के भीतर ईरान, सऊदी अरब और यूएई के हितों को आमने-सामने ला रहा है अर्थात नई दिल्ली को एक साथ चीन से संवाद करना है, रूस से साझेदारी बरकरार रखना है, पश्चिम से संबंध और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व यानी एक साथ चारों मोर्चे साधने होंगे। यही वह क्षण है, जब भारत की कूटनीति को केवल संतुलन बनाने वाली नहीं बल्कि मतभेदों के बीच सहमति गढ़ने वाली शक्ति साबित होना है। ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के लिए एक अवसर जरूर है, लेकिन इस बार यह अवसर जितना बड़ा है, अग्नि परीक्षा भी उतनी ही कठिन है।

भारत इस समय एक असाधारण रूप से जटिल मंच की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका तक ही नहीं सीमित। अब इसके मित्र इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया भी पूर्ण सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त 10 पार्टनर देश भी हैं- बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाखस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाइलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम। भारत में अपनी अध्यक्षता का आधार, 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएशन, इनोवेशन, को-ऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' रखा है। पूरे साल 25 से अधिक शहरों में सम्पन्न 350 से अधिक बैठकों के बाद जब यह उच्चस्तरीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है, तब पूरी दुनिया की निगाहें इसकी तरफ हैं। ऐसा होना स्वाभाविक ही है। दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का मालिक भारत और अमेरिका के बाद दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति चीन दोनों इस संगठन के प्रमुख देश हैं।




लेकिन भारत की कूटनीति की अग्निपरीक्षा यह सम्मेलन इस मायने में भी है कि इन दोनों उभरती हुई आर्थिक महाशक्तियों के बीच सीमा तनाव लगातार जारी है। हालांकि 18वें ब्रिक्स सम्मेलन के ठीक पहले दोनो देशों ने बातचीत के कई दौर चलाकर किसी हद तक सीमा विवाद पर तात्कालिक रूप से नरमी दिखायी है। लेकिन अब वक्त आ गया है कि यह लगातार मौजूद सीमा विवाद खत्म हो। हम सब जानते हैं रूस और पश्चिम के बीच लगातार टकराव जारी है और ईरान तो पश्चिम के साथ टकराव का पोस्टर ब्वॉय ही बन चुका है। सऊदी अरब और यूएई की अपनी सुरक्षा प्राथमिकताएं हैं और दोनो को न-न करते ईरान के साथ कुछ गहरे मतभेद भी हैं। फिर भी ये सब एक मंच में जब बैठे होंगे तो उस बैठक को सार्थक बनाने में भारतीय कूटनीति को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की वैश्विक प्राथमिकताएं ब्रिक्स के दूसरे देशों से अलग हैं। ऐसी भिन्न-भिन्न प्राथमिकताओं और समीकरणों वाले देशों को एक ताकतवर समूह के रूप में एकत्र करना और इन सबकी साझी ताकत को एक दिशा देना भारत जैसे मौजूदा अध्यक्ष के लिए दो खंभों में बंधी रस्सी पर चलने जैसा है।

## 18वां ब्रिक्स समिट

यह संतुलन तब और कठिन हो जाता है, जब मौजूदा समय में विश्व व्यवस्था एक असाधारण तनाव से गुजर रही हो। 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में अंतिम समय तक पहले लग रहा था कि शायद शी जिन पिंग नहीं आएंगे और अब जबकि इन पंक्तियों के लिखे जाने के कुछ घंटे पहले ही उनके आने की अधिकृत घोषणा हुई है, तो एक तरफ जहां इस सम्मेलन का अतिरिक्त महत्व बढ़ गया है, वहीं भारत के लिए शी जिन पिंग की मौजूदगी एक महत्वपूर्ण चुनौती भी बन गई है। साल 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद दोनो देशों के राजनीतिक संबंधों में गंभीर गिरावट आयी थी। अब सीमा पर तनाव कम करने, रुके हुए संवाद को न सिर्फ बहाल करने बल्कि तेज करने तथा आर्थिक संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे में शी की दिल्ली यात्रा एक बेहद सावधान प्रक्रिया का उच्चतम राजनीतिक क्षण साबित होगी। हालांकि भारत को इस पूरे सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की जरूरत होगी। क्योंकि ब्रिक्स में चीन के साथ संवाद का यह मतलब विवादों को भूला देना नहीं है। साथ ही भारत-चीन संबंधों में सुधार का अर्थ यह भी नहीं है कि दोनो देशों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई है।

भारत को इन दोनों वास्तविकताओं को एक साथ संभालना होगा। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिन पिंग की बातचीत होती है, जिसकी पूरी संभावना है, तो उसका सबसे महत्वपूर्ण परिणाम किसी बड़े नाटकीय समझौते में नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने में हो सकता है कि दोनो देशों के बीच संवाद लगातार चलता रहे। सीमा पर शांति, व्यापार में संतुलन, निवेश, तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दे केवल शिखर बैठकों से हल नहीं होंगे। लेकिन शीर्ष नेतृत्व का संवाद इन समस्याओं को संभालने के लिए राजनीतिक वातारण अवश्य तैयार कर सकता है। यही भारतीय कूटनीति की पहली और शायद सबसे बड़ी परीक्षा है कि चीन से संवाद भी हो और राष्ट्रीय हितों पर स्पष्टता भी बनी रहे। भारतीय कूटनीति की इस सम्मेलन में दूसरी बड़ी परीक्षा यह होगी कि ब्रिक्स चीन-रूस धुरी बनकर न रह जाए। ब्रिक्स के विस्तार के साथ ही यह एक बात लगातार चलती रहती है कि क्या यह पश्चिमी नेतृत्व वाली विश्व व्यवस्था का विकल्प बनने की तरफ बढ़ रहा है, भारत के लिए यहां भी रास्ता साफ है। नई दिल्ली के हित में ऐसा ब्रिक्स नहीं है जो किसी दूसरे गुट के विरूद्ध राजनीतिक मोर्चा बन जाए। भारत की सबसे बड़ी सफलता यही है कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रहे।

भारत ऐसे ब्रिक्स में है, जो वैश्विक दक्षिण की मजबूत आवाज बने, लेकिन किसी एक शक्ति के प्रभुत्व में खुद का विलय न कर ले। व्यापार, विकास-वित्त, ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, डिजिटल तकनीक, आपूर्ति श्रृंखला और वैश्विक संस्थाओं के सुधार जैसे विषयों पर ब्रिक्स वास्तविक उपयोगिता पैदा कर सकता है। भारत को अपनी अध्यक्षता में इन्हीं व्यवहारिक और विकासोन्मुखी नीतियों को स्पष्ट करना है। लेकिन अगर इसके विरूद्ध ब्रिक्स का मुख्य संदेश डॉलर का विरोध, पश्चिम का विरोध या किसी नये शक्ति-गुट के विवाद तक सीमित हो जाता है, तो भारत के लिए उसकी उपयोगिता घटेगी। भारत की रणनीति स्वायत्तता की असली कसौटी यही है कि वह ब्रिक्स में चीन और रूस के साथ रहे, लेकिन इस संगठन को चीन या रूस की संयोजना न बनने दे। इसके अलावा एक चुनौती भारतीय कूटनीति के लिए यह भी होगी कि ईरान, सऊदी अरब और यूएई ब्रिक्स जैसे बड़े मंच को एक ही समय पर एक साथ कैसे साझा करते हैं। क्योंकि पश्चिम एशिया में मौजूद तनाव इन देशों की प्राथमिकताओं को सीधे तौरपर प्रभावित करता है। ब्रिक्स के 11 सदस्यीय देशों के वरिष्ठ वातार्कार संयुक्त घोषणा पर सहमति बनाने के लिए पश्चिम एशिया के सवाल पर भाषा तय करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। ऐसे में भारत के सामने इन तीनों की मौजूदगी असहजता से ज्यादा किसी साझी सहमति के लिए विकल्प ढूंढ़ने में मुश्किलें खड़ी करेंगी।

सोशल मीडिया

चिदम्बरम साहब वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने पीएम मोदीजी द्वारा 15 अगस्त को 'दिमागी नक्सल' शब्द प्रयोग होने के 24 घंटे के अंदर कहा था कि मैं खुद दिमागी नक्सल हूं। सुधांशु त्रिवेदी.



अखिलेश जी कल आप की पीसी देखी। इसमें बहुत लंबा चौड़ा फेंक रहे थे कि सरकार आई तो सम्राट अशोक जयंती पर अवकाश देंगे, सत्ता में थे तब तो कब्रिस्तान दिख रहा था। ओपी राजभर.



प्रदेश भर में अनगिनत स्थानों पर आयोजित 'पाठशाला पुकारे' की सफलता ने दिखा दिया है कि शिक्षा का मुद्दा का गांव गांव तक पहुंचा है, पीडीए पढ़ेगा भी और बढ़ेगा भी। अखिलेश यादव.



# सफलता का मंत्र

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

अंतर्दृष्टि

# तुम्हीं हो माता पिता तुम्हीं हो...

व्यंग्यलोक

भाई साहब! जबसे मेरे जीवन में सदा बहार वसंत रूपी व्हाट्सएप आया है तबसे किस्म किस्म के ज्ञान, अज्ञान की जिदंगी में मस्तम मस्त ठेला ठेली हो रही है। अब पल भर भी बिन व्हाट्सएप के जीना मुश्किल हो चला है। मैं खाए बिना रह सकता हूं, पर व्हाट्सएप की चौपाल जाए बिना नहीं। मैं नहाए बिना रह सकता हूं, पर व्हाट्सएप के तालाब में बिन नाक पकड़े गोते लगाए बिना नहीं। सारे यार दोस्त जाएं भाड़ में! हे व्हाट्सएप! मैं तुम्हें साष्टांग प्रणाम करता हूं। अहा! तुमने सबको कितना व्यस्त बना दिया है? अहा! तुमने सबको कितना मद मस्त बना दिया है? अहा! तुमने सबको कितना अपना अभ्यस्त बना दिया है। वाह! तुमने हंसते गाते समाज को जड़ से हिला दिया है। मुन्नी को अब रोज नाश्ते में व्हाट्सएप चाहिए, लंच में भी व्हाट्सएप चाहिए। डिनर में तो व्हाट्सएप चाहिए ही चाहिए। साहब को नाश्ते में व्हाट्सएप चाहिए। लंच में भी व्हाट्सएप चाहिए। साहब की बीवी को नाश्ते में व्हाट्सएप चाहिए। लंच में भी व्हाट्सएप चाहिए। डिनर में तो व्हाट्सएप चाहिए ही चाहिए। सबके लिए अब व्हाट्सएप ही विटामिन है, व्हाट्सएप ही कैलेशियम है, व्हाट्सएप ही प्रोटीन है। रे व्हाट्सएप! सच सच बतलाना, तुमने सबको घोंट कर नशे से भी अधिक नशीला ये क्या पिला दिया है? रे व्हाट्सएप! सच सच बतलाना, तुमने हम सब पर कामदेव के बाणों से भी तेज कौन सा बाण चला दिया है? जीव को भूख नहीं, प्यास नहीं। तुम्हारे संग रहते उसे टच करो तो उसमें सांस नहीं। एक ही छत के नीचे रहते हुए एक दूसरे से मिलना किसीको रास नहीं। तू है तो बेटा प्रसन्न है। तू है तो बीवी प्रसन्न है। तू है तो घर का मुखिया प्रसन्न है। तू नहीं तो पूरा घर मरणासन्न है।



अशोक गौतम

रे व्हाट्सएप! टीचर क्लास में पढ़ाना छोड़ अब घर से व्हाट्सएप ग्रुप पर लाइव पढ़ा रहा है और उसका छात्र व्हाट्सएप ग्रुप पर पढ़ते पढ़ते कहीं और पार्टी मना रहा है। साहब व्हाट्सएप पर अपना ऑफिस चला रहा है। देशभक्त नेता व्हाट्सएप पर से अपने वोटरों पर नजरें घुमा रहा है। ऐसे में सरकार से सानुनय अनुरोध! हे सरकार! जनता का सब छीन लेना, पर अपनी प्रिय जनता से गलती से भी उसका व्हाट्सएप मत छीनना। क्योंकि जनतास कराग्रे वसति व्हाट्सएपः, कर मध्य व्हाट्सएपः, कर मूले भी व्हाट्सएपः, पले पले कर व्हाट्सएपः दर्शनम्। हे व्हाट्सएप! अब तुमसे सारे हाथ जोड़ सबकी तरफ से बस यही प्रार्थना! कुछ और देना या न देना, पर अब हमें पल भर को भी धोखा मत देना। नेट चले न चले। तू अबाध चलते रहना। हे व्हाट्सएप! मुझे मोक्ष नहीं, बस तू चाहिए! मुझे वैकुंठ नहीं, बस तू चाहिए! हे व्हाट्सएप! अब बस, तुम्ही हो माता पिता तुम्हीं हो, तुम्हीं हो दाता भ्राता तुम्ही हो..।

# भू-राजनीतिक तनाव के कारण बढ़ रहा हथियारों का बाजार




सामयिक

**अमरीकी** राष्ट्रपति ट्रंप की दादागीरी, अमरीका का सुरक्षा कवच कमजोर होने और लगातार युद्ध के कारण दुनिया में हथियारों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। न्यूयार्क से जारी इन आंकड़ों के मुताबिक हथियार आयातक देशों ने पिछले साल की अपनी कुल खरीद से इस क्षेत्र में कीर्तिमान रचने के साथ ही अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड बना दिया है। पिछले साल इस मद में कुल 24 अरब डॉलर की राशि खर्च हुई है। रूस और इजराइल जैसे देशों ने एक बराबर खरीदारी की है। इन दोनों देशों की कुल हथियार खरीद में 24 -24 फीसद का हिस्सा रहा यानी लगभग आधी खरीदारी तो इन दोनों युद्धग्रस्त देशों ने ही कर डाली। यूक्रेन और कुछ दूसरे देश लगातार मांग कर रहे हैं कि उन्हें शीघ्र ही और हथियार चाहिये और वे इसकी प्राप्ति के लिये प्रयासरत हैं। ताइवान ने यदि चीन से आशंका ग्रस्त होकर इस खरीद में 11 फीसदी की हिस्सेदारी निभाई है तो जापान ने भी इतनी ही कीमत के हथियार किस आशंका के चलते खरीदे, यह शोचनीय है?

सऊदी अरब अगर कुल हथियार खरीद में सवा चार फीसदी की हिस्सेदारी रखता है तो खाड़ी में उसकी भू-राजनीतिक स्थिति तथा सामरिक रणनीति को देखते हुए उसे ठीक ठहराया जा सकता है। मगर हथियारों की खरीद में शांतिकामी भारत ने भी ठीक उतनी ही हिस्सेदारी निभाई है, बेशक यह उसकी क्षेत्रीय सामरिक चुनौतियों, भारी भरकम सेना और उसकी जरूरतों को देखते हुए आवश्यक था। खैर तर्क कुछ भी हो, हथियार बाजार और उसकी खरीद फरोख्त में चढ़ाव का सीधा मतलब है कि विश्व शांति उतार पर है। यूक्रेन, रूस युद्ध ने 2009 से मंद पड़ते जा रहे हथियारों के धंधे को जैसे ही नई गति दी है। धंधेबाज देशों ने इस व्यवसाय को अपने कौशल, कमीशन और कारगुजारियों से इसना आगे बढ़ाया कि 'ट्रेंड्स इन वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडिचर' समीक्षा के मुताबिक इसकी विकास दर सात फीसदी तक पहुंच गई है। इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की खामोशी को ज्यादातर लोगों द्वारा सकारात्मक तौर पर देखना उचित ही है, संभव है दोनों आशंकित मुठभेड़ के बाद की जटिलताओं के मद्देनजर महज कूटनीति से ही काम चलाएं, युद्ध के रास्ते पर आगे कदम न बढ़ाएं लेकिन दोनों पक्ष देर सवेर इजराइल के साथ युद्ध के रास्ते पर उतरते हैं तो तमाम विद्रूपताओं के साथ एक खास और बड़ी बात यह होगी कि हथियारों के बाजार में तेज हलचल मचेगी। यूक्रेन और रूस के युद्ध के बाद हथियार बाजार पहले से ही सात फीसद की उठान पर चल रहा है, नया युद्ध इसकी आशंकाओं को और बढ़ा देगा। ईरान इजराइल के बीच आशंकित युद्ध हुआ तो प्रयुक्त हथियारों और उनकी खपत तथा आपूर्ति के अलावा भी इस मामले में इस क्रिया और प्रतिक्रिया का प्रभाव व्यापक होगा तथा तमाम तरह के भू-राजनीतिक तथा सामरिक समीकरण इसके लिये काम कर रहे होंगे। ऐसे में नए हथियारों के ग्राहक सीमित नहीं रहेंगे। फिलवक्त संसार के कुल 32 छोटे बड़े देश युद्धरत हैं और दूसरे शताधिक स्थानों पर व्यापक अशांति का माहौल है।

तमाम देश अपनी सकल घरेलू आय का जो हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीक विकास शोध के मद में नहीं खर्चते, उससे कहीं बड़ा हिस्सा हथियारों पर व्यय कर रहे हैं। अशांति और युद्ध का हथियारों से सीधा नाता है। तब जबकि दुनिया के तमाम देश अपनी रक्षा क्षेत्र की जरूरतों के लिये भारी आयात पर निर्भर हों, उस समय भारत सरकार की यह घोषणा वाकई सुखद अहसास देती है कि रक्षा क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर हो गया है। यह निस्संदेह बहुत बड़ी उपलब्धि है। खासतौर पर तब जब देश रक्षा क्षेत्र में परंपरागत तौर पर दूसरे देशों के उत्पादों, उपस्करों, हथियारों और दूसरे साजो सामान पर अधिकतम निर्भर रहा हो। हमारी सेना के हाथ अमूमन रूस, अमेरिका, फ्रांस, इजराइल वगैरह के हथियार रहे हैं इनके ही लड़ाकू विमानों से हमने जंग लड़ी। बात मात्र साजो सामान और हथियार की ही नहीं, कई तकनीक प्रणालियां भी हम आयातित ही इस्तेमाल करते रहे हैं। नौसेना में तो ऐसा बहुत ज्यादा है। ऐसे में भले यह चुनावी प्रचार ही क्यों न हो, सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात सुखद लगती है। हालांकि यह कहना कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है या आत्मनिर्भरता के आसपास पहुंच गया है, अतिशयोक्ति होगी। रूसी राष्ट्रपति पुतिन तो पचास फीसदी से ज्यादा का दावा किया है पर सच यही है कि हम आज भी तकरीबन 36 प्रतिशत रूसी हथियार उपयोग बरत रहे हैं। **वीओएल.**

कला जगत

## स्टार्टअप की मदद

नये जमाने के उभरते व्यवसायों में लगातार अवसर बढ़ रहे हैं। इसमें बड़ी संभावना भी है। इसलिए सरकार को इन क्षेत्रों में नये उद्यमियों को आगे लाना चाहिए और उनको प्रोत्साहन देना चाहिए ताकि वे अधिक से अधिक रोजगार के मौके सृजित कर बेरोजगारी की समस्या का प्रभावी समाधान देश के सामने पेश कर सकें। तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें।

अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

## भारत की विदेश नीति

पश्चिम एशिया में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से स्पष्ट है। भारत फिलिस्तीनियों के लिए राष्ट्र के अधिकार का समर्थन करता है, लेकिन साथ ही इजराइल पर हुए आतंकी हमले की भी कठोर निंदा करता है। आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसलिए किसी भी देश को आतंकवाद के साथ खड़े नहीं होना चाहिए। जरा सोचिए कि भारत जिस आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित रहा है, ठीक उसी तरह के आतंकवाद का अगर वह विरोध न करे तो क्या करे? क्या भारत सात अक्टूबर के उस भयावह दृश्य के साथ खड़ा जो जाये, जो हमास ने पूरी दुनिया को दिखाया। महिलाओं और बच्चों का कत्लेआम करना, निर्दोष लोगों को हिंसा, बारूद और अग्नि के हवाले कर देना, महिलाओं, बच्चों को बंधक बनाकर उनको ह्यूमन शील्ड की तरह इस्तेमाल करना, क्या भारत इस बर्बरता का समर्थन करे?

जिस तरह देश में कुछ सियासी जमातें, धार्मिक संगठन और लोग बर्ताव कर रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि उनको मानवीय पीड़ा से कोई विशेष लेना-देना नहीं है। यह तो बस अपनी सियासत चमकाने के लिए, लोगों की निगाह में आने के लिए ऊल-जलूल हरकत की तर्ज पर ऐसा 'एब्नॉर्मल विहैव्यिर' कर रहे हैं ताकि लोगों की नजरों में आ जायें। दुर्भाग्य से टीवी चैनल अपनी टीआरपी के लिए व सोशल मीडिया में अधिक से अधिक लाइक, कमेंट और व्यू पाने के लिए ऐसी ही हरकतें की जा रही हैं। ऐसे लोगों को सामान्य नहीं कहा जा सकता है। जिन लोगों ने इजराइल पर हमले के बाद हमास की निंदा नहीं कि दरअसल उनकी नजर में देश की राजधानी मुंबई को बम-बारूद और आतंकी हमले से दो-दो बार दहलाने का कृत्य भी शायद ही अमानवीय हो। दरअसल हमको इस तरह से अपनी नीति बनानी होगी जिससे पड़ोसियों के लिए साफ-साफ संदेश रहे कि अगर वे हमारे खिलाफ साजिशें करते हैं, तो फिर उनको भी वैसा ही जवाब मिलेगा। जब तक पड़ोसियों को स्पष्ट संदेश भारत नहीं देगा तब तक हमारे पड़ोसी देश कभी चीन के पाले में, तो कभी भारत के पाले में आते-जाते रहेंगे। हमें ऐसे देशों से सावधान भी रहना है और यहां अपने संसाधनों को लगाने से बचना भी चाहिए। दरअसल पड़ोसी देश भारत को ब्लैकमेल करने की साजिश करे हैं। इसलिए इनसे बचना चाहिए।

**चन्द्र प्रकाश वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## पूर्व विधायक गनर से अभद्रता, केस दर्ज

**बांदा।** शहर के अवंतिकाबाई चैराहे पर बुधवार शाम उस समय मजमा लग गया, जब नरैनी के पूर्व विधायक राजकरण कबीर और उनकी पत्नी महुआ ब्लॉक प्रमुख उर्मिला कबीर के साथ कथित अभद्रता के बाद विवाद बढ़ गया। मामला इतना बढ़ा कि पूर्व विधायक की सुरक्षा में तैनात गनर और एक युवक के बीच गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक हो गई। बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक अपनी निजी गाड़ी से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चैराहे पर एक युवक से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि युवक ने पूर्व विधायक और उनकी पत्नी के साथ अभद्रता की। गनर ने जब युवक को रोकने का प्रयास किया तो वह कथित तौर पर गनर से भी उलझ गया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति और गनर के बीच बहस, धक्का-मुक्की होती दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से संबंधित वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया है। तहरीर प्राप्त कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## पत्नी को गायब करने की शिकायत, कार्यवाही की मांग

**बांदा।** थाना कोतवाली नगर के कुरौली गांव निवासी बड़कू पुत्र रामप्रसाद दलित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पत्नी के घर से सामान और पांच हजार रुपये लेकर गायब होने की बात कही है। पति बड़कू का कहना है कि पत्नी शोभा 19 अगस्त को जब वह काम करने खेतों में चला गया था उसी दौरान शोभा व बिजू नामक दो लोग अपने साथ चुपचाप लेकर गायब हो गए। पति को इस बात की आशंका है कि हो सकता है इन लोगों ने उसकी हत्या न कर दी हो। पीड़ित पति ने पुलिस अधीक्षक से इन जालसाज लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## तीन दिनों से बिजली गुल, नागरिक परेशान

**रूपईडीहा, बहराइच।** नगर पंचायत रूपईडीहा क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बहुत ही बदहाल बनी हुई है। दिन में कुछ समय के लिए बिजली मिलने के बाद रात होते ही आपूर्ति बाधित हो जाने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पिछले तीन दिनों से लगातार पूरी रात बिजली गुल रहने से नागरिकों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में रेल सेवा शुरू होने के बाद विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन दूसरी ओर नगर की विद्युत व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। रात में लंबे समय तक बिजली न रहने से लोगों को उमस और अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। बच्चों, बुजुर्गों और दुकानदारों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारों का समय होने के कारण बिजली संकट से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

नागरिकों के अनुसार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर अक्सर मेन लाइन ब्रेकडाउन होने की बात कहकर जल्द आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया जाता है। लोगों का सवाल है कि यदि तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित है।

# जेल में अवैध मुलाकात मामले पर अब्बास-निकहत की कोर्ट में पेशी




जिला संवाददाता

**बांदा।** विधायक अब्बास अंसारी से पत्नी निकहत अंसारी की चित्रकूट जेल में अवैध मुलाकात के मामले में गुरुवार को भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट में सुनवायी हुई। करीब तीन तारीखों के

**● अब्बास ने कोर्ट को बताया जान का खतरा, टली सुनवाई**

बाद अब्बास और निकहत पहलीबार कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान अब्बास अंसारी ने अपनी जान को खतरा बताया। अब्बास ने कोर्ट में अर्जी दी कि कहा कि उनके पिता मुख्तार अंसारी एक मामले में शिकायतकर्ता थे वह उस केस की पैरवी कर रहे हैं। इसी वजह से कोर्ट आने-जाने में उन्हें खतरा महसूस हो रहा है। कोर्ट ने अब्बास अंसारी की अर्जी को स्वीकार कर लिया। दोपहर 12 बजे विधायक अब्बास अंसारी, पत्नी निकहत अंसारी के साथ पांच गाड़ियों का काफिला लेकर कोर्ट पहुंचे। वह करीब ढाई घंटे तक कोर्ट के अंदर रहे। गुरुवार को मामले के आरोप तय होने थे। लेकिन सभी आरोपी मौजूद नहीं थे इस वजह से आरोप तय नहीं हो सके। इसी के चलते कोर्ट ने आरोप तय करने की कार्यवाही टाल दी। अगली सुनवाई 18 सितंबर को नियत की गई है। बृहस्पतिवार को हुई पेशी के दौरान सुनवाई के बाद दोनों न्यायालय से बाहर निकले, लेकिन मीडिया के सवालों से दूरी बनाए रखी और बिना किसी प्रतिक्रिया के रवाना हो गए। मामला फरवरी 2023 में चित्रकूट की रगौली जेल में हुई कथित अवैध मुलाकात से जुड़ा है। तत्कालीन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के औचक निरीक्षण के दौरान निकहत बानो को जेलर के कमरे में अब्बास अंसारी के साथ मौजूद पाया था। आरोप है कि जेल में मुलाकात के निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया। तलाशी के दौरान निकहत बानो के पास से मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा समेत अन्य सामान मिलने की बात भी सामने आई थी। इसके बाद मामले में निकहत बानो, उनके चालक नियाज अंसारी, तत्कालीन जेल अधीक्षक अशोक सागर, डिप्टी जेलर और जेल के अन्य कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की गई थी। बाद में प्रकरण में गैंगस्टर एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। मामला सामने आने के बाद अब्बास अंसारी को चित्रकूट जेल से कासगंज जेल स्थानांतरित कर दिया गया था।

# वृद्धाश्रमों में धूमधाम से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और छठी




**बहराइच।** आदर्श कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित राजापुर माफी, बहराइच स्थित ओल्ड होम तथा ग्राम बाबूरिया, बाराबंकी स्थित आदित्य ओल्ड एज होम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं छठी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। समिति के प्रबंधक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अनिल कुमार प्रधान के निर्देशन में दोनों वृद्धाश्रमों में विशेष तैयारियां की गईं।

राजापुर माफी स्थित वृद्धाश्रम को फूलों, गुब्बारों और रंग-बिरंगी रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। आश्रम वार्डन श्रीमती अनुराधा के संयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ।

आश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत करने के साथ नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं बाराबंकी के ग्राम बाबूरिया स्थित आदित्य ओल्ड एज होम में भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव और छठी उत्साहपूर्वक मनाई गई। वार्डन श्री चंद्रिका प्रसाद एवं समस्त स्टाफ ने आश्रम को फूल-मालाओं, गुब्बारों और अन्य सजावटी सामग्री से सजाया। वृद्ध माता-पिता ने भजन-कीर्तन और नृत्य में उत्साह से भाग लिया। छठी के अवसर पर नटखट गोपाल की बाल लीलाओं को दर्शाते हुए मटकी फोड़ने तथा माखन खाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समिति के प्रबंधक अनिल कुमार प्रधान ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं और उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों का श्रवण अत्यंत शुभ माना जाता है।

जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण कथा सुनने और को जीवन में उतारने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने वृद्धाश्रमों में निवास कर रहे सभी वृद्ध माता-पिताओं को श्रीकृष्ण की छठी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि छठी के अवसर पर विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार किए गए हैं।

# सरकारी वैक्सीन बॉक्स लावारिस मिलने से स्वास्थ्य विभाग पर उठ रहे सवाल



**स्योहारा, बिजनौर।** कथित तौर पर सरकारी वैक्सीन का एक बॉक्स लावारिस अवस्था में मिलने की सूचना से स्वास्थ्य विभाग पर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकारी वैक्सीन का इस तरह सडक पर लावारिस मिलना बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की आशंका से इन्कार नही किया जा सकता है। नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम बल्ला शेरपुर अड्डे के पास बीते दिन कथित तौर पर सरकारी वैक्सीन का एक बॉक्स लावारिस अवस्था में मिलने की सूचना के बाद लोगों ने सीएमओ बिजनौर से तत्काल संज्ञान लेकर जांच कराने के बाद लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। लोगो का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस मांमले को गंभीरता से लेना चाहिए और इस बात कि भी जांच करानी चाहिए कि वैक्सीन बॉक्स किस स्वास्थ्य केंद्र से आया था और इसे लावारिस हालत में सडक पर कौन छोड़ा कर गया। स्वास्थ्य विभाग को वैक्सीन की स्थिति, तापमान मेंटेनेंस, बैच नंबर और एक्सपायरी की जांच कराने के साथ पूरे मामले की वास्तविकता सामने लानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीणों ने लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कार्रवाही करने की मांग की है।

# बिजली विभाग की टीम ने गांवों में चलाया चेकिंग अभियान, सात के खिलाफ एफआईआर



**फतेहपुर।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को बिजली विभाग की टीम ने दतौली, देवगांव, जजराहा आदि गांवों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। वहीं बाईपास अथवा डायरेक्ट लाइन के जरिए बिजली का उपयोग करते पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के दौरान बिजली चोरी के मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। विभागीय टीम की कार्रवाई से गांवों में हड़कंप की स्थिति रही। इस दौरान बकायेदारों से करीब एक लाख रुपये बिजली बिल की वसूली भी की गई। अभियान में अवर अभियंता धीरेन्द्र सिंह के साथ अमित पटेल, शिवम पटेल, शिवम सिंह, मीटर रीडर भोल कुमार सहित बिजली विभाग का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। टीम ने उपभोक्ताओं से समय से बिजली बिल जमा करने तथा अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करने की अपील की।

# ट्रक ने सब्जी विक्रेता को कुचला, मौत

**बांदा।** सब्जी बेचकर पैदल घर लौट रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खुल सका। गिरवां थाना क्षेत्र के पिथौराबाद निवासी 41 वर्षीय गनेश उर्फ लालाराम पुत्र रामऔतार गिरवां में सब्जी बेचता था। बुधवार रात दुकान बंद करने के बाद वह पैदल अपने घर जा रहा था। गिरवां थाने के पास पहुंचते ही सामने से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गनेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। उधर, हादसे की खबर मिलने पर मृतक के परिजन और ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मुआवजे और चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मांग पूरी होने तक हटने को तैयार नहीं हुए। बाद में उच्चाधिकारियों और एसडीएम अंजनी यादव ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई राजकुमार ने बताया कि गनेश अपने पिता की इकलौती संतान था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वह पत्नी कमला, तीन बेटियों और एक बेटे को पीछे छोड़ गया है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम अंजनी यादव को ज्ञापन सौंपकर खत्री पहाड़ से गिरवां के बीच भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक नो एंट्री लागू की जाए।

इस मार्ग पर कई स्कूल स्थित हैं, जहां छात्र-छात्राओं का आवागमन रहता है। इसके अलावा खत्री पहाड़ में देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु और क्षेत्रीय किसान भी दिनभर आते-जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रकों के लगातार आवागमन से हादसे का खतरा बना रहता है।

# महिलाएं योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक और सामाजिक उत्थान करें: महिला आयोग

जिला संवाददाता (वीओएल)



**बिजनौर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय रहाटकर ने जनसुनवाई करते हुए महिलाओं से कहा कि महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाएगा और राष्ट्रीय महिला आयोग हर कदम पर उनके साथ है। जनसुनवाई के दौरान कुल 120 शिकायते प्राप्त हुई जिनके गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

विकास भवन सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय रहाटकर ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वह महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने तथा नियम अनुसार गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना आर्थिक व सामाजिक उत्थान करें। महिला जनसुनवाई के दौरान पोक्सो एक्ट, दहेज उत्पीड़न, पेंशन, आवास की मांग, ससुराल में उत्पीड़न आदि से संबंधित पूर्व की चिन्हित 30 व नई 90 सहित कुल 120 शिकायते प्राप्त हुई।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने प्राप्त शिकायतों के 15 दिन में जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान तीन दंपतियों ने आपसी मन मुटाव को सुलझाते हुए साथ-साथ रहने पर सहमति दी। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय रहाटकर ने जिलाधिकारी जसजीत कौर के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे हैं उत्पीड़न को बर्दाश्त ना करें इसकी शिकायतें आयोग में करें। आयोग उनकी शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# छठी उत्सव में भक्ति का दिखा अनोखा संगम



**बांदा।** शहर के कैलाशपुरी स्थित अयोध्यावासी मंदिर में लड्डू गोपाल के छठी उत्सव का समापन हो गया। इस दौरान भक्ति और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की झांकी दिखाई गई। झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप के दर्शन व मनमोहक झांकी देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू ने सहभागिता की। कार्यक्रम आयोजक रजत सेठ एवं अंकित बासू ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष मेवालाल, विजय गुप्ता, रामचंद्र, वैश्य अमित गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे

# सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन और सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित




जिला संवाददाता (वीओएल)

**बिजनौर।** गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस समारोह एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया।

थाना स्योहारा क्षेत्र के गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस समारोह एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने अपने संबोधन में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, लगन एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की जीपीएस कैमरे की हाजिरी हो एक समान, ग्रामीणों ने सौंपा पत्र

**बांदा।** बिसंडा ब्लाक के ग्राम कैरी, पवई, सिकलोढ़ी, शिव, पल्हरी आदि के ग्रामीण राकेश कुमार, रज्जन प्रसाद, देवीदयाल, मोहन, जगतराम, सुरेश आदि ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पत्र सौंपा। बताया कि खंड शिक्षाधिकारी किशन कुमार चार वर्ष से अधिक समय से ब्लाक क्षेत्र में तैनात है। इस दौरान उन्होंने ब्लाक व जनपद में निवास स्थान न बनाकर कर्वी-चित्रकूट जनपद से आकर क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण किया। कई विद्यालयों का जहां 10 बजे के आसपास ताला खुलता था अब समय से खुलने लगा है। वह स्कूल में किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर निरीक्षण के बाद शिक्षकों के आने-जाने की जीपीएस कैमरे से फोटो अपने मोबाइल पर मंगवाते हैं। न देने वाले का दंड तय है चाहे शिक्षक हो या शिक्षामित्र, अनुदेशक। उनके इस कार्य में एआरपी व कार्यालय स्टाफ बराबर सहयोग करता है। बीते साल से वह ब्लाक बड़ोखरखुर्द का भी चार्ज पाए हैं। यहां शिक्षक संगठनों के कई पदाधिकारी व अधिकारियों के रिश्तेदार, रसूखदार लोग 15 किमी0 के दायरे में तैनात है। यहां भी रोड से हटकर विद्यालयों के शिक्षक इस समय 9 बजे के बाद स्कूल पहुंच रहे हैं। बड़ोखरखुर्द ब्लाक के कई परिषदीय अध्यापकों पर साहबों, बीआरसी में तैनात जिम्मेदारों की मेहरबानी है। वह अपने हिसाब से स्कूल चलाते हैं। उन पर बीईओ की नजर व कदम अभी तक नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने मांग की है कि रोड से हटकर ऐसे सभी विद्यालयों की जीपीएस कैमरे की फोटो शिक्षकों के विद्यालय आगमन-प्रस्थान की प्रतिदिन खंड शिक्षाधिकारी, बीएसए के मोबाइल पर आवश्यक रूप से मंगवाना सुनिश्चित किया जाए। ताकि स्कूलों में उपस्थिति की स्थिति सुबह 9 बजे तक जनपद के अधिकारियों को प्राप्त हो सके। कई जगह हालात यह हैं कि यदि निरीक्षण में शिक्षक आदि अनुपस्थित पाए जाते हैं तो बैकडेट का मेडिकल बनवाकर अप्रूव करा लिया जाता है। इस कार्य को संपादित करने जमकर दलाली व लूट-खसोट हो रही है। ग्रामीणों ने सदर विधायक से भी मांग की है कि जिस प्रकार खंड शिक्षाधिकारी ने बिसंडा ब्लाक के कुछ चुनिंदा विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू की है उसी तरह उनके अधिकार क्षेत्र वाले विद्यालयों में भी यह व्यवस्था समान रूप से लागू करवायी जाए। परिषदीय विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। जिसे निरीक्षण में देखा जाए।

# बलई गांव में सम्पन्न हुआ कौशल प्रशिक्षण और व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम



**बहराइच।** गृह मंत्रालय के नागरिक कल्याण कार्यक्रम (सी.ए.पी.) एवं सामाजिक चेतना अभियान के अंतर्गत 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा पंचायत भवन, बलाईगाँव में गृह मंत्रालय के नागरिक कल्याण कार्यक्रम एवं सामाजिक चेतना अभियान के अंतर्गत 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा बलईगांव स्थित पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में सफलतापूर्वक मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 20 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा 06 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के कमाण्डेन्ट कैलाश चन्द रमोला ने सफल प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अर्जित कौशल का उपयोग स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए करें जिससे आप स्वयं के साथ दूसरे लोगों को भी स्वावलम्बन की राह दिखा सकें। श्री रमोला ने बताया कि भविष्य में सीमावर्ती युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन, प्लंबिंग एवं सोलर लाइट रिपेयरिंग जैसे कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, ग्राम प्रधान एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# साइबर ठगी के सात आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई, गिरफ्तार

एस पी मिश्रा



**बहराइच।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन उ८श्१ के तहत बहराइच पुलिस ने संगठित तरीके से साइबर ठगी करने वाले सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आर्थिक लाभ के लिए बेरोजगार व कमजोर लोगों तथा परिचितों के बैंक खातों और एटीएम संबंधी जानकारी का इस्तेमाल

**13 साइबर अपराधियों के खिलाफ दर्ज है गैंगस्टर का मुकदमा**

कर साइबर अपराध करने वाले कुल 13 आरोपितों को चिन्हित किया गया था। इनके खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद दरगाह शरीफ थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को गठित संयुक्त पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित सात आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद आमिर (26) निवासी चांदपुरा, रामजी यादव (35) निवासी बशीरगंज, सौरभ मिश्रा (20) निवासी छोटी बाजार, फहीम (28) निवासी नाजिरपुरा नई बस्ती, साहिल बेग (23) निवासी परशुरामपुर थाना फखरपुर, सत्येंद्र कुमार चौहान निवासी मलुहा भकुरहा थाना मटेरा और संतोष सिंह निवासी टेंडवा बसंतपुर थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि साइबर फ्रॉड से संबंधित मामलों में पूर्व में इन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान पुलिस ने इनके संगठित रूप से साइबर अपराध में संलिप्त होने के आधार पर गैंग चार्ट तैयार किया। जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन मिलने के बाद 13 आरोपितों के खिलाफ थाना दरगाह शरीफ में मुकदमा संख्या 406/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में मोहम्मद आमिर के खिलाफ दरगाह शरीफ व साइबर क्राइम थाने में साइबर अपराध से संबंधित मामले दर्ज हैं। रामजी यादव और सत्येंद्र कुमार चौहान के खिलाफ भी साइबर क्राइम थाने में मुकदमे दर्ज हैं। सौरभ मिश्रा के खिलाफ मोतीपुर थाने में, जबकि फहीम, साहिल बेग और संतोष सिंह के खिलाफ दरगाह शरीफ थाने में साइबर अपराध से संबंधित मुकदमे दर्ज होने की बात पुलिस ने बताई है। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन उ८श्१ के तहत पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर की गई। कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्र के मार्गदर्शन में गठित टीम शामिल रही। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र कुमार मिश्रा, निरीक्षक अपराध जयराम यादव, उपनिरीक्षक शिवम कनौजिया, रवि कुमार यादव, धीरेन्द्र कुमार, जितेंद्र यादव और अभय पाण्डेय शामिल रहे।

# छह माह से खराब इंडिया मार्का हैंडपंप, नहीं बना चबूतरा



**मिहींपुरवा/बहराइच।** मिहींपुरवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा गोपिया में ग्रामीण सुविधाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप करीब छह माह से खराब पड़ा है, जबकि इसके संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। इसके बावजूद अब तक हैंडपंप को दुरुस्त कराने और उसके आसपास उचित चबूतरा निर्माण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। मौके की तस्वीर में भी हैंडपंप के आसपास की जमीन कच्ची, कीचड़युक्त और जलभराव से प्रभावित दिखाई दे रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान नालियों का पानी आसपास जमा हो जाता है और कई बार सड़क तक पहुंच जाता है। हैंडपंप के आसपास जलभराव होने से ग्रामीणों को पानी लेने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि शिकायतों के बावजूद मौके की वास्तविक स्थिति को दूर करने के बजाय कागजी कार्रवाई तक मामला सीमित रह जाता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब ग्राम सभा में अन्य स्थानों पर चबूतरा निर्माण सहित विकास कार्य कराए जा रहे हैं, तो इस खराब हैंडपंप के चबूतरे का निर्माण अब तक क्यों नहीं कराया गया?

# प्रतिपूरक वन रोपण के लिए आवंटित की गयी 71.023 हेक्टेयर गैर वन भूमि



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा तहसील व परगना नानपारा अन्तर्गत ग्राम पाठक पुरवा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 के चारलेन चौड़ीकरण/निर्माण हेतु जनपद बहराइच के अर्न्तगत प्रभावित संरक्षित वन भूमि के सापेक्ष प्रतिपूरक वन रोपण हेतु गैर वन भूमि, वन विभाग को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में खसरा/गाटा संख्या 9 से क्षेत्रफल 4.600 हेक्टयर, 214 से क्षेत्रफल 3.324 हे., 215 से क्षेत्रफल 3.260 हे., 1187 से क्षेत्रफल 44.000 हे., 1304 से क्षेत्रफल 8.000 हे., 1307 से क्षेत्रफल 1.700 हे., 1309 से क्षेत्रफल 3.139 हे. तथा खसरा/गाटा संख्या 1314 से क्षेत्रफल 3.000 हेक्टेयर कुल 08 किता खसरा/गाटा संख्या से 71.023 हेक्टेयर भूमि श्रेणी 5(1) नवीन परती भूमि का आवंटन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ.प्र. शासन लखनऊ के पक्ष में किया गया है।

संक्षेप

## कच्चे तेल का भाव चढ़ा

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमत 35 रुपये की बढ़त के साथ 9,134 रुपये प्रति बैरल हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के वायदा अनुबंध की कीमत 35 रुपये या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 9,134 रुपये प्रति बैरल हो गई। इस दौरान 3,190 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि बाजार प्रतिभागियों द्वारा सौदे बढ़ाए जाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बनी रही। वैश्विक बाजार में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल 0.07 प्रतिशत बढ़कर 96.12 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। न्यूयॉर्क में ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 0.13 प्रतिशत चढ़कर 101.08 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई।

## नयी जावा 42 का अनावरण

नई दिल्ली। जावा येज्दी मोटरसाइकल्स ने नई जावा 42 का अनावरण किया, जिसने ब्रांड के नए जावा ऑल स्टार्स अध्याय को पूरा किया और भारत में मॉडर्न क्लासिक श्रेणी को स्थापित करने वाली मोटरसाइकिल के अब तक के सबसे बड़े विकास को चिह्नित किया। ऑल स्टार्स जावा 42 अपने नए स्टांस, अनुपात, रियर सेक्शन, अलॉय व्हील्स, साइड पैनल और अपस्वेप्ट एग्जॉस्ट के साथ अधिक बोल्ड, स्पोर्टी और मस्कुलर हो गई है। क्लासिक लेजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा सबसे दिलचस्प समुदाय उन लोगों द्वारा बनाए जाते हैं जिनका आचरण तब भी एक जैसा रहता है जब उन्हें कोई देख न रहा हो। जावा 42 ने भारत की मॉडर्न क्लासिक श्रेणी शुरू करने में मदद की थी।

## एचडीएफसी एर्गो इंश्योरेंस क्विज जूनियर के 11 वें एडिशन का आयोजन

नई दिल्ली। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कक्षा 8 और 9 के स्टूडेंट्स के लिए अपनी फ्लैगशिप पहल, एचडीएफसी एर्गो इंश्योरेंस क्विज जूनियर के 11 वें एडिशन का आयोजन किया। इससे युवाओं के बीच इंश्योरेंस की जागरुकता और वित्तीय ज्ञान बढ़ाने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।2026 के एडिशन के लिए भारत के 4,850 स्कूलों के 16,900 से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उत्तर प्रदेश के 55 शहरों से क्विज के लिए 254 स्कूलों के 900+ से अधिक स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुआ। इंश्योरेंस आपको अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए तैयार करता है। हमारा मानना है कि इस बात की समझ कम उम्र से ही शुरू हो जानी चाहिए। हमारा यह सफर बहुत खास इसलिए रहा है क्योंकि इसमें अलग-अलग क्षेत्रों, भाषाओं और बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स ने एक सी जिज्ञासा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया है। अपने 11वें एडिशन के साथ हमारा मकसद न केवल क्विज के लिए बेहतर प्रतियोगी तैयार करना है, बल्कि एक ऐसी पीढ़ी का विकास करना भी है, जो जीवन की अनिश्चितताओं को लेकर ज्यादा जागरुक, आत्मविश्वास से भरी हुई और तैयार हो। इस साल यह क्विज 10 भारतीय भाषाओं में कराया गया।

## मीट एंड ग्रीट का आयोजन

नई दिल्ली। इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल ने मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बिहार के प्रवासी समुदाय के सदस्य, बिजनेस लीडर, प्रोफेशनल, कम्युनिटी के प्रतिनिधि और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बिहार में हो रहे बदलाव, निवेश के मौकों, खेल के विकास और भारत-यूएई के बीच मजबूत रिश्तों पर दिलचस्प बातचीत की। इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल के जरिए पूरी तरह से आई पी एफ यू ए ई के वॉलंटियर्स द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 'एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग (अकट) कांग्रेस 2026' के दौरान हुआ। इसमें बिहार सरकार ने एक पार्टनर के तौर पर हिस्सा लिया और इंटरनेशनल इन्वेस्टर्स के सामने राज्य में निवेश की संभावनाओं को दिखाया।

## चांदी 568 रुपये टूटी

नयी दिल्ली। बाजार प्रतिभागियों के सौदे घटाने से वायदा कारोबार में चांदी की कीमत बृहस्पतिवार को 568 रुपये टूटकर 2,43,645 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 568 रुपये या 0.23 प्रतिशत घटकर 2,43,645 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस दौरान 1,262 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार प्रतिभागियों की बिकवाली से चांदी की कीमतों पर दबाव पड़ा।

# सेंसेक्स में 138 अंकों की उछाल



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर विराम लगा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 138 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 46 अंक लाभ में रहा। कारोबार के अंतिम घंटे में एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। हालांकि वैश्विक तनाव बने रहने के बीच कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 138.36 अंक यानी 0.19 प्रतिशत बढ़कर 74,902.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,910.96 तक गया जबकि नीचे में 74,598.47 तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 46.30 अंक यानी 0.20 प्रतिशत बढ़कर 23,477.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। वहीं, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, ट्रेंट और आईटीसी शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.19 प्रतिशत चढ़कर 102.2 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। कमजोर वैश्विक संकेतों और ब्रेंट क्रूड की कीमत 102 डॉलर प्रति बैरल रहने के बावजूद वित्तीय और तेल एवं गैस शेयरों में चुनिंदा लिवाली से बाजार में तेजी आई। निवेशकों की नजर अब अमेरिकी मुद्रास्फीति के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर है। इससे ब्याज दर की दिशा के बारे में संकेत मिल सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 1.19 प्रतिशत बढ़कर 102.2 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.16 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मिडकैप सेलेक्ट में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में बीमा 0.58 प्रतिशत, टॉप-10 बैंक 0.52 प्रतिशत, बैंकएक्स 0.36 प्रतिशत, निजी बैंक सूचकांक 0.35 प्रतिशत, वित्तीय सेवाएं 0.34 प्रतिशत और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 0.32 प्रतिशत चढ़े। पूंजीगत सामान 0.99 प्रतिशत, दूरसंचार 0.91 प्रतिशत, धातु 0.67 प्रतिशत और अस्पताल 0.48 प्रतिशत टूटे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 582.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स बुधवार को 813.35 अंक टूटकर 74,764.23 अंक पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 203.60 अंक की गिरावट के साथ 23,431.50 अंक पर रहा था।

# कच्चे तेल के दाम चढ़ने से रुपया 38 पैसे टूटकर 95.46 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को 38 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.46 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच देश के आयात खर्च को लेकर बढ़ती चिंता से रुपये पर दबाव रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये पर इस समय विपरीत दबाव है। जुलाई और अगस्त में सकारात्मक प्रवाह के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली फिर शुरू हो गई है और कच्चे तेल की कीमत 102 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.15 पर खुला। बाद में यह कमजोर होकर 95.46 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 38 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 34 पैसे टूटकर 95.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया फिर से 95.45 के स्तर की ओर कमजोर हुआ है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यह गिरावट डॉलर के कारण नहीं, बल्कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण है, क्योंकि डॉलर खुद कई महीनों के निचले स्तर पर है। बनर्जी ने कहा कि मुद्रा बाजार में इस समय कई दबावों के बीच संतुलन बना हुआ है। नकारात्मक कारकों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली, 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कच्चे तेल की कीमत और ऊंचा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल शामिल है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत गिरकर 98.81 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.28 प्रतिशत बढ़कर 102.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 138.36 अंक बढ़कर 74,902.59 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 46.30 अंक की बढ़त के साथ 23,477.80 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 582 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

# ओडिशा के सीएम ने यूएई के मंत्री से की मुलाकात

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बृहस्पतिवार को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री से मुलाकात की और राज्य में औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया।

अधिकारियों ने बताया कि पांच दिवसीय यूएई यात्रा पर गए माझी ने यात्रा के तीसरे दिन निवेशकों से कार्यक्रमों और रोड शो में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में ओडिशा और यूएई के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने तथा राज्य में निवेश के नए अवसर तलाशने पर चर्चा की गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, माझी ने ओडिशा के अनुकूल कारोबारी माहौल, मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र और प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया तथा यूएई के निवेशकों को राज्य में अवसर तलाशने का न्योता दिया। बयान में कहा गया कि माझी एल्युमीनियम क्षेत्र के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक गोलमेज बैठक में भी शामिल होंगे, जिसमें ओडिशा के एल्युमीनियम क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। बयान के अनुसार, इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल (आईबीपीसी) के साथ भी एक बैठक प्रस्तावित है।

# ब्रेंट क्रूड के बाद अमेरिकी कच्चा तेल भी 100 डॉलर के पार पहुंचा



न्यूयॉर्क। अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म होने के कोई संकेत नहीं मिलने के बीच अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत बृहस्पतिवार को मई के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई।

अंतरराष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड की कीमत भी 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई। अमेरिकी कच्चे तेल का प्रमुख बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) है, जबकि ब्रेंट को वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत के प्रमुख मानक के रूप में देखा जाता है। इस बीच, अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट के संकेत मिले। एसएंडपी 500 के वायदा कारोबार में 0.5 प्रतिशत और नैस्डैक में 1.1 प्रतिशत की गिरावट रही। एक रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका में थोक स्तर पर मुद्रास्फीति अब भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। उधर, यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने यूरोपीय संघ में मुद्रास्फीति पर काबू पाने के प्रयासों के तहत अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। इसके बाद यूरोप के शेयर बाजारों में भी गिरावट रही। जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.7 प्रतिशत नीचे रहा।

# बिहार में बिजली की अधिकतम मांग 9.5 गीगावाट तक पहुंची

नयी दिल्ली। बिहार में बिजली की अधिकतम मांग करीब 9.5 गीगावाट तक पहुंच गई है और सरकार भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार तैयारी कर रही है।

राज्य के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के ऊर्जा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती थी। मंत्री ने कहा कि लगातार बिजली आपूर्ति उनकी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। राज्य ने बिजली क्षेत्र में प्रगति की है और आज शहरी क्षेत्रों में 23 से 24 घंटे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 22 से 23 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। बिहार 2.22 करोड़ उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति कर रहा है और 9,475 मेगावाट की अधिकतम मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है। कुमार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य के हर घर तक बिजली पहुंचाना है और भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए बिजली के बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा जाएगा। केंद्र की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में उन्होंने कहा कि राज्य में यह पहल अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। सरकार का लक्ष्य इस साल 10 लाख घरों में सौर ऊर्जा की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश अगस्त में चार माह के उच्च स्तर पर




नयी दिल्ली। निवेशकों की छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित योजनाओं में मजबूत दिलचस्पी के चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अगस्त के दौरान 29,328.62 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो चार महीने में सबसे अधिक है। जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में 24,697 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इस लिहाज से अगस्त में निवेश करीब 19 प्रतिशत अधिक रहा।

व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये खुदरा निवेश भी मजबूत बना रहा। अगस्त में एसआईपी के जरिये मासिक योगदान बढ़कर रिकॉर्ड 32,297 करोड़ रुपये हो गया, जो जुलाई में 31,961 करोड़ रुपये था। अगस्त 2025 में जुटाए गए 28,265 करोड़ रुपये की तुलना में इस बार एसआईपी योगदान करीब 14 प्रतिशत अधिक रहा। ताजा आंकड़ों के बाद चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में एसआईपी के जरिये कुल संग्रह करीब 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है। म्यूचुअल फंड उद्योग में कुल शुद्ध निवेश हालांकि अगस्त में गिरकर 41,353 करोड़ रुपये रह गया, जो जुलाई में 2.36 लाख करोड़ रुपये था। इसकी मुख्य वजह ऋण-केंद्रित योजनाएं रहीं, जिनमें अगस्त में 8,127 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई, जबकि जुलाई में इनमें 1.88 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इसके बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अगस्त के अंत में बढ़कर 87.07 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो जुलाई के अंत में 85.75 लाख करोड़ रुपये थीं। इक्विटी श्रेणी में छोटी कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित फंड में पिछले माह सबसे अधिक 7,973 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। इसके बाद मझोली कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित फंड में 6,989 करोड़ रुपये और फ्लेक्सी-कैप फंड में 5,059 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। हालांकि, बड़ी कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित फंड से 1,147 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। इक्विटी-केंद्रित योजनाओं में अगस्त का 29,328.62 करोड़ रुपये का निवेश अप्रैल के बाद सबसे अधिक रहा। अप्रैल में इन योजनाओं में 38,440 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। मई में यह 22,908 करोड़ रुपये और जून में 28,973 करोड़ रुपये रहा था। उद्योग निकाय एम्फी के मुख्य कार्यकारी वेंकट चलसानी ने कहा कि अगस्त में कुल 26 योजनाएं शुरू की गईं, जिनसे 7,110 करोड़ रुपये जुटाए गए।

# आधार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में काम जारी



नयी दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौरभ विजय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में काम जारी है ताकि प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) को इस डिजिटल पहचान प्रौद्योगिकी का लाभ मिल सके।

यूआईडीएआई के शीर्ष अधिकारी ने वित्तीय प्रौद्योगिकी सम्मेलन ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में एक परिचर्चा के दौरान कहा कि उनकी महत्वाकांक्षा आधार के बुनियादी ढांचे को वैश्विक स्तर का सर्वश्रेष्ठ बनाना है, जिससे इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार में मदद मिले। आधार को अब अंतरराष्ट्रीय बनाने पर ध्यान है। हम अलग-अलग प्रणालियों के बीच तालमेल की व्यवस्था पर काम करना चाहते हैं, ताकि आधार का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्तेमाल अधिक आसान हो सके। इसके लिए संकल्पना के स्तर पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि आधार को अंतरराष्ट्रीय बनाने की दिशा में कानूनी ढांचे पर भी काम चल रहा है। साथ ही, ओसीआई के लिए आधार उपलब्ध कराने संबंधी नीतियां तैयार की जा रही हैं, जिससे निवेश को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इस सम्मेलन के दौरान तीन उत्पाद पेश किए हैं जिनमें से कुछ का अंतरराष्ट्रीय विस्तार हो सकता है। यूआईडीएआई वित्तीय लेनदेन के प्रमाणीकरण के लिए एनपीसीआई के साथ करीबी तौर पर काम करता है। यूआईडीएआई छोटे व्यापारियों को केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रक्रिया के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण की सुविधा देने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर रहा है। आधार प्रमाणीकरण के जरिये डिजिटल केवाईसी से ग्राहकों को जोड़ने की प्रक्रिया आसान हुई है।

## पेज एक का शेष

### आज से

है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार विवादों और भू-राजनीतिक बदलावों से पैदा हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच, हम खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी प्रमुख कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान दे रहे हैं। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, अल्प विकसित या अविकसित के रूप में जाना जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। नयी दिल्ली में यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया संकट (खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी) और (अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप प्रशासन की व्यापार व शुल्क (टैरिफ) नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों का सामना कर रही है। शिखर सम्मेलन में अब केवल दो दिन बचे हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि समूह के सदस्य देश किसी संयुक्त बयान पर आम सहमति बना पाए हैं या नहीं, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मतभेद बने हुए हैं। यह समूह आम सहमति के आधार पर काम करता है।

### भारत सुरक्षित

इनके लाभ पूरी मानवता तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसरो के साथ-साथ भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ...1960 के दशक में थुंबा से भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से फ्रांस एक भरोसेमंद साझेदार रहा है। आज हमारा सहयोग पृथ्वी अवलोकन और उन्नत प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता को मानवीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है। हम फ्रांस और दुनिया को भारत के अगले चरण के अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयात्री बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण वसुधैव कुटुंबकम यानी एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना पर आधारित है और यही भावना पृथ्वी से आगे अंतरिक्ष तक भी पहुंचनी चाहिए।

### यूपी में 17

और आवंटित विधानसभाओं में जाकर जनप्रतिनिधियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी हो और सेवा, सुशासन तथा विकास की उपलब्धियों को वास्तविक लाभार्थियों की कहानियों के माध्यम से सामने लाया जाए। अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को सेवा दिवस : आशीर्वाद का दीया से होगी। शाम सात बजे लाभार्थी परिवारों और प्रमुख विकास परियोजनाओं के स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी दिन विश्वकर्मा जयंती पर सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में विश्वकर्मा पूजन और शिल्पकारों को टूलकिट वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों में मौजूद रहने को कहा है। 18 सितंबर से प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में ह्यनमो सेवा : अनकही कहानियां कार्यक्रम होंगे। स्थानीय कलाकारों के जरिए नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सेवा, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास की कहानियां जनता तक पहुंचाई जाएंगी। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी जोड़ा जाएगा। सेवा की कहानी अभियान के तहत 25 लाख लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव की वास्तविक कहानियां 60 सेकंड की रील के माध्यम से सामने लाई जाएंगी। इनमें आवास, स्कूल, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो और विश्वविद्यालय जैसी परियोजनाओं के साथ आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के लाभार्थी भी शामिल होंगे।

### स्वतंत्रता आंदोलन

लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने पद से इस्तीफा देकर स्वाधीनता आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका जारी रखी। भारत छोड़ो आंदोलन समेत समय-समय पर हुए स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न बड़े आंदोलनों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में देश की आजादी के साथ पंडित गोविंद बल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बने। उस समय उत्तराखंड भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। ऐसे में इतने बड़े राज्य की व्यवस्था को सुशासन के मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के साथ ही आर्थिक उन्नयन और समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों के लिए उन्होंने काम किया।

### यूपी में तीन

अधिकारी शामिल रहे। क्राउन होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी क्राउन पैकेजिंग इंडिया प्रा. लि. उन्नाव के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) में भारत की अपनी पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर रही है। करीब 40 एकड़ में बनने वाले इस प्लांट में 2,078.44 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। बुधवार को परियोजना का भूमिपूजन भी हो चुका है। प्लांट की शुरूआती क्षमता 116.2 करोड़ एल्युमिनियम कैन सालाना होगी, जिसे आगे बढ़ाकर 178.6 करोड़ कैन प्रतिवर्ष किया जा सकेगा। परियोजना से 209 प्रत्यक्ष और 1,500 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनने की उम्मीद है। बॉल बेवरेज पैकेजिंग इंडिया प्रा. लि. मेरठ आईएमएलसी में करीब 40 एकड़ में एल्युमिनियम बेवरेज कैन की अत्याधुनिक इकाई स्थापित करने के लिए 2,913 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव लेकर आई है। यूपीडा इस परियोजना को फैसिलिटेट कर रहा है। बॉल के आने से पश्चिमी यूपी में पैकेजिंग उद्योग को नई मजबूती मिलने के साथ बेवरेज, एफएमसीजी, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में भी निवेश के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। उन्नाव आईएमएलसी में कैनपैक इंडिया भी करीब 26 हेक्टेयर में ग्रीनफील्ड एल्युमिनियम बेवरेज कैन प्लांट स्थापित कर रही है। परियोजना में 1,574.62 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। इसकी अनुमानित उत्पादन क्षमता करीब 130 करोड़ कैन प्रतिवर्ष होगी। तीनों कंपनियों के निवेश का असर केवल कैन उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा। इनके आसपास कच्चे माल, मशीनरी, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, मेंटेनेंस और अन्य एंसिलरी उद्योगों की मांग बढ़ेगी। स्थानीय एमएसएमई और सप्लायर ग्लोबल कंपनियों की सप्लाई चेन का हिस्सा बन सकेंगे। यूपी में बढ़ते बेवरेज और फूड प्रोसेसिंग उद्योग को भी पैकेजिंग की स्थानीय आपूर्ति मिलेगी। इससे परिवहन लागत और सप्लाई टाइम घटने के साथ प्रदेश में एकीकृत एल्युमिनियम पैकेजिंग इकोसिस्टम विकसित होने की संभावना है।

### नाबालिगों के

किसी बच्चे के साथ उनके द्वारा किया गया कोई भी अनुबंध शुरू से ही अमान्य है और उसके आधार पर उठाए गए सभी कदमों को तत्काल रोक दिया जाए। याचिका में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 11 के तहत नाबालिगों को अनुबंध करने का कानूनी अधिकार नहीं है, इसके बावजूद उन्हें सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल मंचों पर स्वतंत्र रूप से खाते बनाने और उनका इस्तेमाल करने की अनुमति है।

### एक भारत, श्रेष्ठ

को याद करने का अवसर है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सिख गुरुओं की महान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु साहिबान ने समाज को अन्याय के खिलाफ निर्भीकता से खड़े होने, जरूरतमंदों की मदद करने और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाया। उनके जीवन और संदेश में त्याग, साहस, समानता तथा राष्ट्रहित की भावना दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि इन्हीं आदर्शों के कारण सिख परंपरा भारत की एकता, भाईचारे और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करने वाली महत्वपूर्ण विरासत है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के विभिन्न क्षेत्रों में पंजाबी समाज की सक्रिय भागीदारी रही है। सैन्य क्षेत्र में देश की सीमाओं की सुरक्षा से लेकर कृषि में अन्न उत्पादन, कारोबार और उद्योगों को आगे बढ़ाने तथा प्राकृतिक आपदाओं एवं संकट की परिस्थितियों में राहत और सेवा कार्यों तक समाज ने निरंतर योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर पंजाबी समाज ने देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी मजबूत पहचान कायम की। समाज की उद्यमशीलता ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति दी, बल्कि रोजगार और विकास के नए अवसर भी पैदा किए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पंजाबी समाज के संघर्षपूर्ण इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि 1947 का विभाजन समाज के लिए बेहद पीड़ादायक दौर था। बड़ी संख्या में परिवारों को अपना घर, जमीन और स्थापित जीवन छोड़कर अनजान स्थानों पर नई शुरूआत करनी पड़ी।

### बाबा नीब

भवन, मुख्य द्वार और सार्वजनिक उपयोग की सुविधाएं विकसित की गई हैं। नीब करोरी बाबा सर्किट में बाबा के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को एक पर्यटन मार्ग से जोड़ा जा रहा है। इसमें फिरोजाबाद का अकबरपुर, फरुर्खाबाद का नीब करोरी बाबा आश्रम धाम मंदिर, लखनऊ का हनुमान सेतु मंदिर और वृंदावन स्थित समाधि मंदिर शामिल हैं। वृंदावन में बाबा ने वर्ष 1973 में महासमाधि ली थी। वहीं फरुर्खाबाद स्थित आश्रम से भी बाबा की साधना जुड़ी मानी जाती है। इस सर्किट के जरिए श्रद्धालु बाबा की जन्मस्थली से लेकर उनकी महासमाधि स्थली तक की आध्यात्मिक यात्रा को एक ही पर्यटन मार्ग में देख सकेंगे। महासमाधि दिवस पर यूपीएसटीडीसी ने बाबा नीब करोरी के पांच विशेष टूर पैकेज शुरू किए हैं। इनमें 2, 3 और 5 दिन की यात्राएं शामिल हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और मांग के आधार पर इनका संचालन दिल्ली और लखनऊ से किया जाएगा। इस पहल से देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाबा से जुड़े प्रमुख स्थलों की यात्रा आसान होने की उम्मीद है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि नीब करोरी बाबा का महासमाधि दिवस आस्था, सादगी और सेवा के संदेश को स्मरण करने का अवसर है।

### जालौन व

में सचिव के पद पर कर दिया गया है विवेक श्रीवास्तव के ट्रांसफर होने के बाद यह पद रिक्त था वहीं एलडीए में संयुक्त सचिव अतुल कुमार को कुल सचिव भातखण्डे विश्वविद्यालय व अपर निदेशक संस्कति विभाग बनाया गया है इसी तरह राजेश कुमार सिंह उपजिलाधिकारी बदांयू को अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति कानपुर नगर, संजय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी गोण्डा को उपनिदेशक प्रशासन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल, प्रमोद झा नगर मजिस्ट्रेट झांसी को अपर जिलाधिकारी गोण्डा व योगेश्वर सिंह उपजिलाधिकारी कुशीनगर को नगर मजिस्ट्रेट झांसी बनाया गया है।

### चीन : मालवाहक

चिनफिंग ने खोज और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। खबर में कहा गया है कि चीन में किसी दुर्घटना के बाद शीर्ष नेतृत्व की ओर से इस तरह के निर्देश जारी किया जाना एक दुर्लभ घटनाक्रम है। शिन्हुआ की खबर के अनुसार, चिनफिंग ने पीड़ितों को तुरंत सहायता सुनिश्चित करने, आग लगने की वजह की तेजी से जांच करने और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के भी निर्देश दिए हैं। चिनफिंग ने सभी क्षेत्रीय प्रशासनों और संबंधित विभागों से कहा है कि वे इस हादसे से सबक लें।




# पूर्व क्षेत्र ने जीती दलीप ट्रॉफी

## दक्षिण क्षेत्र को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराया, 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी अपने नाम की

एजेंसी




चेन्नई। पूर्व क्षेत्र ने फाइनल में पूरी तरह से बनाए दबदबे को खिताबी जीत में तब्दील करते हुए बृहस्पतिवार को यहां दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ ड्रॉ हुए मुकाबले में पहली पारी की बढ़त के आधार पर 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी अपने नाम की। पूर्व क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 388 रन बनाए जिससे उसकी कुल बढ़त 760 रन तक पहुंच गई। इसके बाद मुकाबला ड्रॉ घोषित कर दिया गया। मोहम्मद कोनेन कुरैशी ने इस मुकाबले में शतक बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने नाबाद 116 रन बनाए जो उनके केवल दो मैच पुराने प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक है। कुरैशी ने अनुकूल रॉय (64) के साथ सातवें विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीवी मिलिंद की गेंद पर दो रन लेकर 179 गेंद में अपना शतक पूरा किया। हालांकि दोनों टीम के खिलाड़ियों के दोपहर दो बजकर 10 मिनट पर हाथ मिलाने और मैच ड्रॉ घोषित होने से काफी पहले ही पूर्व क्षेत्र ने पहली पारी में 708 रन बनाकर खिताब लगभग तय कर लिया था।

इस विशाल स्कोर की बदौलत टीम ने पहली पारी में 372 रन की बढ़त हासिल की थी। पूर्व क्षेत्र ने दूसरी पारी में भी दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों को बेअसर साबित किया। पांच विकेट पर 212 रन से दिन की शुरुआत करने वाली इशान किशन की अगुआई वाली टीम को पहली पारी की तरह ही दिशाहीन गेंदबाजी कर रहे दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाज अधिक परेशान नहीं कर पाए। अनुभवी मोहम्मद सिराज कुछ समय के लिए पूरे जोश, तेजी और आक्रामकता के साथ गेंदबाजी करने आए। व्यक्तिगत रूप से उनका प्रयास संतोषजनक रहा लेकिन टीम के लिहाज से वह बेअसर साबित हुए। सिराज को दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला और दक्षिण क्षेत्र का कमजोर बल्लेबाजी प्रदर्शन भी उसके टीम चयन की खामियों को उजागर करता है। दक्षिण क्षेत्र प्रबंधन ने करुण नायर, मयंक अग्रवाल और साई किशोर जैसे फॉर्म में चल रहे तथा अनुभवी खिलाड़ियों को नजरअंदाज किया और उनकी जगह शामिल किए गए खिलाड़ी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। इसके विपरीत पूर्व क्षेत्र के कई खिलाड़ियों ने अवसर का पूरा फायदा उठाया। कप्तान किशन ने पहली पारी में शानदार 270 रन बनाकर लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी तैयारी का मजबूत संकेत दिया।

वहीं अपने 100वें प्रथम श्रेणी मैच में खेल रहे अनुभवी मोहम्मद शमी ने भी जुझारू प्रदर्शन करते हुए कुछ युवा खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। कुमार कुशाग्र ने छठा प्रथम श्रेणी शतक लगाया जबकि झारखंड के उनके साथी शिखर मोहन ने तकनीक और संयम से भरी शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। किशन की कप्तानी भी शानदार रही। टीम के विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद टीम का प्राथमिक लक्ष्य स्पष्ट था, दक्षिण क्षेत्र के सभी 10 विकेट हासिल करना और पहली पारी की बढ़त सुनिश्चित करना। किशन ने अपनी रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब आप टीम के कप्तान होते हैं तो सबसे पहली चीज परिस्थितियों को समझना होती है। हमने लगभग दो दिन बल्लेबाजी की। अब एक इकाई के तौर पर हम जानते थे कि यह मूल रूप से पहली पारी का मुकाबला है। किशन ने कहा, इसलिए, हमारा मुख्य काम उन 10 विकेट को चटकाना और बढ़त हासिल करना था। अगर हमारे पास पहली पारी की बढ़त (खिताब जीतने के लिए पर्याप्त) है तो मैं इस तपती गर्मी में दोबारा मैदान पर क्यों उतरना चाहूंगा? उनके इस बयान ने घरेलू नॉकआउट मुकाबलों को पांच दिन तक खींचकर नतीजा हासिल करने के उद्देश्य और सिर्फ पहली पारी में बढ़त लेकर खिताब जीतने की रणनीति के बीच के विरोधाभास को उजागर किया। वहीं दूसरी ओर फिट हुए वॉशिंगटन सुंदर ने बृहस्पतिवार को भारतीय टीम के दोपहर के नेट सत्र में जमकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया जबकि टीम प्रबंधन अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली तीन मैच की सीरीज से पहले जसप्रीत बुमराह और नीतिश रेड्डी के टीम से जुड़ने का इंतजार कर रहा था।

वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन और तिलक वर्मा ने चेन्नई में दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेला। इसके कारण दिल्ली की भीषण गर्मी में प्रशिक्षण के लिए केवल 10 खिलाड़ी ही उपलब्ध थे। बुमराह चोट से उबर चुके हैं और उन्होंने मैदान पर वापसी से जुड़े सभी प्रोटोकॉल पूरे कर लिए हैं। वह नीतिश रेड्डी के साथ शुक्रवार से टीम के अभ्यास सत्र में शामिल होंगे। वॉशिंगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले की निगरानी में सिंगल-विकेट ड्रिल में काफी गेंदबाजी की। वॉशिंगटन ने मुख्य मैदान के अंदर सेंटर नेट्स में काफी नियंत्रित तरीके से गेंदबाजी की। हालांकि आयु वर्ग और डीपीएल टीम से चुने गए नेट गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय वह कुछ असहज नजर आए।

उनके शॉट्स में टाइमिंग नहीं थी और बल्लेबाजी में सहजता भी साफ तौर पर नजर नहीं आई। हर्षित राणा के स्थान पर टीम में शामिल किए गए यश ठाकुर ने भी स्पॉट बॉलिंग का अभ्यास करते हुए खूब पसीना बहाया। फिरोजशाह कोटला के बी नेट्स में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने बारी-बारी से अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का सामना किया। वहीं 45 मिनट चले इस अभ्यास सत्र के दौरान अभिषेक शर्मा ज्यादा सहज नजर आए। उन्होंने स्पिनरों और दिल्ली के ऑफ-स्पिनर ज्तिक शौकीन के खिलाफ भी आक्रामक बल्लेबाजी की।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल बृहस्पतिवार को उपस्थित नहीं थे क्योंकि वह श्रीलंका से अपने घर लौट गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, मोर्ने का वर्क वीजा खत्म हो गया था। उन्हें अपने वर्क वीजा के नवीनीकरण के लिए दक्षिण अफ्रीका वापस जाना पड़ा। हमें उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिनों में लौट आएंगे। बीसीसीआई भारतीय टीम के वरिष्ठ फिजियो कमलेश जैन को हटाने की पूरी तैयारी में है। पिछले छह से आठ महीनों में खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने की घटनाओं ने टीम की योजनाओं को काफी प्रभावित किया है। सूत्र ने बताया, कमलेश का नोटिस पीरियड चल रहा है।

## विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में भारत ने चार स्वर्ण सहित, 15 पदक जीते



अहमदाबाद। मेजबान भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण में चार स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। पदक तालिका में हालांकि भारत पांच स्वर्ण पदक जीतने वाले चेक गणराज्य से पीछे दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने दो स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता ने भारत के पैरा तीरंदाजों को 18 से 24 अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयारी का अच्छा मौका मिला।

भारत की स्वर्ण पदक जीतने की मुहिम का नेतृत्व पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर सिंह ने किया। उन्होंने विजय सुंडी के साथ मिलकर पैरा रिकर्व पुरुष युगल का खिताब जीता। हरविंदर ने प्रतियोगिता अंतिम दिन भावना के साथ जोड़ी बनाकर पैरा रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। श्याम सुंदर स्वामी और तोमन कुमार ने पैरा कंपाउंड पुरुष युगल में भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया, जिसके बाद विश्व चैंपियन और पेरिस पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता शीतल देवी ने पैरा कंपाउंड महिला वर्ग में व्यक्तिगत खिताब जीता। सरिता ने भी कांस्य पदक जीतकर शीतल देवी के साथ पोडियम पर अपनी जगह बनाई। भारत के तीन रजत पदक भावना और पूजा ने पैरा रिकर्व महिला युगल में, तन्वी इंगले ने दृष्टिबाधित वर्ग में और स्वाति चौधरी और आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी ने महिला प्रथम श्रेणी की मिश्रित टीम स्पर्धा में जीते। भारत ने आठ कांस्य पदक भी जीते, जिसमें युगल गर्ग ने दृष्टिबाधित वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। स्वाति चौधरी ने महिला वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि शीतल देवी और विश्व चैंपियन तोमन कुमार ने पैरा कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया।

इससे पहले तोमन ने पैरा कंपाउंड पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था, जबकि भावना ने पैरा रिकर्व महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर तीन पदक जीते। इसके बाद स्वाति ने वसुंधरा तेओतिया के साथ महिला प्रथम श्रेणी के युगल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीता, जिससे उनके पदकों की कुल संख्या दो हो गई। आदिल ने विनायक ब्रीड के साथ जोड़ी बनाकर महिला वर्ग के पुरुष युगल में कांस्य पदक जीतकर कुल दो पदक हासिल किए।

## संक्षेप

### 7 फरवरी को होगी गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय मैराथन

गुवाहाटी। गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय मैराथन के पहले सत्र का आयोजन यहां अगले साल सात फरवरी को किया जाएगा जिसमें करीब 12 हजार प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। पीएमजी स्पोर्ट्स एलएलपी द्वारा आयोजित इस मैराथन की घोषणा बृहस्पतिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर की मौजूदगी में की। असम पर्यटन विकास निगम (एटीडीसी) इस मैराथन से राज्य प्रायोजक के तौर पर जुड़ा रहेगा। मैराथन की कुल पुरस्कार राशि एक करोड़ 25 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री सरमा ने बयान में कहा, हम इसे एक स्थायी खेल विरासत की शुरुआत के तौर पर देखते हैं। एक ऐसा वार्षिक आयोजन जो लोगों को फिटनेस के लिए प्रेरित करेगा। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा और राज्य के लिए नए अवसर पैदा करेगा। मैं आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। गावस्कर ने कहा, मेरा मानना है कि गुवाहाटी के लिए दुनिया के प्रमुख मैराथन शहरों में शामिल होने का यह सही समय है। हमारा लक्ष्य गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय मैराथन को एक प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन के रूप में विकसित करना है जिसमें दुनिया भर के शीर्ष धावक हिस्सा लें।

### सैंटनर ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के लिए बीबीएल का प्रस्ताव ठुकराया

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला को प्राथमिकता देते हुए बिग बैश लीग (बीबीएल) के अनुबंध को ठुकरा दिया। सैंटनर से एडिलेड स्ट्राइकर्स ने संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया क्योंकि न्यूजीलैंड का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यस्त कार्यक्रम है। सैंटनर ने न्यूजीलैंड हेराल्ड से कहा, न्यूजीलैंड की टीम का आगामी कार्यक्रम काफी व्यस्त है।

इस दौरान भारत के खिलाफ सीमित ओवरों के अलावा टेस्ट मैच भी खेले जाएंगे जबकि टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है। इससे बड़ा कोई और मौका नहीं हो सकता। यह वाकई रोमांचक समय है। मैं इसका हिस्सा बनना चाहूंगा। उन्होंने कहा, मुझे अच्छी पेशकश की गई थी। मैंने इस पर विचार किया लेकिन आगामी मैचों में मेरी भूमिका होगी, भले ही मैं टेस्ट क्रिकेट के हर मैच में न खेलूं।

## भारत - अफगानिस्तान टी-20 मुकाबला कल से

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कारण मैच की तारीख बदलने के अनुरोध के बावजूद भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच तय कार्यक्रम के अनुसार 13 सितंबर को ही खेला जाएगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान इस तीन मैच की सीरीज में भारत की मेजबानी कर रहा है। सभी मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 13, 15 और 17 सितंबर को खेले जाने हैं। डीडीसीए ने एक्स पर लिखा, 13 सितंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रय मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही खेला जाएगा। डीडीसीए ने कहा, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक के बाद डीडीसीए को सभी आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाओं का आश्वासन दिया गया है। मैच स्थगित नहीं होगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने डीडीसीए से पहले मैच को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया था। पुलिस ने इसके पीछे सप्ताहांत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए की जा रही व्यापक यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं का हवाला दिया था।

### 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 301 करोड़ आवंटित

गांधीनगर। गुजरात सरकार ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारियों के लिए 301 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं जिसमें मेजबानी शुल्क के भुगतान के लिए 200 करोड़ रुपये शामिल हैं। राज्य विधानसभा को बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। खेल और युवा सेवा विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। यह सवाल कांग्रेस विधायक अमित चावड़ा ने पूछा था। संघवी ने पुष्टि की कि गुजरात को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार मिल गया है। उन्होंने बताया कि राज्य ने खेलों के लिए मेजबान सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## भारत ने बांग्लादेश को दिया150 रन का लक्ष्य

एजेंसी

दुबई। भारत ने विमेंस टी-20 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 150 रन का टारगेट दिया है। दुबई में भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए।

> विमेंस एशिया कप सेमीफाइनल में शेफाली ने 64 रन बनाए, 7 चौके और 3 छक्के लगाए



शेफाली वर्मा ने 40 गेंद पर 64 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर 24 रन बनाकर नाबाद लौटीं। विकेटकीपर ऋचा घोष ने 21 रन बनाए। स्मृति मंधाना सिर्फ 2 रन बना सकीं। भारत ने पारी की आखिरी 2 गेंद पर 2 विकेट गंवा दिए। पहली 4 गेंद पर दीप्ति शर्मा ने एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 12 रन बनाए। हालांकि पांचवीं गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में मिड-ऑफ पर कैच थमा बैठीं।

वहीं आखिरी गेंद पर सिंगल चुराने की कोशिश में भारती फुलमाली रन आउट हुईं। भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन बनाए हैं। 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर नाहिदा अक्तर ने ऋचा घोष को आउच कर भारत को चौथा झटका दिया। ऋचा बड़ा शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर निकलीं। गेंद बाहर की तरफ टर्न हुई और ऋचा पूरी तरह चकमा खा गई।

इसके बाद विकेटकीपर निगार सुल्ताना ने आसानी से स्टंपिंग किया। ऋचा ने 16 गेंद में 21 रन बनाए। फहीमा खातून के 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आगे बढ़कर हरमनप्रीत कौर ने सामने की तरफ छक्का लगाया। हालांकि, अगली गेंदों पर फहीमा ने अपनी गति धीमी की। इसे हरमनप्रीत और ऋचा बड़े शॉट नहीं लगा सकी। इस ओवर से भारत को 9 रन मिले। फातिमा खातून ने पारी का 15वां ओवर फेंका। उन्होंने इस ओवर में सिर्फ 4 रन दिए।

### अर्जेंटीना मैच में अनियमितताओं की होगी विस्तृत जांच

कोच्चि। केरलम के खेल मंत्री ओ जे जानीश ने बृहस्पतिवार को कहा कि अर्जेंटीना की टीम और सुपरस्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के साथ प्रदेश में फुटबॉल मैच कराने के पिछली सरकार के प्रयास में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच की जायेगी। पूर्व खेल मंत्री वी अब्दुरहमान ने कथित अनियमितताओं की जांच के लिये विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन को लेकर मौजूदा सरकार और खेल मंत्री की आलोचना की थी जिसके बाद जानीश ने पत्रकारों से यह बात कही। जानीश ने कहा, पिछली सरकार अपने प्रयासों में नाकाम रही और अर्जेंटीना टीम ने दूसरे देशों में दोस्ताना मैच खेले।

## 2027 विश्व कप अभी बहुत दूर : रोहित

एजेंसी




मुंबई। भारत के स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा ने अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बृहस्पतिवार को यहां कहा कि अक्टूबर 2027 अभी बहुत दूर है। यहां एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व कप्तान ने एक पंक्ति में जवाब दिया। टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण रोहित के वनडे प्रारूप में भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रहे हैं। रोहित ने कार्यक्रम के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, अक्टूबर 2027 अभी बहुत दूर है, तब देखेंगे। वनडे विश्व कप 2027 की सह-मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। उनसे यह भी पूछा गया कि क्या भारत के खिताब जीतने पर प्रशंसकों के साथ जश्न मनाने के लिए खुली बस में परेड आयोजित की जाएगी, ठीक उसी तरह जैसे 2024 में रोहित के नेतृत्व वाली टीम ने वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीतने के बाद मुंबई में विजय परेड निकाली थी। रोहित ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अब बस परेड संभव होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कुछ दिन पहले स्पष्ट कर दिया था कि रोहित को लेकर अटकलों की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। रोहित ने वनडे में भारत के लिए अपने आखिरी मैच में शतक बनाया था। वहीं दूसरी ओर एक समय था जब झारखंड में क्रिकेट की चर्चा का मुख्य केंद्र महेंद्र सिंह धोनी हुआ करते थे लेकिन इस साल दलीप ट्रॉफी के लिए पूर्वी क्षेत्र की टीम में उसके पांच खिलाड़ी शामिल हैं जिससे पता चलता है कि वह बल्लेबाजी प्रतिभा का नया गढ़ बन गया है। तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता श्रीधरन शरथ ने पूर्वी क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र के बीच दलीप ट्रॉफी के फाइनल के दौरान कहा, झारखंड से कुछ बहुत अच्छे युवा क्रिकेटर आ रहे हैं। पूर्वी क्षेत्र की टीम में झारखंड के पांच खिलाड़ी कप्तान ईशान किशन, अनुभवी विराट सिंह, कुमार कुशाग्र, शिखर मोहन और अनुकूल रॉय शामिल हैं। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के सचिव सौरभ तिवारी ने पीटीआई से कहा, पूर्वी क्षेत्र की टीम में राज्य के पांच खिलाड़ियों के होने से झारखंड क्रिकेट की प्रगति का पता चलता है। यहां तक की एक और प्रतिभाशाली खिलाड़ी शरणदीप चयन के दावेदार थे। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और आईपीएल के नियमित खिलाड़ी रहे तिवारी ने कुशाग्र और मोहन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं कुमार (कुशाग्र) के प्रदर्शन से बहुत प्रभावित हूं। वह युवा हैं, लेकिन बेहद परिपक्व हैं। जहां तक रॉय का सवाल है तो वह हमारे यहां के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। तिवारी ने कहा, मोहन भी काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उन्होंने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। उम्मीद है कि वह इसे आगे भी जारी रखेंगे। कुशाग्र ने 2022 में 18 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह अभी लंबी अवधि के प्रारूप में छह शतकों की मदद से 2000 से अधिक रन बना चुके हैं, जबकि 2025-26 के सत्र में पदार्पण करने वाले मोहन ने 55 की औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक दो शतक भी लगाए हैं। तिवारी ने कहा, कुशाग्र टीम के लिए हर प्रारूप में बहुत अच्छा योगदान देते हैं। वह बड़े स्कोर बनाने के साथ 40 और 50 रन का योगदान भी देते रहे हैं जो मैच में बहुत बड़ा अंतर पैदा करते हैं। झारखंड के लिए सभी प्रारूपों में 413 मैच खेल चुके तिवारी को यह अच्छी तरह पता है कि राज्य की क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें क्या करना होगा। उन्होंने कहा, मैंने झारखंड के लिए विभिन्न आयु वर्गों में 25 साल तक क्रिकेट खेला है। इसलिए मैं उसके क्रिकेट के स्तर को जानता हूं और मुझे पता है कि कहां खामी है और कहां सकारात्मक पहलू हैं।

### अजीतेश संधू ने चेन्नई ओपन में तीन शॉट की बढ़त हासिल की

चेन्नई। भारतीय गोल्फर अजीतेश संधू ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले चेन्नई ओपन के तीसरे दौर में बिना कोई बोगी किए चार अंडर 68 का कार्ड बनाया जिससे उनकी कुल बढ़त तीन शॉट की हो गई। चंडीगढ़ के गोल्फर संधू (65-66-68) ने दिन की शुरुआत दो शॉट की बढ़त के साथ की थी। उन्होंने चार बर्डी की मदद से बिना बोगी के तीसरा दौर खेला जिससे उनका कुल स्कोर 17 अंडर 199 का हो गया। कोलकाता के विराज मदप्पा (72-67-63) ने दिन का सबसे कम स्कोर नौ अंडर 63 खेला। इसके साथ वह 14 अंडर 202 के कुल स्कोर के साथ नौ पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि बीती रात वह संयुक्त 11वें स्थान पर थे। मदप्पा दो बार डीपी विश्व पीजीटीआई खिताब जीत चुके हैं।

## कोको गॉफ वर ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी



नयी दिल्ली। वर ओपन टेनिस के विमेंस सिंगल्स में कोको गॉफ और एलेना रायबकिना सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं, जबकि मेंस सिंगल्स में एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अंतिम-4 में जगह बना ली है। गॉफ ने मिर्रा एंड्रीवा को हराया, वहीं रायबकिना ने झेंग

> एलिना रायबकिना नई वर्ल्ड नंबर-1 बनीं एलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम-4 में पहुंचे

किनवेन को 3-6, 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ रायबकिना पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बनीं। अब सेमीफाइनल में गॉफ और रायबकिना आमने-सामने होंगी। विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने पहला सेट 2-6 से गंवा दिया था। दूसरे सेट के टाईब्रेक में वह दो मैच पॉइंट पर थीं, लेकिन दोनों बचाकर सेट अपने नाम किया। इसके बाद निर्णायक सेट में उन्होंने एंड्रीवा को 6-2 से हराकर मुकाबला जीत लिया।

यह गॉफ का वर ओपन में दूसरी बार महिला सिंगल्स सेमीफाइनल है। अब उनका सामना दूसरी रायबकिना से होगा। झेंग को वर ओपन क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। रायबकिना ने झेंग के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही वह विमेंस टेनिस की नई वर्ल्ड नंबर-1 बन गईं। वह इस रैंकिंग तक पहुंचने वाली कजाकिस्तान की पहली खिलाड़ी हैं।

रायबकिना अब अपना पहला वर ओपन खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ खेलेंगी। इस साल वह ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीत चुकी हैं। वर ओपन महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में इस बार चारों टॉप-4 खिलाड़ी पहुंची हैं। नई वर्ल्ड नंबर-1 एलेना रायबकिना के अलावा आर्यना सबालेंका दूसरे, जेसिका पेगुला तीसरे और कोको गॉफ चौथे नंबर पर हैं। किसी ग्रैंड स्लैम में ऐसा 2009 के विंबलडन के बाद पहली बार हुआ है।

## भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से हराया

एजेंसी

मोक्वी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान पर 19 गोल मारकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। पाकिस्तानी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। यह महिला जूनियर हॉकी में भारत की सबसे बड़ी जीत है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को जूनियर

> जूनियर एशिया कप में सबसे बड़ी जीत, पूजा की हैट्रिक, सेमीफाइनल में पहुंची डिफेंडिंग चैंपियन

एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले हाफ में 10 और दूसरे हाफ में 9 गोल किए। भारत की पूजा मलिक ने हैट्रिक लगाई। सानिका चंद्रकांत माने, मधु सिदार और सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। रोशनी ऐंद ने भी 2 गोल किए। भारत ने पहले ही क्वार्टर में 5 गोल कर दिए थे। पूजा साहू ने 7वें मिनट में खाता खोला, रोशनी ऐंद ने 9वें, तनुश्री दिनेश कडू ने 11वें, सुखवीर कौर ने 13वें और सानिका माने ने 13वें मिनट में गोल किया। दूसरे क्वार्टर में मधु सिदार, गीता यादव, सानिका माने, तनुजा टोप्पो और पूजा मलिक ने गोल किए। इससे हाफ टाइम तक भारत 10-0 से आगे था। पूर्णिमा यादव, मधु सिदार और सुप्रिया ने तीसरे क्वार्टर में गोल किए। आखिरी क्वार्टर में कृष्णा शर्मा, पूजा मलिक, सुप्रिया, बिनीमा धन और रोशनी ऐंद ने गोल दागे। पूजा मलिक ने 49वें और 51वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोशनी ने 60वें मिनट में भारत का 19वां गोल किया। भारत ने पूरे मैच में 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। पाकिस्तान को पूरे मैच में न गोल मिला, न पेनल्टी कॉर्नर और न ही पेनल्टी स्ट्रोक।



भारत ने क्वार्टर फाइनल से पहले ग्रुप स्टेज में भी शानदार प्रदर्शन किया था। टीम ने जापान, मलेशिया और साउथ कोरिया को हराकर अपने ग्रुप में टॉप किया था। टूनामेंट में चीन के खिलाफ भारत का पिछला मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा था। भारत अब सेमीफाइनल में साउथ कोरिया और मलेशिया के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से खेलेगा। सेमीफाइनल 12 सितंबर को होगा। भारत और पाकिस्तान की जूनियर महिला टीमें गुरुवार को पहली बार आमने-सामने थी। जूनियर एशिया कप के 2023 और 2024 एडीशन में भारत चैंपियन रहा, जबकि 2021 का टूनामेंट कोविड के कारण रद्द हो गया था।

# ईरान समर्थित हूती ने मोखा पर किया कब्जा

एजेंसी



अदन (यमन)। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बृहस्पतिवार को यमन के रणनीतिक रूप से अहम बंदरगाह शहर मोखा पर कब्जा कर लिया। हूती और यमन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हूतियों के इस कब्जे को काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह इलाका लाल सागर से होकर होने वाले समुद्री परिवहन को नियंत्रित करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। मोखा बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित है। यह लाल सागर और अदन की खाड़ी के बीच एक रणनीतिक समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल और अन्य सामानों की ढुलाई होती है। फरवरी में अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित किए जाने के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बाब अल-मंदेब का महत्व और बढ़ गया है। हूती विद्रोहियों द्वारा मोखा पर कब्जे की पुष्टि एसोसिएटेड प्रेस से यमन सरकार के साथ गठबंधन वाली नेशनल रेजिस्टेंस फोर्सेज के कमांडर अहमद बाश और हूती राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य हजाम अल-असद ने की है।

## मोल्दोवा में ड्रोन घुसने के कारण जेलेंस्की को नॉर्वे ले जा रही उड़ान में देरी

चिसिनाउ (मोल्दोवा)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को मोल्दोवा से नॉर्वे ले जाने वाली एक उड़ान में इस सप्ताह की शुरुआत में उस समय देरी हुई, जब मोल्दोवा में एक ड्रोन के घुसने के कारण अधिकारियों को देश का हवाई क्षेत्र बंद करना पड़ा। सरकार के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। मोल्दोवा की पुलिस ने बताया कि मंगलवार को देश के रिस्कानी जिले के एक गांव के बाहरी इलाके में सूरजमुखी के खेत में एक रूसी ड्रोन आकर गिरा। इससे चार जगह आग लग गई, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सरकार के प्रवक्ता दुमित्रु कोरोंची ने बुधवार को बताया कि मोल्दोवा ने मंगलवार दोपहर को देश के हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया था, ताकि उस समय देश के ऊपर से उड़ान भर रहे विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके कारण तीन उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई, जिनमें जेलेंस्की को ले जाने वाली उड़ान भी शामिल थी। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्तोर ने प्रसारक एनआरके को बताया कि नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ओस्लो जा रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का विमान मोल्दोवा से उड़ान भरते समय ड्रोन की चपेट में आने से बाल-बाल बचा। जेलेंस्की मंगलवार को ओस्लो पहुंचे और बुधवार को राजा के अंतिम संस्कार में शामिल होने से पहले स्तोर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन की वायु रक्षा क्षमताओं के लिए संभावित समर्थन पर चर्चा की। मोल्दोवा के अधिकारियों ने पुष्टि की कि ड्रोन चिशिनाउ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से 160 किलोमीटर दूर आकर गिरा और उसमें विस्फोट हो गया।

# भारत और रूस नयी द्विपक्षीय निवेश संधि के लिए वार्ता में तेजी ला रहे हैं : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और रूस नई द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर बातचीत तेज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य दोनों देशों के निवेशकों को कानूनी निश्चितता प्रदान करना है।

गोयल ने यहां भारत-रूस व्यापार संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देश भारत और रूस की अगुवाई वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत जल्द पूरी करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। यूरेशियन आर्थिक संघ (ईईयू) में पांच देश आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और रूस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) समेत विभिन्न उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेगा। गोयल ने कहा, हम (भारत-रूस) नए द्विपक्षीय निवेश संधि पर बातचीत तेज कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के निवेशकों को उन परियोजनाओं और कारोबार के लिए कानूनी निश्चितता मिल सके, जिसकी वे निवेश संबंधी निर्णय लेते समय तलाश करते हैं। उन्होंने कहा, हम स्थानीय मुद्राओं में भुगतान की व्यवस्था को मजबूत करना जारी रख रहे हैं, क्योंकि जमीनी स्तर पर व्यापार को धीमा करने वाली समस्या अक्सर शुल्क नहीं बल्कि भुगतान से जुड़ी अड़चनें होती हैं।

## संक्षेप

### चार देशों से 11 सदस्यीय समूह बनने का दो दशक लंबा सफर

नयी दिल्ली। करीब एक-चौथाई सदी पहले वैश्विक निवेश कंपनी गोल्डमैन सैक्स के एक अर्थशास्त्री ने तेजी से बढ़ती चार उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए चार अक्षरों का एक संक्षिप्त नाम गढ़ा था। उन्होंने ब्रिक (ईंट) शब्द से तुकबंदी करते हुए अपनी शोध रिपोर्ट का नाम बिल्डिंग बेटर ग्लोबल इकोनॉमिक ब्रिक्स रखा था जो आगे चलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन देशों की मजबूती और दीर्घकालिक संभावनाओं का प्रतीक बन गया। यह संक्षिप्त नाम धीरे-धीरे दुनियाभर में लोकप्रिय हुआ और ब्रिक निवेश जगत की शब्दावली का हिस्सा बन गया। इसका इस्तेमाल ब्राजील, रूस, भारत और चीन के उस समूह के लिए किया गया, जिन्हें वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए भविष्य का प्रमुख वाहक माना जा रहा था। समय के साथ इस समूह का विस्तार हुआ। दक्षिण अफ्रीका के 2010 में शामिल होने के बाद इस समूह का नाम ब्रिक्स हो गया। आज के समय इस समूह में 11 सदस्य देश हैं। हालांकि, नेताओं ने इस बहुराष्ट्रीय समूह के लिए पांच अक्षरों वाले नाम ब्रिक्स को ही बरकरार रखने का फैसला किया। दिलचस्प बात यह है कि 2006 में इस समूह की पहली सरकार-स्तरीय बैठक में ईरान और पश्चिम एशिया की स्थिति पर काफी चर्चा हुई थी।

# समुद्री क्षेत्रों से तेल-गैस खोज के लिए बोली की समयसीमा 15 नवंबर तक बढ़ायी गयी

नयी दिल्ली। सरकार ने गहरे और अधिक गहरे समुद्री क्षेत्रों में तेल एवं गैस खोज के लिए बोली जमा करने की समयसीमा दो महीने और बढ़ाकर 15 नवंबर, 2026 कर दी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के मुताबिक, यह समयसीमा खुला क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) के दसवें और 11वें दौर के तहत बोली के लिए रखे गए गहरे और अधिक गहरे समुद्री क्षेत्रों के लिए बढ़ाई गई है। इन क्षेत्रों के लिए बोली जमा करने की अंतिम तारीख पहले 17 सितंबर, 2026 तक बढ़ाई गई थी। यह इस समयसीमा का एक और विस्तार है। हालांकि डीजीएच ने समयसीमा बढ़ाने का कोई कारण नहीं बताया है। लेकिन उद्योग सूत्रों ने कहा कि इस संबंध हाल में घोषित समुद्र मंथन राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना के नियमों के लंबित होने से जुड़ा हो सकता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 84,084 करोड़ रुपये की समुद्र मंथन योजना को जुलाई में मंजूरी दी थी। इसके तहत गहरे और अति-गहरे समुद्र में कुएं खोदने की लागत का 50 प्रतिशत तक खर्च सरकार वहन करेगी।

# भारत ने मलेशिया, तिमोर-लेस्त और म्यांमा के साथ कृषि सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की



नयी दिल्ली। भारत ने कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए मलेशिया, तिमोर-लेस्त और म्यांमा के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बातचीत की। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां नौवीं आसियान-भारत कृषि एवं वानिकी मंत्रिस्तरीय बैठक (एआईएमएमएएफ) से इतर तीनों देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की। एआईएमएमएएफ का आयोजन कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने किया। बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि मलेशिया के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री मोहम्मद बिन साबू के साथ बैठक में चौहान ने प्रस्तावित सहमति ज्ञापन (एमओयू) के जरिये संयुक्त कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की। इसमें कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने माना कि आनुवंशिक संसाधनों के आदान-प्रदान, व्यापार और बाजार तक पहुंच से जुड़े द्विपक्षीय मुद्दों का सहयोग के जरिये समाधान किया जा सकता है। बयान के अनुसार, तिमोर-लेस्त के कृषि, पशुधन, मत्स्य पालन एवं वानिकी मंत्री मार्कोस दा क्रूज ने बैठक में कृषि संबंधी चुनौतियों से निपटने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत के साथ मजबूत संस्थागत व्यवस्था बनाने का आग्रह किया। इसमें कहा गया कि चौहान ने वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास के जरिये तिमोर-लेस्त की मदद करने के लिए भारत की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां साझा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दा क्रूज ने कृषि, वानिकी, पशुधन और जलीय कृषि क्षेत्र की जमीनी स्तर की चुनौतियों का आकलन करने के लिए भारतीय तकनीकी एवं वैज्ञानिक विशेषज्ञों का एक दल भेजने का भी अनुरोध किया। बयान के अनुसार, म्यांमा के कृषि, पशुधन एवं सिंचाई मामलों के केंद्रीय मंत्री मिन नौंग के साथ बैठक में चौहान ने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 1,600 किलोमीटर लंबी सीमा के अलावा करीबी सांस्कृतिक संबंध भी हैं। दोनों पक्षों ने कहा कि कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप देने का काम काफी आगे बढ़ चुका है। उन्होंने दालों, कपास, डेयरी और कृषि शिक्षा के क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। बयान के अनुसार, म्यांमा की ओर से आर्थिक और कृषि संबंधों को मजबूत करने के लिए अनुकूल निवेश अवसरों का सुझाव दिया गया। बैठकों के दौरान डीएआरई के सचिव एवं आईसीएआर के महानिदेशक एम. एल. जाट, डीएआरई के अतिरिक्त सचिव एवं आईसीएआर के उप महानिदेशक ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव ए के साहू, आईसीएआर के सभी उप महानिदेशक और नवीन पी. सिंह के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय संबंध दल भी मौजूद था।

# वैश्विक वित्त के भविष्य का स्वरूप तय करने में भरोसेमंद भागीदार बन सकता है भारतः आरबीआई



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के पास वैश्विक वित्त की भावी व्यवस्था का ढांचा निर्धारित करने में एक भरोसेमंद भागीदार बनने का अवसर है।

उन्होंने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय बैंक अगली पीढ़ी की वित्तीय सेवाओं के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तैयार करने पर भी काम कर रहा है। उन्होंने एकीकृत ऋण सुविधा (यूएलआई) का उदाहरण दिया। मल्होत्रा ने कहा कि भारत का वित्तीय प्रौद्योगिकी परिवेश दुनिया में तीसरे स्थान पर है और देश में इस क्षेत्र के 30 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि केंद्रीय बैंक और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आज ही कंपनी बॉन्ड के लिए टोकन व्यवस्था की शुरुआत करेंगे। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय प्रणाली की सफलता में भरोसे को केंद्रीय तत्व बताते हुए कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को आंकड़ों या निजी सूचना को कारोबारी संपत्ति के रूप में नहीं, बल्कि ग्राहकों के हितों की रक्षा की जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। मल्होत्रा ने यह भी घोषणा की कि रिजर्व बैंक ने वित्तीय क्षेत्र के लिए दूसरे स्व-नियामक संगठन के रूप में यूनाइटेड फिनटेक फोरम को मंजूरी दी है। इससे पहले फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) को स्व-नियामक संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी।

# शक्तिशाली लोगों के हिंसक और अहंकारी होने का फैशन बन गया है : राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मणिपुर के दिवंगत संगीतकार चोंगथाम विक्रम सिंह को न्याय दिलाने का संकल्प लिया और कहा कि आजकल यह एक तरह का फैशन बन गया है कि यदि कोई शक्तिशाली है तो वह हिंसक और अहंकारी हो सकता है तथा अपनी मर्जी से कुछ भी कर सकता है।

उन्होंने यह टिप्पणी मणिपुर के दिवंगत संगीतकार चोंगथाम विक्रम सिंह के सम्मान में आयोजित एक स्मृति कार्यक्रम में कही। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा का जवाब गुस्से और नफरत से नहीं, बल्कि अपनी बात मजबूती से रखने और उस विचार के समर्थन से दिया जाना चाहिए, जिसमें व्यक्ति विश्वास करता है। विक्रम सिंह की दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के किलोकरी गांव में बीते रविवार को कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। राहुल गांधी ने कहा, यह एक त्रासदी है कि एक युवा व्यक्ति की हत्या कर दी गई। यह भी त्रासदी है कि उन पर इसलिए हमला किया गया कि उनका ताल्लुक किसी क्षेत्र (मणिपुर) से था। यह मणिपुर के लोगों के लिए भी त्रासदी है। उनका कहना था कि घटना में हिंसा, नफरत और अहंकार था।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, आजकल यह एक तरह का फैशन बन गया है कि अगर आप शक्तिशाली हैं तो आप हिंसक हो सकते हैं। अगर आप शक्तिशाली हैं तो आप अहंकारी हो सकते हैं और किसी तरह आप वह सब कर सकते हैं, जो आपका मन करे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति का जवाब गुस्से या नफरत से नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने पर हम वही कर रहे होंगे, जो विक्की (विक्रम) के साथ किया गया। गांधी ने कहा कि इसका जवाब अपनी बात व्यक्त करके, अपने विचार का समर्थन करके, अपनी प्रतिभा दिखाकर और यह कहकर दिया जाना चाहिए कि हम इस बकवास को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि विक्रम सिंह का जाना एक त्रासदी है और उन्हें उम्मीद है कि मामले में न्याय मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा, हम हिंसा के सामने नहीं झुकेंगे। यह कोई अकेली घटना नहीं थी। कभी हत्या होती है, कभी अपमान होता है। यह देश में हो रहा है। यह पूर्वोत्तर के लोगों और कई दूसरे समुदायों के साथ हो रहा है। हम इसका मुकाबला करेंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# सलीम खान को मिला राज कपूर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



मुंबई। वेटरन स्क्रीनराइटर और लिरिसिस्ट सलीम खान को हिंदी सिनेमा में योगदान के लिए 62वें महाराष्ट्र स्टेट फिल्म अवॉर्ड्स 2026 समारोह में सम्मानित किया गया। बुधवार को सेरेमनी का आयोजन हुआ, हालांकि सलीम खान खुद इसमें नहीं पहुंचे। उनकी ओर से हेलेन अवॉर्ड लेने पहुंचीं। तबीयत खराब होने के कयास पर हेलेन ने कहा है कि वो बिल्कुल ठीक हैं। वहीं रानी मुखर्जी को भी समारोह में अवॉर्ड मिला है। समारोह के बाद मीडिया

**❍ हेलन ने लिया, कहा-उनकी तबीयत ठीक, रानी मुखर्जी अवॉर्ड लेकर भावुक हुई; देवेंद्र फणडवीस ने दिया अवॉर्ड**

से बातचीत में हेलेन ने सलीम खान की सेहत का अपडेट दिया। हेलेन ने कहा, मैं सलीम साहब के लिए यह अवॉर्ड पाकर आभारी हूं। उनकी सभी फिल्में मेरी पसंदीदा हैं। उनकी सेहत बहुत अच्छी है। वे बहुत मजबूत इंसान हैं। वह आप सभी, पूरे महाराष्ट्र और भारत के लोगों को शुभकामनाएं भेजते हैं। हेलेन और सलीम खान का प्रोफेशनल रिश्ता कई दशक पुराना है। दोनों ने 1963 की फिल्म 'कबली खान' में पहली बार साथ काम किया था। इस फिल्म में हेलेन ने फीमेल लीड रोल निभाया था। सलीम खान फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आए थे। दोनों 1978 में फिल्म 'डॉन' के दौरान फिर साथ आए। अमिताभ बच्चन स्टारर इस फिल्म की कहानी सलीम-जावेद की जोड़ी ने लिखी थी। फिल्म में हेलेन ने कामिनी का किरदार निभाया था। वह लोकप्रिय गाने 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' में भी नजर आई थीं। 'डॉन' की शूटिंग के दौरान ही हेलेन और सलीम खान एक-दूसरे के करीब आए। दोनों ने 1981 में शादी कर ली। उस समय सलीम खान पहले से सलमा खान से शादीशुदा थे और उनके चार बच्चे थे। शुरूआत में इस रिश्ते को परिवार के विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि, समय के साथ हेलेन खान परिवार का अहम हिस्सा बन गईं।

रानी मुखर्जी को 62वें महाराष्ट्र स्टेट फिल्म अवॉर्ड्स 2026 समारोह में राज कपूर स्पेशल कंट्रीब्यूशन अवॉर्ड दिया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रानी मुखर्जी को यह पुरस्कार दिया। इस मौके पर सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार और फिल्म जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे। सम्मान स्वीकार करते हुए रानी ने महाराष्ट्र से अपने जुड़ाव के बारे में बात की। उन्होंने राज्य को अपने निजी और पेशेवर सफर का अहम हिस्सा बताया। रानी ने कहा, 'मेरे लिए महाराष्ट्र सिर्फ एक राज्य नहीं है। महाराष्ट्र मेरी जन्मभूमि है। यह वह जगह है, जहां मैंने अपना करियर बनाया।

## काला हिरण फिल्म पर सलमान खान की याचिका पर सुनवाई

मुंबई। दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म 'काला हिरणः द बैटल फॉर लिगेसी' पर रोक लगाने की सलमान खान की याचिका पर प्रोड्यूसर से जवाब मांगा है। जस्टिस ज्योति सिंह ने प्रोड्यूसर अमित जानी के वकील को दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सलमान खान ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। यह फिल्म कथित तौर पर 1998 के काले हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। 10 सितंबर को हुई सुनवाई में दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्ममेकर्स की तरफ से आए वकील से पूछा कि ये फिल्म कब रिलीज होगी, हालांकि इसके जवाब में वकील ने कहा है कि फिल्म अभी रिलीज के लिए तैयार नहीं है। इसके कंटेंट को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिलना बाकी है। सलमान की ओर से पेश सीनियर वकील रवि प्रकाश ने इस पर कहा, वे खुद कह रहे हैं।

## एआई से 80 के दशक के दौर में पहुंचे सेलेब्स

मुंबई। सोशल मीडिया पर 80 के दशक का रेट्रो ट्रेंड वायरल हो रहा है। इसमें लोग अक की मदद से अपनी तस्वीरों को 80 के दशक के अंदाज में बदलकर शेयर कर रहे हैं। कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रुति हासन समेत कई सेलेब्स भी इस ट्रेंड का हिस्सा बने हैं। कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एआई से बनाई तस्वीर शेयर की। इसमें दोनों रेट्रो अवतार में नजर आए। सिद्धार्थ ने डबल-डेनिम लुक के साथ डार्क एविएटर सनग्लासेस पहने। वहीं कियारा ने 80 के दशक के रंगीन फैशन को अपनाया। वह पिंक आउटफिट में नजर आईं, जिसमें पफ स्लीव्स थीं।

# सैयारा स्टार अनीत पड्डा की सीरीज हुंकार का ट्रेलर रिलीज



मुंबई। साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा से स्टार बनीं अनीत पड्डा अब सीरीज हुंकार में नजर आने वाली हैं। आज इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट मुंबई में हुआ, जहां सीरीज की पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही, हालांकि इस दौरान अन्य सेलेब्स की मौजूदगी से ज्यादा अनीत

**❍ लॉन्च इवेंट में एक्ट्रेस की इंटेंस स्पीच ने सन्नाटा बिखेरा, फातिमा सना भी पहुंचीं**

पड्डा की एक स्पीच ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। इवेंट में शोर के बीच अनीत पड्डा ने सीरीज और उसकी कहानी से जुड़ी एक इंटेंस स्पीच दी। जैसे ही अनीत ने बोलना शुरू किया, वैसे ही इवेंट का शोर सन्नाटे में तब्दील हो गया। अनीत पड्डा ट्रेलर लॉन्च पर मिनी ड्रेस पहने पहुंची। वहीं फातिमा सना शेख फॉर्मल लुक में नजर आईं। मंच पर दोनों की खास बॉन्डिंग दिखी। उनकी अपकमिंग सीरीज 25 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। सीरीज हुंकार में अनीत पड्डा के साथ फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब नजर आएंगे। सीरीज 17 साल की मीनू रावत की कहानी है, जो प्रभावशाली धर्मगुरु 'बापजी' पर यौन शोषण का आरोप लगाती है। एक बड़े शख्स पर आरोप लगाने के बाद मीनू को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, सीरीज की कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमेगी। जियोहॉटस्टार ने ट्रेलर साझा करते हुए पर लिखा, 'जब एक लड़की की आवाज टकराएगी समाज की भक्ति से, तो जीत किसकी होगी? सीरीज का निर्देशन करण डी कपाड़िया, नित्या मेहरा और हीराज मारफतिया ने किया है। इसमें रघुबीर यादव और राम कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। अनीत पड्डा ने एड फिल्म्स से एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी, जिसके बाद 2022 की फिल्म सलाम वेंकी से उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू किया। आगे वह ओटीटी सीरीज बिग गर्ल डोन्ट क्राय और युवा सपनों का शहर जैसी सीरीज का हिस्सा रहीं। इन फिल्मों और सीरीज से अनीत को पहचान नहीं मिली। अनीत पड्डा 2025 में मोहित सुरी के निर्देशन की फिल्म सैयारा में अहान पांडे के साथ नजर आईं। माउथ पब्लिसिटी से फिल्म सुपरहिट साबित हुई।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com